सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-323 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 05 मई 2024
25 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला



## निशाना

- पांच जवान घायल
- घात लगाए आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर बरसाईं अंधाधुंध गोलियां
- काफिला पूरी तरह सुरक्षित

**पुंछ।** पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शनिवार शाम आतंकियों ने घात लगाकर एयरफोर्स के काफिले पर हमला किया। काफिले में शामिल दो वाहनों में से एक को आतंकियों ने निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। हालांकि, इसमें किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। एयरफोर्स के प्रवक्ता ने एक्स पर कहा कि आतंकियों की ओर से काफिले पर शाहसितार इलाके में हमला किया गया। काफिला पूरी तरह सुरक्षित है। स्थानीय सैन्य इकाइयों की ओर से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

सुरक्षाबलों ने हमला कर भागे आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चलाया है। वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर डटे हुए हैं। पुंछ में पांच महीने के भीतर आतंकियों ने तीसरी बार सैन्य वाहनों को निशाना बनाया है। पुंछ शहर में संदिग्ध देखे जाने के बाद दो दिन से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घात लगाए आतंकियों ने सैन्य वाहनों पर शाहसितार के पास हमला किया। एयरफोर्स के दो वाहन सुरनकोट इलाके के सनई टॉप लौट रहे थे। यहां पहले से घात लगाए बैठे आतंकियों ने वाहनों के पहुंचते ही एक वाहन को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग की।

वाहन के शीशे पर 14 से 15 गोलियों के निशान देखे जा सकते हैं। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया है। अंधेरा होने की वजह से सुरक्षाबलों ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए पूरे इलाके को घेर रखा है।

### कर्नाटक सेक्स स्कैंडल

# राहुल ने रेवन्ना मामले में सिद्धरमैया को लिखी चिट्ठी

## आरोप

- महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर पीएम ने चुप्पी साधे रखी है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुई पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो। गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं।

## भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली

**नई दिल्ली।** इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ पार्टी के गठबंधन और पार्टी उम्मीदवारों के चयन के विरोध में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद, अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वह चार पूर्व कांग्रेस नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वाले चार अन्य लोगों में हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले पूर्व कांग्रेस विधायक - राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, नसीब सिंह - और दिल्ली युवा कांग्रेस प्रमुख अमित मलिक शामिल हैं। इससे पहले लवली ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने केवल पार्टी का पद छोड़ा है, पार्टी नहीं, हालांकि कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ आप नेताओं के एक वर्ग का मानना था कि वह फिर से भाजपा में शामिल होंगे। 28 अप्रैल को लवली का इस्तीफा दृष्टिकोण और धारणा के संदर्भ में पार्टी के लिए एक झटका था।

### पीएम मोदी का कानपुर में भव्य रोड शो, उत्साह के साथ लोगों ने किया वेलकम

# आपने मुझे नई ऊर्जा से भर दिया: मोदी

## उम्मीदवार

- गुरुद्वारे में मत्था टेका, खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन किया
- सीएम योगी भी साथ रहे
- मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ रही
- समर्थकों ने लगाए जय श्रीराम के नारे, की पुष्प वर्षा





**कानपुर।** कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार रोड शो किया। गुमटी इलाके से शुरू हुआ रोड शो 1.8 किमी दूर खोया मंडी पर खत्म हुआ। सीएम योगी और भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी भी साथ रहे। रोड शो के बीच मोदी ने गुमटी गुरुद्वारे में मत्था टेका। मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ रही। पीएम ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता का समर्थन लेने के लिए भव्य रोड शो और जनसभा किया। वहीं रविवार को मेगा रोड शो और जनसभा कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाएंगे।

पीएम मोदी भाजपा के नौ लोकसभा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। शनिवार को वह कानपुर में रहे तो वहीं अब रविवार को इटावा, सीतापुर और फिर अयोध्या में उनके कार्यक्रम आयोजित होंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री के आधिकारिक अकाउंट से कानपुर में रोड शो की कुछ तस्वीरें के साथ पीएम मोदी का अनुभव को साझा किया गया है। संदेश में लिखा गया है कि कानपुर के अपने परिवारजनों के अभूतपूर्व जोश और स्नेह से भावविभोर हूं। आज के रोड शो में आप सभी से मिले अपार आशीर्वाद ने मुझे नई ऊर्जा से भर दिया है। इतनी विशाल संख्या में आपकी मौजूदगी बताती है कि कानपुरवासियों को अपने मोदी से कितना लगाव है। इस दौरान मेरी माताओं-बहनों और मेरे युवा साथियों का जो उल्लास और उत्साह देखने को मिला, उससे पता चलता है कि पूरा कानपुर शहर सेवा, सुशासन और संकल्पों को साकार करने वाली सरकार के साथ है। यह भाजपा-एनडीए सरकार में हो रहे विकास में आपके विश्वास की भी एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

### मुस्लिमों में भी दिखा उत्साह

प्रधानमंत्री के रोडशो को लेकर मुस्लिम लोग भी उन्हें देखने के लिए उत्साहित थे। प्रधानमंत्री के काफिले से पहले लाल बंगला निवासी मोहम्मद इश्तियाक बाइक पर बीजेपी का झंडा लगाकर अपने तीन बेटे साहिल, आबिद और हसनैन के साथ रोड शो में जाते हुए नजर आये। इस दौरान जब उन्हें रोककर प्रधानमंत्री के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मोदी से मिलने की इच्छा जाहिर की। इस दौरान कई मुस्लिम महिलायें भी जीटी रोड पर मोदी से मिलने के लिए बुर्का पहनकर खड़ी नजर आई।

### बच्चों से लेकर बूढ़ों में दिखा मोदी का उत्साह

प्रधानमंत्री के आने से करीब एक घंटे पहले ही पुलिस ने हरिजन्दर नगर चौराहे, रामादेवी चौराहे, पीएसी मोड़ को पूरी तरह से बंद कर दिया था। बावजूद इसके प्रधानमंत्री को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जमा होने लगे। हर एक शख्स उनकी एक झलक पाने के लिए दिवाना था। इस दौरान महिलायें, बच्चे, बूढ़े सभी मोदी को देखने के लिए उत्साहित थे।

### अयोध्या में दो घंटे बिताएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दो घंटे राम की नगरी में बिताएंगे। यहां आने के बाद रामलला के दरबार में 15 मिनट तक रहेंगे। जन्मभूमि में आराध्य के दर्शन-पूजन के बाद रोड शो शुरू करेंगे। पीएम के आगमन के मद्देजनर हवाई अड्डे से बाहर निकलने के बाद सुल्तानपुर-अयोध्या और लखनऊ-गोरखपुर हाईवे के दोनों किनारों को अयोध्या धाम तक बैरिकेडिंग से जकड़ा जा रहा है। पीएम मोदी पांच मई को शाम 5:35 बजे सीतापुर के धौरहरा हेलीपैड से एमआई-17 हेलीकॉप्टर से चलकर 6:40 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से शाम 6:45 बजे सड़क मार्ग से चलकर सात बजे राम जन्मभूमि पहुंचेंगे। शाम 7:15 बजे तक रामलला के दरबार में रहेंगे। यहां पर दर्शन-पूजन करने के बाद शाम 7:15 बजे से राम जन्मभूमि पथ के पास सुग्रीव किला से रोड शो शुरू करेंगे। यहां से लता मंगेशकर चौक तक की दो किमी की दूरी एक घंटे में तय करेंगे। लता चौक पर रोड शो खत्म करने के बाद शाम 8:20 बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। यहां से रात 8:40 बजे भारतीय वायुसेना के बीबीजे एयरक्रॉफ्ट से ओड़ीसा के भुवनेश्वर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## भारतीय सेना के पास होगा दुनिया का पहला हाई एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन

**नई दिल्ली।** दूर दराज के इलाकों और हाई एल्टीट्यूड एरिया में भारतीय सेना को सामान पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर 18 हजार फीट के ऊपर कम वजन का सामान या हथियार पहुंचाने के लिए या तो हेलीकॉप्टर पर निर्भर रहना पड़ता है या फिर अगर वहां सड़क मार्ग है, तो वाहन के जरिए ही पहुंचाया जा सकता है। वहीं, अब यह काम ड्रोन करेगा, क्योंकि भारतीय सेना को 40 किग्रा पेलोड की क्षमता वाले स्वदेशी तकनीक से बने ऐरावत ड्रोन बेहद पसंद आए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इनकी डिलीवरी भी शुरू की जाएगी। फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्टरी हजरतपुर ने सैन्य ऑपरेशन के लिए 20 से 100 किग्रा का वजन ढोने की क्षमता वाले लॉजिस्टिक ड्रोनों को डिजाइन किया है, इनमें ऐरावत-1 की क्षमता 20 किग्रा, ऐरावत-2 की क्षमता 40 किग्रा है।

# भारत की धरती राम-कृष्ण की : योगी

## कसा तंज

अवधनामा संवाददाता



- सीएम ने फर्रुखाबाद से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए मांगा वोट
- हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट देना है

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात करके लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भीखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी जी के आह्वान पर फर्रुखाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था और जिन्हें विश्वास था वे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद भारत का नया रूप दिख रहा है। पहले कहीं विस्फोट और आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमापार से हैं, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमापार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छेड़ता नहीं है। मुख्यमंत्री ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की। बोले कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहले नारा लगता था कि फर्रुखाबादी चूसे गन्ना, लेकिन अब फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि 2022 में भी यहीं आया था और कहा था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी बनेगा और माफिया का रामनाम सत्य भी होगा।

# मेवात दोहरी हत्या और सामूहिक दुष्कर्म के चार दोषियों को फांसी

## आदेश

- सीबीआई स्पेशल कोर्ट का फैसला
- पुलिस व सीबीआई ने तीन बार दायर की चार्जशीट



**पंचकूला।** मेवात जिले के डिंगरहेडी गांव के एक किसान और उसकी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या और दो मौसेरी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार दोषियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। फांसी की सजा दोषी विनय, जय भगवान, हेमंत चौहान और अयान चौहान को हुई। वरिष्ठ एडवोकेट एसपीएस परमार और एडवोकेट अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि छह आरोपी तेजपाल यादव, अमित यादव, रविंदर यादव, करमजीत, राहुल वर्मा और संदीप को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। सीबीआई कोर्ट ने बरी करते हुए कहा कि इन छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ठोस सबूत नहीं पेश कर पाई। इस कारण यह इसमें शामिल नहीं पाए जा रहे हैं। इस कारण इन्हें बरी किया जा रहा है। 24 और 25 अगस्त 2016 की रात बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड सहित एक नाबालिग सहित दो युवतियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। दूसरे समुदाय के आरोपी युवतियों के साथ गैंगरेप के अलावा दंपती की हत्या कर परिवार के पांच लोगों को घायल कर भाग गए थे। वरिष्ठ एडवोकेट अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि इस वारदात को बावरिया गैंग ने अंजाम दिया था। दोषी करार दिए गए यह सभी इस गैंग से जुड़े सदस्य थे। इस मामले में पहले जांच करते हुए हरियाणा पुलिस की ओर से 21 नवंबर 2016 को चार्जशीट दायर की गई थी। इसमें चार लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में जांच सीबीआई को दी गई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले की जांच करते हुए 24 जनवरी 2018 को चार्जशीट दायर की थी।

# एसआईटी की हिरासत में एचडी रेवन्ना

## याचिका

- महिला के अपहरण का आरोप, कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

### विशेष अदालत से भी नहीं मिली राहत



मामले में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए रेवन्ना ने निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज कर दी गई। रेवन्ना के वकीलों ने अदालत से वादा किया कि अगर जमानत याचिका मंजूर कर ली गई तो वह एसआईटी की पूछताछ में शामिल होंगे। उधर एसआईटी के वकील द्वारा जमानत याचिका पर आपत्ति जताई गई थी। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने मैसूर जिले के कालेनहल्ली गांव में तलाशी की, तो एक फार्महाउस से अपहृत महिला पाई गई। बताया गया है कि यह फार्महाउस रेवन्ना के एक सहयोगी का है।

**बंगलूरू।** पेन ड्राइव कांड में फंसे जेडी-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने हिरासत में लिया है। मैसूर में उनके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। हिरासत में लेने के कुछ ही मिनट बाद एक अदालत ने इस मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में मैसूर में मामला दर्ज किया गया था। महिला के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। बेटे ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक के बेटे प्रज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। इस मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए महिला का अपहरण किया गया था। इससे पहले मामले की जांच कर रही एसआईटी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बताया था कि प्रज्वल के खिलाफ सीबीआई ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की थी, जिस दौरान उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल एक्शन लेने के लिए कहा। बैठक में एसआईटी के अधिकारियों ने सीएम को बताया कि रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। एसआईटी ने कहा कि जैसे ही प्रज्वल के एयरपोर्ट पहुंचने की जानकारी मिलेगी, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बयानबाजी

### प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को शहजादे का जवाब दिया

# संविधान बदलने की बात करती है भाजपा: प्रियंका

## सवाल

- महंगाई-रोजगार पर कभी बात नहीं करते
- 'जनता की परेशानी कैसे समझेंगे महलों में रहने वाले शहंशाह'

### 'सरकारी संपत्तियों को अरबपतियों को बेचा जा रहा'

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर क्यों प्रधानमंत्री गुजरात से चुनाव नहीं लड़ रहे? ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने राज्य की जनता का इस्तेमाल किया और फिर सब कुछ भूल गए। प्रियंका ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी की दर बीते 45 सालों में सबसे अधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम द्वारा सरकारी संपत्तियों को अरबपतियों को बेचा जा रहा है। सरकारी नौकरियों के निजीकरण की वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ गई है लेकिन इससे सरकार को कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सारी नीतियां अरबपतियों के लिए बनाई जा रही हैं।



**बनासकांठा।** लोकसभा चुनाव के बीच सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा 'पीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।' इससे पहले गुजरात में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत का अगला प्रधानमंत्री शहजादे को बनाया जाए। इसके जवाब में प्रियंका ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं और बात पाकिस्तान की हो रही है, देश के प्रधानमंत्री द्वारा निचले स्तर की राजनीति की जा रही है। प्रियंका ने कहा कि शहंशाह मोदी महलों में रहते हैं, तो वह कैसे जनता की परेशानियों को समझेंगे? पीएम नहीं समझ सकते कि जनता मंहगाई के बोझ तले दबी हुई है। भाजपा नेता दावा करते हैं कि अगर उनकी सरकार फिर से सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। जब वह संविधान बदलने की बात कर रहे हैं, तो इससे साफ है कि वह जनता को दिए गए अधिकारों को खत्म कर देंगे।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्विमिंग सूट पहनकर किड्स पूल का लिया भरपूर आनंद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में लखनऊ पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्विमिंग सूट पहनकर किड्स पूल में भरपूर आनंद लिया। पूल में सभी बच्चों गर्मी से राहत पाकर प्रफुल्लित नजर आए। अपने बच्चों को किड्स पूल में जल मे खेलते हुए देखकर सभी अभिभावक भी अत्यंत प्रसन्न हुए। विगत वर्ष विद्यालय प्रांगण में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए भी नवनिर्मित किड्स पूल का उद्घाटन विद्यालय संस्थापक एवं महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह ने किया था, ताकि बड़े बच्चों की भांति नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का भरपूर आनंद ले सकें। प्राइमरी विंग की इंचार्ज नेहा मेहरोत्रा ने सभी सुरक्षा मानको एवं शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों की स्विमिंग संपन्न कराई एवं उन्हें स्विमिंग की आवश्यक बातें भी बतायी। प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने इस आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया एवं इसका आयोजन आजकल पड रही गर्मी को देखते हुए आवश्यकता अनुसार समय-समय पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्विमिंग कराते रहने का सुझाव भी दिया।



## सकल नारायण विद्यालय में आयोजित की गई कला प्रतियोगिता

**बथुआ खास, (रायबरेली)।** सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल बथुआ खास के सैकड़ो छात्र -छात्राओं की एक कला प्रतियोगिता हुई जिसका संचालन आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी ने किया । अपनी सुन्दर कला के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रकार के नशा जैसे मद्यपान, भाँग, गांजा, चरस, हिरोइन, नशीली ड्रग्स लेते हैं उनको रोकने तथा ऐसा करने से मना करने के लिए कला के माध्यम से कैंनवास पर अनेक सुन्दर रंग उकेरे एवं नागरिकों को नशा करने से मना करने के लिए नारे भी लगाए, नशा करना पाप है, नशा मत करो आदि। इस इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा नशा करने से लोगों के घर-परिवार बिगड़ जाते हैं,नशा करने से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है उन्होंने सभी बच्चों से भविष्य में भी नशे से दूर रहने को कहा।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अर्तगत जनपद खीरी में 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रखंला में युवराज दत्त महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना तथा मतदाता साक्षरता क्लब तथा रोवर्स रेंजर्स द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप कोर्डिनेटर प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने घर घर जाकर राजगढ़ वार्ड के युवा एवं आम मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि मतदान आपका अधिकार एवं कर्तव्य दोनों है। देश में इस समय चुनाव का पर्व चल रहा है ऐसे में गर्व की बात यह है कि वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम। साथ ही नैतिक जिम्मेदारी से हम सबका प्रयास होना चाहिए कि इस पर्व में कोई भी मतदाता अपनी आहुति देने से ना छूटे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल ने युवा विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि वे लोकतंत्र के महापर्व में अपने पारिवारीय जनों को चुनाव के दिन निर्धारित बूथ तक पहुँचाने में सहयोग कर शत प्रतिशत मतदान करायें।साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी पाँच पाँच परिवारों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। भारतीय संसदीय व्यवस्था की मजबूती के लिए यह पुनीत कार्य है। मतदाता जागरूकता अभियान में प्रो संजय कुमार, प्रो, ज्योति पंत, प्रो डी के सिंह, प्रो नूतन सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित सिंह, सौरभ वर्मा, विनयतोष गौतम, देशराज वर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।

## लूट/चोरी की योजना बनाते 07 नफर अन्तर्जनपदीय शातिर लूटेरें/चोरों को चोरी करने के उपकरण के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गश्त के दौरान टीपीआरएस चौराहा से तुरकाटा रोड पर आम के बाग से लूट/चोरी की योजना बनाते 07 नफर अन्तर्जनपदीय शातिर लूटेरें/चोरों को लूट/चोरी करने के उपकरण (आलानकब, 01 चाबी, दो पेचकस, 02 प्लास, 01 जोड़ी गल्बस, आदि) , 02 मोटरसाइकिल, 01 अवैध तमंचा-कारतूस व 01 चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 427/24 धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रधानमंत्री भारत सरकार का भ्रमण / जनसभा कार्यक्रम के तहत जारी की गयी यातायात एडवाइजरी

**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री भारत सरकार का भ्रमण / जनसभा कार्यक्रम थाना क्षेत्र हरगांव जनपद सीतापुर में प्रस्तावित है जिसमें बड़ी संख्या में बसों एवं छोटे वाहनों से जनता एवं कार्यकर्ताओं का आवागमन होगा जिस कारण से लखीमपुर- हरगांव- सीतापुर मार्ग पूर्ण रूप से व्यस्त रहेगा । सुगम तथा सुचारू यातायात संचालन हेतु निम्न प्रकार से यातायात एडवाइजरी जारी की जाती है एलआरपी चौराहा से हरगांव सीतापुर की ओर बड़े वाहनों (ट्रक, ट्रैंकर, डीसीएम व अन्य कामर्शियल वाहन) का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा जिन वाहनों को एलआरपी चौराहे से हरगांव, सीतापुर, लखनऊ की ओर जाना है वह राजापुर चौराहे से खीरी कस्बा होकर लहरपुर होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जाएंगे यह डायवर्जन दिनांक 05.05.2024 को प्रातः 5:00 बजे से सायं 18.00 बजे /कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए खीरी पुलिस तथा यातायात पुलिस खीरी प्रत्येक समय उपलब्ध रहेगी यातायात व्यवस्था संबंधी किसी भी सहायता के लिए यातायात पुलिस जनपद खीरी के यातायात कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9454844045 पर संपर्क किया जा सकता है शहर में पूर्व से जारी यातायात एडवाइजरी यथावत रहेगी।

## अवैध चरस समेत एक शातिर नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर पुलिस ने थना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक आशीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर गुलाब पुत्र शराफत निवासी ग्राम खेड़ी शिकोहपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड को ग्राम गंदेवड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि दबोचे गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह नशा करने का आदी है और जो चरस उससे बरामद हुई है उसे वह उत्तराखंड से किसी राह चलते व्यक्ति से खरीदकर लाया था। आरोपी ने बताया कि चरस को वह आसपास के क्षेत्र में अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाता है।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान की समाप्ति तक 48 घंटे पूर्व व मतगणना को मदिरा की दुकानें रहेगी बन्दः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (ष्ठ्ठह्4 ष्ठड्ड4) घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0-7. एफ0एल0-9/9 ए एफ0एल0-16/17 एवं एफ0एल0-49 की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सी0एल0-2. एफ0एल0-2/2बी एवं भांग को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (ष्ठ्ठह्4 ष्ठड्ड4) घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं।

इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्टम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल की छात्रा ने ओलंपियाड में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**रायबरेली।(अवधनामा संवाददाता)** एसजेएस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर क्षेत्र के साथ साथ जनपद का नाम रोशन किया।स्कूल की छात्रा ने ओलंपियाड में जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। नवोदय चौराहा स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा अंशिका सिंह व अविशा बाजपेई ने ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र के साथ-साथ रायबरेली जनपद का नाम रोशन किया। शनिवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र व 2100 रुपए की चेक प्रदान कर छात्राओ सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ0अनुश्री सिंह ने दोनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर हौसला अफजाई किया।

## एक महिला ने मोहल्ले के एक युवक पर अश्लील वीडियो और मैसेज के साथ उसके पुत्र को जान से मार डालने की धमकी देने का लगाया आरोप

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी एक महिला ने मोहल्ले के एक युवक पर अश्लील गलियां देने के साथ मोबाइल पर अश्लील वीडियो और मैसेज के साथ उसके पुत्र को जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निकट लाइफ लाइन मेडिकल सेंटर निवासी सरोज वर्मा पत्नी स्व मयंक वर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा उसके द्वारा मोबाइल पर अश्लील वीडियो डालना, उसके पुत्र और बहू बेटी के खिलाफ गन्दी पोस्ट डालकर जान से मार डालने की धमकी देने सहित तमाम गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद भी कार्यवाही न करने पर क्षुब्ध होकर महिला ने आला अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। जब इस सम्बन्ध में सीओ अरूण कुमार सिंह से जानकारी चाही गयी तो उन्होने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है जांच करा कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## बालीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** स्थानीय विद्यालय टी0पी0आर0एस0 एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में अन्तर सदन बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। पहले मैच में टैगोर सदन ने प्रसाद सदन को 21-09 व 21-19 से पराजित किया। दूसरा मैच राजगुरू सदन व सुभाष सदन के मध्य खेला गया जिसमें राजगुरू सदन ने 21-14, 21-14 से विजय हासिल की। तीसरे मैच में सुभाष सदन का मुकाबला प्रसाद सदन से हुआ जिसमें सुभाष सदन ने प्रसाद सदन का 21-15 व 21-15 से पराजित किया। अगला मैच टैगोर सदन व राजगुरू सदन के मध्य खेला गया जिसमें 21-12 व 21-11 से टैगोर सदन विजेता रहा। अगला मैच प्रसाद सदन व राजगुरू सदन के मध्य खेला गया जिसमें राजगुरू सदन ने प्रसाद सदन को 19-21 , 21-19 व 15-09 से पराजित किया। अन्तिम लीग मैच टैगौर सदन व सुभाष सदन के मध्य खेला गया जिसमें टैगोर सदन ने सुभाष सदन को 21-10 व 21-09 से बाजी मारी। टूर्नामेंट में अरिन शुक्ला, राजेश, विकास श्रीवास्तव, अंश पटेल, युवराज, सुबहान आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन उच्च स्तरीय रहा। सम्पूर्ण टूर्नामेंट, व्यायाम शिक्षक अमन वर्मा व वरिष्ठ शिक्षक बी0सी0 चौबे की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सी0सी0ए0 इंचार्ज सरताज आलम व नेहा मौर्या का विशेष योगदान रहा। आगामी शनिवार को फाइनल मैच टैगोर सदन व राजगुरू सदन के मध्य खेला जायेगा। टैगोर सदन ने अपने तीनों मुकाबले जीते वहीं राजगुरू सदन ने तीन में से दो मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

## गोष्ठी में छात्रों को विज्ञान के महत्व की दी जानकारी

**सहारनपुर।** विज्ञान शिक्षा को अत्यधिक लोकप्रिय बनाए जाने और उभरते युवाओं को विज्ञान के प्रति अत्यधिक रूचि लेकर अध्ययन कराने को लेकर आज जेवी जैन कालेज एवं थॉपर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

आज जेवी जैन कालेज के सभागार में विज्ञान महोत्सव साइंस फेस्ट 2024 का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विज्ञान शिक्षा को लोकप्रिय बनाना और भावी छात्रों एवं युवा उभरते विद्वानों को संभावित कैरियर के रूप में विज्ञान चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत में नौकरी के अवसरों के तेजी से बदलते परिदृश्य में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित विज्ञान स्नातक छात्रों के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हो जाते हैं। रोजगार के कई वैकल्पिक रास्ते खुलने के साथ, कई छात्र अपने भविष्य के शैक्षणिक कैरियर की दुविधा में फंस गए हैं। थापर इंस्टीट्यूट ने बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचने और उन्हें विज्ञान में रुचि बनाए रखने के लिए तथा रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य की गतिविधियां शुरू की हैं। कार्यक्रम में आसपास के सात कॉलेजों के लगभग 450 बीएससी छात्र शामिल हुए। थापर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर अमजद अली ने विज्ञान में उच्च अध्ययन की संभावनाओं और कैरियर के अवसरों पर चर्चा की। थापर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर महेश शर्मा और प्रोफेसर मनोज शर्मा ने छात्रों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के एक कुशल विद्वान प्रो. पी. के. अहलूवालिया (सेवानिवृत्त) ने विज्ञान में कैरियर बनाने के बारे में एक प्रेरक बातचीत की। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एस. चौहान द्वारा एक मनोरंजक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रोफेसर एचओ गुप्ता आदि समेत स्टॉफ मौजूद रहा।

# हत्या के मुकदमें में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार
## निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर लिए। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस ऋतिक पुत्र खेमसिंह निवासी हिम्मतनगर थाना सदर बाजार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि आरोपी अंकुर कश्यप व सात अन्य आरोपियों ने उसके, उसके दोस्त व परिजनों के साथ गालीगलौच कर जान से मारने की नीयत से डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया है। घायल भानूप्रताप की इलाज के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज सदर बाजार



कोतवाली पुलिस ने कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार त्यागी व उपनिरीक्षक धीरज सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपियों रोहित उर्फ लेफ्टि पुत्र बवित कुमार व प्रवेश उर्फ गुड्डू पुत्र सुरेश निवासीगण टैगोर गार्डन नीलकंठ मंदिर के पास पेपर मिल रोड थाना सदर बाजार, अभिषेक कुमार उर्फ बकरा पुत्र राजकुमार निवासी जगदम्बा कालोनी हिम्मत नगर व विनय पुत्र जसवीर सिंह निवासी हिम्मत नगर थाना सदर बाजार को पेपर मिल रोड गीता कम्पाउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी रोहित व प्रवेश की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर लिए। कोतवाली प्रभारी श्री त्यागी ने बताया कि आरोपी रोहित उर्फ लेफ्टि ने बताया कि मैं, प्रवेश व अभिषेक कुमार, अंकुर कश्यप, विनय, अजय कुमार, विशाल व अंकुर आपस में अच्छे दोस्त हैं। कुछ दिन पहले होली पर मेरे दोस्त अंकुर कश्यप व विशाल का किसी बात को लेकर ऋतिक से झगड़ा हो गया था। विगत रात्रि इसी झगड़े का बदला लेने के लिए मेरे दोस्त अंकुर कश्यप व विशाल ने हम सभी को फोन करके बुलाया और कहा कि आज हम सब मिलकर ऋतिक को सबक सिखाएंगे।

## तीन अभियुक्तों की निशानदेही पर आला कत्ल एक कुल्हाड़ी व दो सरिये बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला कारागार में निरूद्ध तीन अभियुक्तों को थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने कस्टडी में रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 01 कुल्हाडी व 02 सरिये बरामद किए है।

विदित हो कि 20 अप्रैल को श्रीमति प्रीती पत्नी प्रदीप निवासी ग्राम सहजवा थाना रामपुर मनिहारान ने एक लिखित प्रार्थाना पत्र देकर अभियुक्त द्वारा एक राय होकर हाथो में लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी व सरिया लेकर वादिया के घर में घुसकर व उसके पति तथा पुत्र गौरव के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट करने, उसके पुत्र को अस्पताल जाते समय उसकी मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना रामपुर मनिहारान पर मुकदमा दर्ज कराया था। रामपुर मनिहारान प्रभारी ने बताया कि 29 अप्रैल को अभियुक्त लखपत पुत्र शिवलाल, अमन पुत्र सुरेन्द्र व अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र ने न्यायालय के समक्ष आत्मसम्पर्ण कर दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने उपरोक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुर मनिहारान के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त में न्यायालय से अभियुक्त लखपत पुत्र शिवलाल, अमन पुत्र सुरेन्द्र व अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र निवासीगण ग्राम सहजवा थाना रामपुर मनिहारान को 09 घंटे के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम उमाही कलाँ की नहर पुल के पास गन्ने के खेत से हत्या में प्रयुक्त 01 कुल्हाडी व 02 सरिये बरामद किये। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार, आनंद पोसवाल व कांस्टेबल रोहित राणा शामिल रहे।

## आईटीआई पास अभ्यर्थियों की काउंसलिंग करते हुए करें मार्गदर्शन

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त ने समस्त जिला उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि शेष 349 अधिष्ठानों को आगामी 15 दिवसों के अन्दर क्रियाशील किया जाये एवं उनमें सीट क्रियेट कराते हुए अप्रेन्टिशिप प्रशिक्षार्थियों की ट्रेनिंग प्रारम्भ करायी जाये। मण्डलायुक्त डॉक्टर हृषिकेश भास्कर यशोद अपने कार्यालय सभागार में शिक्षुता प्रशिक्षण योजना की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में अवगत कराया कि अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर सहारनपुर मण्डल में जनपद-सहारनपुर में 265, जनपद-मुजफ्फरनगर में 155 एवं जनपद-शामली में 42 कुल-462 अधिष्ठान पंजीकृत है, जिनमें से 113 अधिष्ठान अपने यहाँ अप्रेन्टिसशिप को नियोजित कर रहे है। जिनमें कुल 629 अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षार्थी ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे है। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि आईटीआई पास अभ्यर्थियों की उचित काउंसलिंग की जाय एवं गरीब अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिसशिप में रखे जाने मे वरीयता दी जाए।

# गर्मी में करें पशुओं की उचित देखभाल, दें संतुलित आहार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं पशुपालन विभाग द्वारा इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंश लिमिटेड के सौजन्य से वित्तपोषित परियोजना के माध्यम से ग्राम रूपडी गुर्जर में पशु आरोग्य मेले का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के. के. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजीव सिंह ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी, तेज धूल भरी आंधी और बढता तापमान पशुओं में बुखार, निर्जलीकरण, शरीर में लवण की कमी का कारण बन सकता है। परियोजना के पथ प्रदर्शक डा. राजबीर सिंह ने बताया कि पशुओं को गर्मियों कि दोपहर की तेज, गर्म और शुष्क हवाओं (लू) से बचाकर ही दुग्ध उत्पादन सही रखा जा सकता है। मेडिसन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित वर्मा ने कहा कि पशुओं में आवश्यक शारीरिक लवणों की हानि से बचने के लिए किसान 50 ग्राम नमक का मिश्रण चारे और पानी में मिलाकर अवश्य दे और डेयरी पशुओं को संतुलित आहार दें ताकि उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़े। शिविर में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एम. पी. सिंह गौर, डा. के. के. नागर, डा. सुबोध गोयल, डा. अमित वर्मा, डा. अरविन्द सिंह, डा. अजीत कुमार सिंह, डा. विकास जायसवाल, डा. आशुतोष त्रिपाठी, डा. विष्णु राय तथा श्री अमन पशुधन प्रसार अधिकारी ने 124 पशुओं की जाँच कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। ग्राम प्रधान इलम सिंह ने शिविर के सफल आयोजन हेतु विशेष सहयोग प्रदान किया।

# जंगल में गौकशी करने वाले 25 हजार का ईनामी बदमाश समेत दो गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जंगल में गौकशी करने वाले 25 हजार के ईनामी एक शातिर गौकश को थाना चिलकाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। जिसे बाद में पुलिस ने काम्बिंग कर दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से अवैध शस्त्र व एक बाईक बरामद हुयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोक हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चिलकाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुमझेड़ा पुल के पास चैकिंग अभियान चलाया कि तभी घोड़ा पीपली की तरफ से बाईक पर सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। परन्तु बदमाश अचानक से पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर भागने लगे। हड़बडाहट के कारण कच्ची चकरोड के मोड़ पर मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी। जैसे ही पुलिस टीम बदमाशों के नजदीक पहुँची, तो पुलिस टीम को अपने नजदीक आते देख बदमाशों ने फिर से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। घायल बदमाश की पहचान मोनिश उर्फ लालू पुत्र इमरान निवासी मौहल्ला मजहर हसन थाना चिलकाना के रूप में हुई। उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर



खेतों की तरफ भाग गया। जिस बाद में पुलिस ने काम्बिंग के दौरान धौलाहेड़ी मसकराव नदी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाश का नाम रिजवान उर्फ चना पुत्र कालू कुरैशी निवासी मौ.मजाहिर हसन है। मोनिश थाना चिलकाना में 25000 रुपये का ईनामी वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा, 02 खोखा कारतूस, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 01 बाईक बरामद हुई है। पूछताछ करने पर अभियुक्त मोनिस उर्फलालू ने बताया कि उसने व उसके भाई रिहान ने फरवरी के माह के पहले सप्ताह में ग्राम चालाकपुर से दो पशु एक भैंस व एक बछिया चोरी की थी, जिनको उसने व उसके भाई ने जंगल मे काटकर उनके मांस को अलग-अलग गांव में घूम-घूमकर बेच दिया था तथा मृत पशुओं के शवों को जंगल में फेंक दिया था। आज वह अपनी बहन सुल्ताना के घर से मोटर साईकिल मांग कर लाया था तथा इसी मोटर साईकिल से वह व उसका साथी रिजवान पुत्र कालू निवासी मौ.मजहर हसन पशु चोरी करने की फिराक में निकले थे।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक में बनाई गई रणनीति, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक शनिवार को सोहनाग मोड स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। जिसमें संगठन के मजबूती के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। नीट, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक विद्यालयों में 27 फीसदी आरक्षण दिया है। बरहज विधायक दीपक मिश्रा उर्फ शाका ने कहा कि विश्वकर्मा सम्मान योजना में भी पिछड़े वर्ग के 18 समाजों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हर कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से लगना होगा। जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू चौधरी ने कहा कि समाज के हर वर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास है और इसी विश्वास को कायम रखने के लिए देश के यशश्वी प्रधानमंत्री दिन रात राष्ट्रहित के कार्यों में लगे रहते हैं। देश के बड़े बड़े मुद्दों को उन्होंने सरलता के साथ सबको विश्वास में लेकर बड़ी आसानी से हल करने का प्रयास किया है, इसलिए एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिए हमे कृतसंकल्पित होना होगा। संचालन विधानसभा सह-संयोजक संजय तिवारी ने किया। इस दौरान अश्वनी सिंह, अशोक पांडेय, राजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डेय, विनय पाण्डेय, बलबीर सिंह दादा, अजय दूबे वत्स, विपिन यादव, विजय पटेल, संदीप मद्धेशिया, मंडल अध्यक्ष अमर दत्त यादव, बृजेश दूबे, दीपक सैनी, गुलाम हसन आदि मौजूद रहे।

# देश का संविधान हर किसी को बराबरी का अधिकार देता है : भूपेंद्र सिंह चौधरी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को अखिलेश यादव की बदायूं रैली पर करारा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की स्थिति पर दया आ रही है। न उन्हें अच्छे साथी मिले और न ही कार्यकर्ता। इसी वजह से उनकी सभाओं में लोग तक नहीं जुट रहे।

उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस को अपनी बैसाखी बनाया है, जिसके दोनों पाये पहले से ही टूटे हुए हैं। जीत के लिए उन्हें आम कार्यकर्ता नहीं बल्कि परिवार के लोगों पर भरोसा है। जनता ने इनका शासन देखा है और शुरुआती दोनों चरणो में दंगाइयों, आतंकियों और माफिया को संरक्षण देने वाली सपा को नकार दिया है। बाकी बचे 5 चरणो में ये और इनके सहयोगी पूरी तरह प्रदेश से बेदखल कर दिए जाएंगे। इस चुनाव में जनता इनका वो हश्र करेगी कि ये आगे चुनाव लड़ने में भी कतराएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वैक्सीन पर झूठ फैलाने को लेकर भी अखिलेश को आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा कि तरस आता है ऐसे लोगों पर, जो खुद को विदेशी विश्वविद्यालयों से पढ़ा लिखा बताते हैं, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण वो भोली मासूम जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। देश के बड़े-बड़े डॉक्टरों ने इनके झूठ की पोल खोल दी है, लेकिन ये बेशर्मी से अब भी झूठ बोले जा रहे हैं। दरअसल, इन्हें प्रदेश की जनता की कोई फिक्र ही नहीं है। कोरोना के समय भी ये लोग अपने घरों में दुबककर बैठ गए थे और जनता को मरने के लिए छोड़ दिया था। तब भी इन्होंने वैक्सीन का विरोध किया था और आज भी ये वही कर रहे हैं, लेकिन तब भी जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास किया और आज भी लोगों को भरोसा है कि मोदी जी के रहते उन्हें कुछ नहीं हो सकता। श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा के परिवारवाद पर प्रहार करते हुए कहा कि इन्होंने हर वर्ग का तिरस्कार किया है। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की है। बदायूं में भी इन्हें कोई कार्यकर्ता नहीं मिला। हर जगह सिर्फ इनका परिवार ही लड़ेंगा। देश का संविधान हर किसी को बराबरी का अधिकार देता है। यहां राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा। यहां गांव, गरीब, किसान, मजदूर का बेटा भी राजा बनेगा। गरीब का बेटा विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति बन सकता है। संविधान का असली उद्देश्य यही है और श्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक गरीब का बेटा तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। उनसे अधिक संविधान की महत्ता कौन जान सकता है। इन परिवारवादियों ने अपने दलों में लोकतंत्र को मार दिया है, ये देश की क्या रक्षा कर पाएंगे।

## तहसील स्तरीय कंन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी

**मैनपुरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने, निर्वाचन सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के निर्देश पर तहसील स्तरीय कंन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि तहसील सदर में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर-05672-234725 है, कंट्रोल रूम में शौर्यवर्धन सिंह राठौर, नायब तहसलीदार को प्रभारी, बसंत दुबे राजस्व निरीक्षक को सह प्रभारी एवं अजय वरिष्ठ लिपिक, नूतन देव शुक्ल, अवनीश सक्सैना, आदेश संग्रह अमीन, शिव ओम कनिष्ठ लिपिक एवं प्रवीन गोस्वामी वरिष्ठ लिपिक को तैनात किया गया है। उप जिलाधिकारी कुरावली राम नारायण ने बताया कि तहसील कुरावली में स्थापित कंन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर-05672-299122, एवं मो.न. 9045900365 है। उप जिलाधिकारी घिरोर सुप्रिया गुप्ता ने बताया कि तहसील घिरोर में कंट्रोल रूम कक्ष संख्या ए-2 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर-7650057429 है।

# नगर के गणमान्यों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध खनन पर रोक की मांग की



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अवैध मिट्टी के खनन में लगे ट्रैक्टरों को तेज गति से ड्राइवर द्वारा चलाए जाने से कई घटना घटित होने के बावजूद भी ट्रैक्टरों की रफ्तार कम नहीं हुई।इतना ही नहीं मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत करने की जिसने भी हिम्मत की तो उक्त खनन माफिया शिकायतकर्ता को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इस अवैध खनन को रोके जाने के लिए नगर के गणमान्य लोगों ने उपजिला अधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। विक्रांत सिंह एडवोकेट, विकास श्रीवास्तव सभासद, पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट, संजय अवस्थी, महेश कुमार स्वर्णकार, श्रीमती नीरज सभासद, हर्षित,बृजेश ओमकार, मुलायम सिंह आदि एक दर्जन से अधिक गण मान्य नागरिकों ने उप जिला अधिकारी को संबोधित एक यापन तहसीलदार श्रीष् मिश्रा को सौंपते हुऐ बताया कि नगर के मौजा प्रतापपुरा में अवैध रूप से मिट्टी का खनन का कारोबार चल रहा है तथा इस कारोबार की शिकायत समय-समय पर प्रशासन से नगर के सभ्रांत लोगों द्वारा की जाती रही है लेकिन आज तक उक्त कारोबार बंद नहीं हो सका है । इतना ही नहीं खनन करने वाले माफिया कितने दबंग है कि वह शिकायतकर्ता को गाली गलौज तथा जान से मारने तक की धमकी देते हैं। इस कारोबार में लगे ट्रैक्टर नगर में इतनी रफ्तार से दौड़ते हैं कि अगर जरा भी चूके तो बस भगवान के पास पहुंचे । इससे नगर में कई घटना भी घटित हो चुकी हैं फिर भी इनकी गति में कोई भी कमी नहीं आ रही है।

# अन्नू टंडन ने भाजपा सरकार की ग़रीब किसान नौजवान विरोधी नीतियों पर जमकर किया प्रहार

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** इन्डिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन ने आज उन्नाव विधानसभा में रैली निकाल अपनी ताकत का अहसास कराया तथा जगह जगह पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर भाजपा सरकार की ग़रीब किसान नौजवान विरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किया।

श्रीमती अन्नू टंडन ने कहा कि भाजपा सरकार की ग़लत आर्थिक नीतियों के कारण पिछले दस वर्षों में भयंकर रूप से आर्थिक विषमता बढ़ी है गरीब ग़रीब होते जा रहे हैं और अमीर और अधिक अमीर होते जा रहे हैं देश की संपदा दो प्रतिशत कारपोरेट घरानों में समिटती जा रही है जीवन के लिए अनिवार्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ती जा रही है,देश वर्तमान में सर्वाधिक ग़रीबी और बेरोज़गारी के दौर से गुजर रहा है, उन्होंने कहा कि अस्सी करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्धी नहीं लोकतांत्रिक, तथा कृषि प्रधान भारत के लिए यह शर्म की बात है कि भारत के अस्सी करोड़ लोग सरकारी राशन के सहारे जिन्दा है जबकि वर्ष 1971 में देश खाद्यान्न पर आत्मनिर्भर हो गया था जो आज फिर आज फिर खाद्यान्न पर पराश्रित होने जा रहा है,देश के गरीबों को शिक्षा स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने की साज़िश के तहत सरकारी स्वास्थ्य और शिक्षा ब्यवस्था को निष्क्रिय बनाया जा रहा है जिससे पूंजीपतियों के स्कूलों को पर्याप्त बच्चे मिल सकें और प्राइवेट नर्सिंग होम फल-फूल सकें गरीबों के विकास पर पूर्ण विराम लगाने के लिए सरकारी नौकरियों की भर्ती पर रोक लगी है। श्रीमती अन्नू टंडन ने आज ब्लाक सरोसी के अब्बासपुर से वाहन रोड़ शो शुरू कर दोस्तीनगर थाना, बौनामऊ, रऊकरना, बन्दाखेड़ा, बिधनू, पावा, परियर, बरौला, बसधना, हाजीपुर, अगेहरा, सिकन्दरपुर, सरोसी, करोवन, मगरवारा, सहजनी, मरहला चौराहा, धोबिन पुलिया, शुक्लागंज राजधानी मार्ग, पोनी रोड, पोनी तथा शुक्लागंज तक वाहन जुलूस निकाल मतदान की अपील की तथा कहा कि उन्नाव के लोग दस साल से एक ऐसे सांसद का बोझ ढो रहे हैं जिसका उन्नाव के विकास से कोई वास्ता सरोकार नहीं है चुनाव लड़ने आते हैं और जीत कर अंतर्ध्यान हो जाते हैं जिससे उन्नाव विकास में पिछड़ गया है। रोड़ शो में जिला अध्यक्ष राजेश यादव, राम कुमार पूर्व विधायक, डा0 अभिनव कुमार, धर्मेन्द्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, मिंटू निषाद, शुभ गुप्ता, उमालाल यादव, राजेश मिश्रा, शरीफ खान, हाजी सैय्यद इरफान, प्रेम हलवाई, अनिल सैनी, नीरज यादव, बीरेन्द्र यादव भोला लोधी, नीलेन्द्र लोधी, महेश लोधी, राज कुमार वर्मा, अजय, लल्लन लोधी, अभिषेक मिश्रा सभासद, मोती लोधी, नीरज निषाद, विशाल शुक्ला, अंकित यादव, दूधनाथ वर्मा, सरोज रावत, अंशू रावत, दयाशंकर शुक्ला, मोहित लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. पी.सी. गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** डॉ. पी. सी. गुप्ता द्वारा लिखी यह पुस्तक 1947 से अब तक अर्थव्यस्था, कृषि एवं सेवा क्षेत्र में हुए विभिन्न क्षेत्र में ढांचागत विकास का विस्तृत वर्णन किया गया है। डॉ गुप्ता की यह पुस्तक यू. जी. सी. एवं एन. सी. ई. आर. टी. के सिलेबस को ध्यान में रखकर लिखा गया गया है जो बी. ए. . बी.कॉम, एमए, एम. कॉम. (अर्थशास्त्र) , बीएएलएल बी व प्रतियोगी परीक्षाओ में भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तृत जानकरी हेतु उपयोगी सावित होंगी। लखनऊ निवासी डॉ. गुप्ता वर्तमान में हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट अर्थशास्त्र एवं डीन सोशल साइंसेस, महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश है। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं प्राचार्य डॉ. निर्मल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पी.सी. गुप्ता की धर्मपत्नी शिक्षिका रोली गुप्ता, डॉ. सरोज ठाकुर, निदेशक, ठाकुर पब्लिकेशन, डॉ. राहुल गुप्ता निदेशक माइलस्टोन कंसलटिंग ग्रुप इत्यादि उपस्थित रहे।

## सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने हज यात्रियों को गले मिलकर हज पर जाने वाले लोगो को दी बधाई

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** इस वर्ष हज पर जाने वाले लोगों के



लिये प्रशिक्षण शिविर आयोजन मदरसा प्रबंधन के नेतृत्व मे किया गया जिस प्रशिक्षण शिविर मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीन की डोज़ देने के उद्देश्य से नगर के मदरसा मंज़रे हक़ टांडा मे 79 पुरुष व 68 महिलाओ को वैक्सीन की डोज़ एवं टीकाकरण किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ कटेंहरी विधायक एवं सपा से लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा एवं मदरसा प्रबंधक हाजी अशफ़ाक़ अंसारी के सयुंक्त रूप से हज पर जाने वाले एक आज़मीने हज को जाने वालों को ख़ुराक पिलाकर किया गया एवं हज पर जाने वालों को पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने गले मिलकर बधाई दी प्रशिक्षण के दौरान मदरसा प्रबंधन समिति के सभी लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं प्रशिक्षण पर जाने वाले लोगों को भोजन कराया गया।

# मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने छोटा क्रिश्चियन मैदान में मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, उपस्थित व्यक्तियों को मतदाधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी, शपथ दिलाने से पूर्व उन्होने ईसन नदी पुल से जन-सामान्य को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य स्कूली बच्चों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

क्रिश्चियन मैदान में रैली के समापन के दौरान कहा कि समृद्ध लोकतंत्रात्मक गणराज्य में राष्ट्रीय एकता अखंडता की मजबूती के साथ सभी नागरिकों को धर्म, भाषा, अभिव्यक्ति की आजादी और सामाजिक न्याय, व्यक्ति की गरिमा को समान स्थान दिया है, संविधान के सभी उद्देश्यों को प्राप्त करने का एकमात्र आधार संसदीय प्रणाली, लोकतंत्र की मजबूती है, संविधन ने सभी वयस्क नागरिकों को क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने हेतु मताधिकार कर सुयोग्य, स्वच्छ छवि वाले जन प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि मतदान तिथि 07 मई को अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी मतदाताओं की सहभागिता अति आवश्यक है, मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं, स्कूली बच्चों द्वारा निरतंर जनपद के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। रैली में आदर्श राष्ट्रीय आवासीय इं.कॉ., सुदिति ग्लोबल ऐकेडमी, सेंट मैरी सी.सै. स्कूल, तपस्थली सी.सै. इं.कॉ., कु. रामचन्द्र सिंह लाल सिंह कन्या इंटर कॉलेज, कु. आर.सी. महिला महा विद्यालय, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, श्री गंगा सहाय इंटर कॉलेज,आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अलावा दिव्यांग समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर मतदाओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अजय कुमार सिंह, स्वीप कोआर्डिनेटर डा. शैफाली यादव, दीपक दास, लव मोहन, मनोरमा दास, डा. चन्द्रमोहन सक्सैना, घनश्याम दास गुप्ता, एस.के. मल्ल आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लड़के को ढूंढ कर परिजनों को सुपुर्द किया

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सूचना मिलने पर पुलिस ने 12 घंटे में नाबालिक लड़के को परिजनों सुपुर्द किया। डायल 112 की जनता कर रही प्रशंसा। थाना क्षेत्र के स्थित अमृतपुर कस्बे में बंसी अड्डा पर एक नाबालिक बच्चा घूमते हुए मिला तो 112 पुलिस के द्वारा उसे पड़कर अमृतपुर थाने में सुपुर्द कर दिया है उससे जानकारी मिली तो उसने बताया है कि मेरी मां के द्वारा मुझे मारा पीटा गया था और मैं स्कूल नहीं जा रहा था तभी में घूमते हुए अमृतपुर कस्बा वासी अड्डा पर पहुंच गया उसके द्वारा बताया है। कि मैं कायमगंज सौरव पुत्र अनूप हूं। मैं नगला बीच कायमगंज का रहने वाला हूं। मैंने अपनी मां से कहा था कि मैं खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जाऊंगा तो उन्होंने जाने से मना कर दिया था। और कहा कि स्कूल जाइए नहीं तो मार पड़ेगी। तो में गुस्सा होकर घर से भाग आया लगभग उम्र 12 वर्ष सौरभ की है। उनके परिजनों को 112 पुलिस के द्वारा फोन पर सूचना दे दी गई है। वह घर से निकाल लिए हैं।

# किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हुई मौत

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जनपद के गांव बहादुरपुर में खेत में खड़ी फ़सल की रखवाली कर रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गयी। मृतक के भाई ने अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। किसान की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच में जुटी है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी सनोज उम्र 35 वर्ष अपने खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने के लिए मचान बना लिटा था। वह रात के समय मचान पर ही लेट कर फसल की रखवाली करता था। रोज की तरह शुक्रवार रात वह खेत पर चला गया। इधर, अगली सुबह गोली चलने की आवाज आई तब परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने खून से लथपथ सनोज का शव पड़ा देखा। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मृतक के भाई पुष्पेंद्र की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के भाई पुष्पेंद्र ने बताया उसके भाई की गोली मारकर हत्या की गई है। उसका कहना है जंगली जानवरों और जहरीले कीड़े से बचने के लिए उसने मचान बना रखा था। मचान पर ही लेट कर फसल की रखवाली करता था। कोतवाल मंनोज भाटी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मतदाता जागरूक रैली ब्लॉक परिषर में खंड विकास अधिकारी की अगुवाई में निकाली गई जिसमें ब्लॉक क्षेत्र की लगभग आधा सैकड़ा आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रही। लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए प्रशासन ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरुक कर रहा है एक-एक वोट की अहमियत बताकर लोगों को उनके वोट के महत्व को समझा रहा है । इसी के तहत ब्लाक परिशर में खण्ड विकास अधिकारी की अगुवाई में बाल विकास परियोजना कार्यालय सुपरवाइजर अंजलि कार्यकत्री शालिनी, आराधना, संगीता, सर्वेश कुमारी, मिथिलेश, चंद्रप्रभा, राजेश्वरी, नीलम, फूल ककुंवर आदि ने स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, ए डी ओ पंचायत सहित राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# नाबालिक बेटी के पिता की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हुई है। लोगों की समस्याएं कम हुई है और कानून पर विश्वास भी बढा है। परंतु कुछ कानून के रखवाले ऐसे भी हैं जो आज भी योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाने में पीछे नहीं है। ऐसा ही एक वाक्य जिला फर्रुखाबाद के थाना राजेपुर के अंतर्गत सामने आया। जब मीडिया के संज्ञान में इस मामले को उठाया गया तो पुलिस सक्रिय हो गई। 23 अप्रैल 2024 को राजेपुर राठौरी निवासी एक व्यक्ति की नाबालिक बेटी घर से गायब हो गई। उसे ढूंढने के बाद उसका कोई पता नहीं चला।

जानकारी मिलने पर उसके परेशान पिता ने जिला गाजियाबाद ग्राम खोड़ा के रहने वाले अश्वनी आनंद उर्फ आंशू पुत्र राकेश के विरुद्ध थाने में नाम दर्ज रिपोर्ट दी। दी गई तहरीर में लिखा गया कि उनकी नाबालिक 16 वर्षीय बेटी अपने साथ अंगूठी पायल झाले मंगलसूत्र एक लाख रुपए नगद लेकर उस आवारा किस्म के लड़के के बहकावे में आकर चली गई। पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए परेशान हाल पिता 28 अप्रैल 2024 को तहरीर लेकर थाने में पहुंच गया। रिपोर्ट लिखाने की गुहार लगाकर लगातार चक्कर लगाने लगा। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने उसकी नहीं सुनी और उसे नए-नए तरीके बताती रही। जब मीडिया ने सवाल किया तो फिर पुलिस बगले झांकने लगी। जब रिपोर्ट न दर्ज करने का कारण थाना प्रभारी रणविजय सिंह से पूछा गया तो उन्होंने सीधा सा जवाब दिया कि इस घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पीड़ित व्यक्ति थाने में पहुंच जाए। उसकी रिपोर्ट लिखी जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि अगर पीड़ित व्यक्ति की तहरीर लेकर पहले ही पुलिस कार्यवाही कर लेती तो इस समस्या का समाधान भी हो जाता।

## भाजपा प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर मांगा आर्शीवाद

# रायबरेली से भी भागेगा नकली गांधी परिवार

अवधनामा संवाददाता



**पांच वर्ष पकड़ाया झुनझुना, अब फिर पुर्खों की लाशों पर नकली गांधी परिवार मांगेगा वोट : दिनेश प्रताप सिंह**

**रायबरेली।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार व भाजपा प्रत्याषी दिनेश प्रताप सिंह ने शनिवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के रूस्तमपुर, मुलिहामऊ, चकलोधीपुर, कलन्दरपुर, रतन्सीपुर, गोंदवारा, लोधवारी सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर आर्षीवाद मांगा। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। अबकी बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कड़ी में अहम भूमिका निभायेगा।

भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने लोगों से कहा कि अब मौका फिर से आया है जब वही पुरानी बातें दोहराकर कांग्रेस आपको इमोषनल ब्लैकमैल करेगी। सिर्फएक बात कहीं जायेगी कि हमारे पूर्वजों ने देष की सेवा में शहादत दी है इसीलिए हमें वोट दो लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह भाई-बहन कब तक अपने पूर्वजों की लाषों पर राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी 50-55 की आयु में देष और रायबरेली के लिये क्या किया है। यहां की जनता उन्हें वोट किस मक्षद से दें। देष के हजारों-हजार सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया लेकिन किसी के परिजनों ने अपने बेटे, पिता अथवा पति के बलिदान की कीमत देष से नहीं मांगी, किन्तु गांधी परिवार जब देखों तब अपने पुर्खों की लाषों पर वोट मांगते देखे जाते है। यदि किसी के परिवार में कोई अयोग्य, नकारा, दिषाहीन सुविधा होगी संस्कारविहीन संतान जन्म ले ले तो क्या इस आधार पर उस अयोग्य संतान को देष अथवा क्षेत्र सौंपा जा सकता हैं। उनके पुर्खों ने काम किया है जिसको देषवासियों ने ब्याज सहित सम्मान वापस किया है। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव हारने के बाद भी पूरे पांच साल आप सबके बीच में रहकर हर सुख-दुख का भागीदार रहा हूं। बीते पांच सालों में राहुल गांधी व नकली गांधी परिवार ने न तो अमेठीवासियों व रायबरेली की सुध ली। यही कारण रहा कि वह अमेठी से वायनाड गये, अब अमेठी छोड़कर रायबरेली वहीं पुराना राग अलापते आये है। लेकिन जनता सब कुछ समझ चुकी है। अब उनके बहकावे में कोई नहीं आने वाला। राज्यमंत्री ने दर्जनों गांवों में भ्रमण कर केन्द्र व प्रदेष की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। कहा सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे लोगों को मिल रहा है। इस बार अमेठी की तरह रायबरेली से भी नकली गांधी परिवार को भागना पड़ेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहें।

## किसान फसल को केंद्रों बेंचकर उचित मूल्य ले



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** किसान अपनी फसल को सरकारी खरीद केंद्र पर बेचकर अपनी फसल का उचित मूल्य लें। यह बात किसानों को जागरुक करते हुए जिला खाद एवं विपणन अधिकारी एवं एफसीआई डिवीजनल मैनेजर ने एक गोष्ठी के दौरान गल्ला मंडी में कहीं। नवीन गल्ला मंडी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला खाद एवं विपणन अधिकारी गोविंद कुमार उपाध्याय व एफसीआई डिविजनल मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए किसानों को जागरुक करते हुए बताया कि अब अगर किसानों को अपनी फसल का अच्छा मूल्य लेना है तो वह अपनी फसलों को सरकारी केंद्रों पर ही बेचे।अब किसानों को अपनी फसल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की कोई आवश्यकता नहीं है वह अपना अनाज मंडी में लेकर आय वहीं उसका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा । डिविजनल मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह ने कहा अब किसानों को अपने कागजातों के सत्यापन के लिए भी भटकने की जरूरत नहीं है इसलिए अपने अनाज का उचित मूल्य ले। इस मौक़े पर प्रेम दास गुप्ता, राकेश, सुरेश, राम बिहारी, रामनरेश, आशीष आदि एक दर्जन से अधिक किसान मौजूद रहे।

# महिला अधिवक्ता से पार्किंग कर्मचारी ने किया विवाद
## सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर जताया आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शनिवार को कचहरी स्थित लक्ष्मण कुंज मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़ा करने को लेकर महिला अधिवक्ता से पार्किंग के एक कर्मचारी द्वारा सुबह-सुबह अभद्रता कर दी गई। महिला अधिवक्ता के साथ हुई घटना की सूचना पाकर सैकड़ो की संख्या में नाराज अधिवक्ताओं ने पार्किंग स्थल पर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। पार्किंग में काम करने वाले कर्मचारियों व अधिवक्ताओं के बीच काफी देर तक गहमा गहमी होती रही।अधिवक्ता संघ के मंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने पहुंच कर मामले की सूचना अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय को दिया।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में तत्काल अधिवक्ता संघ के सभागार में बैठक आहूत की गई हुई। हंगामे दार बैठक में नाराज अधिवक्ताओं ने घटना के बाबत काफी आक्रोश व्यक्त किया और महिला अधिवक्ता के साथ हुई घटना के संदर्भ में तत्काल मुकदमा दर्ज करने की बात कही। वाहन पार्किंग शुल्क देने के लिए कोई भी अधिवक्ता तैयार नहीं है।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पूर्व मंत्री सूर्य नारायण सिंह कृष्ण कुमार पटेल पूर्व कोषाध्यक्ष राज कपूर सिंह अधिवक्ता अधिवक्ता गिरीश चंद्र तिवारी लाल जी गुप्ता राम शंकर तिवारी प्रदीप कुमार चौबे दूधनाथ मिश्रा ने घटना की निंदा किया और पार्किंग स्थल पर अधिवक्ताओं के वाहन खड़ा करने का विरोध किया।

अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय ने वाहन पार्किंग के संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता करने के लिए 11 सदस्य समिति बनाने का निर्णय लिया। समिति में अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय मंत्री विपिन कुमार मिश्रा पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा बब्बन प्रसाद चौबे अरविंद कुमार सिंह सूर्यभान वर्मा योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी विजय बहादुर सिंह तथा पूर्व मंत्री राम शंकर यादव कृष्ण कुमार पटेल व अधिवक्ता राम शंकर तिवारी को नामित किया गया है।

साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक जिलाधिकारी से वार्ता करने के बाद उचित समाधान नहीं निकल जाता है अधिवक्ता अपने वाहन को पुराने स्थानों पर ही व्यवस्थित तरीके से पार्क करेंगे।

बैठक में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन के के पाण्डेय संघ के मंत्री विपिन कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह सहित कार्यकारिणी के दीपक तिवारी रणधीर पांडेय योगेश पांडेय पूर्व मंत्री धनुष श्रीवास्तव अधिवक्ता हेमंत त्रिपाठी राम बहादुर यादव अरुण सिंह यादव नरेंद्र श्रीवास्तव कमलेश कुमार पाण्डेय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

महिला अधिवक्ता के साथ हुई घटना से नाराज अधिवक्ताओं ने शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर आक्रोश व्यक्त किया।

# हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज रानी बाजार में शनिवार को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सफल विद्यार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत परंपरा के अनुरूप किया गया। समारोह के प्रबंधक माधव प्रसाद पाठक ने सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। विद्यार्थी जीवन बहुत ही कठिन होता है। साथ ही शिक्षा हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए, ताकि उन्हें सफलता मिल सके। समारोह में अन्य कई अतिथियों ने भी अपने-अपनी बात से लोगों को प्रभावित किया।

सम्मान समारोह में आर्या पांडे, आकांक्षा मौर्य ,अंशिका चौहान, चंदन,आशीष दुबे,अमीषा पटेल, सहित 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने साइकिल घड़ी,शील्ड तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया। संस्थान के अध्यक्ष सत्यदेव पांडे ने कहा की आप और मेहनत करे,और जीवन में सफल हो। जीवन मे हमेशा माता पिता और गुरु का सम्मान करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक द्वारा घोषणा की गई की 2025 बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की वीरता सूची में स्थान आने पर 1 लाख के ऊपर बाइक प्रदान की जाएगी।होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ उपेंद्रमाणि त्रिपाठी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए समयबद्धता, अनुशासन, उचित मार्गदर्शन ने लक्ष्य निर्धारण और निरन्तर सकारात्मक स्वस्थ चिंतन के साथ कॅरियर में स्वरूचि अनुरूप संभावनाओ पर आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य हैं अतः उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए भारतीय स्वस्थ जीवनशैली अपनाए रखनी चाहिए, उपस्थित अभिभावकों से लोकतंत्र के महपर्व में सपरिवार प्रातः जलपान से पूर्व ही मतदान में भागीदारी का आह्वान किया किन्तु प्रौढ़ व पूर्वान्ह में मतदान स्थल पर जाने वाले पर्याप्त मात्रा में जलपान कर ही जाएं, इस हेतु ओआरएस या नींबू पानी जिसे वह राम रसायन कहते हैं का सेवन कर जाना चाहिए जिससे डिहाईड्रेशन से बचा जा सके।

इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पांडे, ज्ञानेंद्र पाठक अमित पांडे पंकज पाठक पुष्कर तिवारी ,राजेंद्र पांडे, डॉक्टर उपेंद्र मणि त्रिपाठी राम धीरज मिश्रा, महेश पांडे,शिवगेश चौधरी, केशव रामपाल विजय उपाध्याय दिनेश चंद्र पांडे भारत चौधरी सत्य प्रकाश द्विवेदी मोनू पांडे द्वारकेश पांडे आसाराम पांडे जगन्नाथ पांडे अखिलेश मिश्रा चंद्र किशोर उपाध्याय दुर्गा शुक्ल संजय पाठक बृजकिशोर लोकेश द्विवेदी ,करुणा शंकर त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद पांडे ,योगेश तिवारी ,राहुल पाठक, राहुल पांडे ,अंकित यादव माया वर्मा ,संजना विश्वकर्मा, सपना, कोमल ,दिव्या ,नंदिनी ,गायत्री वाली बीएफ चाहिए पत्रकार सहित छात्र/छात्राए व अभिवक उपस्थित रहे।। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक ने आए हुए अतिथियो को अंगवस्त्र देकर और माला पहनकर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन अभिनंदन शुक्ला ने किया।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से किशोर की मौत, पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा

**सोहावल अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव के निकट शुक्रवार की देर रात किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना ग्रस्त हुए 18 वर्षीय किशोर का इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कटरौली के मजरे गढ़ा नसीरपुर निवासी प्रिंशु पुत्र संतराम शर्मा उम्र लगभग 18 वर्ष अपनी बाइक से सोहावल ढेमवा रोड से अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। घायल होने पर परिजनों ने खुद अपने माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि मौत के बाद परिजनों ने सूचना दी।इस पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मोदी ने देश में खत्म किया भ्रषचार, देश की बहन बेटियां आज सुरक्षितः सर्वजीत



*अवधनामा संवाददाता*

**भेलसर अयोध्या।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख रुदौली सर्वजीत सिंह ने शनिवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंचकर लगाई चौपाल। लोगों के बीच पहुंचकर किया सघन जन संपर्क गिनाई सरकार की नीतियां। श्री सिंह ने कहा कि यह वक्त भड़काने का और किसी के बहकावे में आने का नहीं है बल्कि देश के हित में फैसला लेने का है देश का हित और विकास सिर्फ मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है उन्होंने लोगों से हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को ऐतिहासिक मतों से जीताने की अपील की। रुदौली के लोगों से अयोध्या लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह के पक्ष में घरों से निकलकर वोट करने की अपील की। उनके साथ मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बताया भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सब का साथ सबका विकास के नारे पर काम करती है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सबके लिए कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया भाजपा जाति विशेष की राजनीति नहीं करती अगर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर हिंदू बहनों को मिला तो वही मुस्लिम बहनों को भी मिला। अगर किसान सम्मान निधि हिंदू भाईयों को मिली तो वही मुस्लिम भाइयों को भी मिली। देश में भ्रष्टाचार समाप्ति की ओर है अपराधी नतमस्तक हो रहे हैं। हमारे देश की बहन बेटियां सुरक्षित है आज हमारे गांव गली की बहने सुरक्षित रूप से विद्यालय जा रही हैं हमारे गांव गरीब की बच्चियों पढ़ रही हैं आगे बढ़ रही है और हमारी सरकार शिक्षा सहित बेरोजगारी को खत्म करने पर विशेष बल दे रही है इसलिए किसी के भड़कावे में नहीं आना है भारतीय जनता पार्टी को सत्य प्रतिशत वोट करना है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को मिला विकासशील इंसान पार्टी का समर्थन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जैसे जैसे चुनाव में तेजी आ रही दल बदलने और समर्थन देने का भी दौर तेजी के साथ चल रहा है। इसी क्रम में वीआईपी पार्टी जो की निषाद समाज के हक और हुकूक के लिए राजनीति कर रही है, शनिवार को अयोध्या जिलाध्यक्ष जसपाल निषाद की अगुवाई में सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद को अपना समर्थन दिया है। शहर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सपा उम्मीदवार अवधेश प्रसाद और सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में इसका औपचारिक ऐलान किया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है, अपने मताधिकार को बचाने का चुनाव है इस लिए आज विकासशील इंसान पार्टी का उन्हें समर्थन मिला है जिसके लिए वे पार्टी का और पार्टी के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का तहे दिल से शुक्रगुजार है। उन्होंने कहा कि चुनाव और चुनाव के बाद भी विकासशील इंसान पार्टी के लोगों का समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता हमेशा सम्मन करेंगे और उनकी हर लड़ाई में उनके साथ रहेंगे। बता दें कि विकासशील इंसान पार्टी एक भारतीय राजनीतिक पार्टी है, जिसे औपचारिक रूप से 4 नवंबर, 2018 को बॉलीवुड सेट डिजाइनर मुकेश साहनी द्वारा लॉन्च किया गया था, जिन्होंने 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार किया था। उन्होंने 2019 में तीन लोकसभा क्षेत्रों मधुबनी, मुजफ्फरपुर और खगड़िया से चुनाव लड़े, लेकिन कोई भी सीट जीतने में असफल रहे। पार्टी के समर्थन आधार में मुख्य रूप से निषाद, नोनिया, बिंद, बेलदार समुदाय के लोग शामिल है।

# बसपा छोड़ कांग्रेस में आईं मीता बोलीं, चुनाव में भाजपा गठबंधन की सीधी लड़ाई, और कोई नही

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोकसभा के चुनाव में इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया और भाजपा में सीधी लडाई है। इस चुनाव में किसी और दल के लडने का कोई मतलब नही है। तनुज पुनिया का साथ देना समय और जनता की आवज है। 30 साल बहुजन समाज पार्टी की सेवा करने के बाद मै बहुजन समाज पार्टी से कुछ कारणो से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुयी हूँ।

उक्त बाते पूर्व विधायक श्रीमती मीता गौतम ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपने समर्थको के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात् कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइन पूर्व मंत्री मोहसिना किद्वाई की कोठी में आयोजित प्रेस-वार्ता में कही। प्रेस-वार्ता में पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, पूर्व सांसद रामसागर रावत पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दूबे, कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, कांग्रेस प्रवक्ता सरजू शर्मा पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद् हाफिज भारती मौजूद थे।केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर पहुंचते ही पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया तथा पूर्व सांसद राम सागर रावत ने बुके देकर स्वागत किया। डा0 पुनिया ने कांग्रेस पार्टी में उनका स्वागत करते हुये कहा कि पूर्व विधायक मीता गौतम जी एक कर्मयोगी जननायक ही नही एक अच्छी चुनावी रणनीतिकार भी है। इनकी कार्यकुशलता मै जानता हूँ। बहुजन समाज पार्टी छोडने का कारण पूंछने पर पूर्व विधायक मीता गौतम ने कहा कि हम लोग जन प्रतिनिधि है और जनता की जो मंशा होती है उसके अनुरूप ही हमे चलना होता है और इस वक्त समय की पुकार है कि गठबन्धन बनाकर भाजपा को सत्ता से बाहर करे वरना बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र को खतरा है संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने तथा संसदीय क्षेत्र की जन जन की आवाज तनुज पुनिया को जितवाने के लिये हमने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पूर्व विधायक मीता गौतम ने कहा कि भाजपा डर और दहशत का माहौल बनाकर चुनाव जीतना चाहती है इसलिये नामांकन में बुलडोजर लेकर उनके प्रत्याशी बिना भय निकल रहे है अब चुनाव के समय क्या वह नामांकन कार्यालय पर बुलडोजर चलायेगे। जनता इनकी बुलडोजर संस्कृति का जवाब वोट की ताकत से देगी।

### नामांकन पत्रों की जांच शुरू, प्रेक्षक ने किया अवलोकन

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आज जांच शुरू की गई। इस दौरान चुनाव प्रेक्षक भी उपस्थित रहे।

नामांकन कक्ष में नामांकन पत्रों की जांच के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी मौजूदा रहे। नामांकन जांच प्रक्रिया का अवलोकन प्रेक्षक आर आर दमोर ने भी किया। इससे एक दिन पूर्व शाम को व्यय प्रेक्षक अतुल रामदास गोखले तथा सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर ने नामांकन स्थल का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम से चुनाव संबंधी तैयारियों की जानकारी भी ली।

बता दें कि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच सुबह 11 बजे से शुरू होकर तीन बजे तक चली।

# पीएम के रोड शो की तैयारी को लेकर महापौर ने संतों के साथ की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को लेकर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बड़ा भक्तमाल में संतो के साथ बैठक किया। बैठक में संतों द्वारा प्रधानमंत्री के स्वागत व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र व पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्पों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या के संतो का हमेशा समर्थन मिला है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात करते हुए रामायण की शिक्षा को वैश्विक स्तर पर रामनगरी परिभाषित करती रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो में आध्यात्मिकता व रामनगरी की संस्कृति का संगम दिखाई देगा। अयोध्या के संत व महंत इसमें अपना योगदान देंगे।

इसके लिए रामनगरी के संतो व महंतों के साथ सम्पर्क व संवाद की श्रंखला चलाई गयी। सभी को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। प्रबुद्धजन के साथ विशेष रुप से सम्पर्क किया गया। इसके साथ में आयोजन को लेकर विभिन्न स्थानो पर बैठक की गई। रोड शो की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बड़ा भक्तमाल में आयोजित होने बैठक में महंत अवधेश दास, महंत जर्नादन दास, महंत कृपालुदास, महंत वैदेही वल्लभशरण, महंत गिरीश दास सहित अन्य संत-महंत मौजूद रहे।

## मेडिकल छात्रों को प्राचार्य ने चिकित्सक बनने के सिखाए गुर

**अयोध्या।** राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली में सीनियर बैच के छात्र छात्राओ ने होम्यो मेडिकल कॉलेज में नए छात्र छात्राओं को जो प्रथम बैच में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्हें फ्रेशर पार्टी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में होम्यो मेडिकल कॉलेज में नए छात्राओं को संबोधित करते हुए होम्यो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने कहा कि आप लोग चिकित्सक बनने की दिशा में प्रथम पायदान पर है चिकित्सक का उद्देश्य धन कमाना नहीं है उनका उद्देश्य गरीब असहाय व दिव्यांग के साथ-साथ पीड़ित मान्यता की सेवा करना है क्योंकि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची मानवता है ।उन्होंने अच्छे चिकित्सक बनने के गुर सिखाते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में भी चिकित्सक के धर्म का पालन करते हुए आगे बढ़े जिससे इस मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ आपके माता-पिता का भी नाम रोशन हो इस अवसर पर डॉ उपेंद्र सिंह डॉ माधुरी गौतम डॉ शैलेश यादव डॉ पी एस त्रिपाठी डॉ केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डॉ अनुज मिश्रा डॉ हेमंत डॉ मनीषा यादव डॉ करण आनंद डॉ विकास मिश्रा डॉ निशा सचान ने भी मेडिकल छात्र छात्राओं को अच्छे चिकित्सक बनने के गुर सिखाए।

## बिजली की शार्ट सर्किट से गेहूं भूसा जला

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में गेहूं के खेत मे विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग से दो किसानों का गेहूं व भूसा जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने मशक्कत की, लेकिन पानी न मिल पाने से सफल नहीं हो पाए। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई है। थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के राजस्व गांव भटौली एवं परसपुर सथरा के सर्वजीत तिवारी के पुरवा गांव में दो किसानों महेश यादव व परशुराम यादव का बिजली की शार्ट सर्किट से गेहूं व भूसा जलकर राख हो गई। खेत में आग लगने की सूचना होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण गुहार लगाते हुए खेत पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। गांव निवासी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि परसपुर सथरा से बसवार कलां तक बिजली का तार काफी नीचे लटका हुआ है। बताया कि तार इतना नीचे है कि खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर की छतरी में कभी-कभी तार छू जाता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की गई लेकिन बिजली के तार को कसा नहीं गया। वहीं हैरिंग्टनगंज विद्युत वितरण केंद्र के अवर अभियंता नंदलाल कनौजिया ने बताया कि पता करवा कर ढीले तारों को कसा दिया जाएगा।

## 25 हजार का इनामी शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**बाराबंकी।** एसटीएफ, अयोध्या, थाना रामसनेहीघाट की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट की घटनाओं में वांछित 25 हजार रूपये के इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। टीम ने इसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल व 02 मोबाइल बरामद की है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसटीएफ अयोध्या व थाना रामसनेहीघाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विभिन्न मामलों में वांछित 25 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त बबलू पुत्र भाईलाल निवासी कोईलावर मांझा थाना दरियाबाद को बाबा रामसनेही मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद मोटरसाइकिल अपाचे व 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## रंगे हाथ धरे गए 11 जुआरी, 67 हजार रुपए बरामद

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 11 जुआरियों को किया गया गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 156 ताश के पत्ते व कुल 67,710 रूपये नगद बरामद किये। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 11 अभियुक्त राजू पुत्र नियामत अली निवासी ग्राम उथौली थाना सफदरगंज, दीपक कुमार पुत्र स्व0 अंजनी कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम नूरपुर मोतीपुर थाना असन्दा, राजू घोसी पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम सुमेर गंज थाना रामसनेही घाट, साहेब आलम पुत्र मो0 जकील निवासी ग्राम उधौली थाना सफदरगंज, प्रिन्स पाल पुत्र अमर सिंह निवासी देवकली थाना जैदपुर, वाहिद पुत्र मुस्ताक निवासी जैसूपुर थाना मवई जनपद अयोध्या, सौरभ कुमार पुत्र राम केतार निवासी जठौती कुर्मियान थाना दरियाबाद, जुनैद अहमद पुत्र मोलहे निवासी मो0 चौधरियान थाना दरियाबाद, मो0 जमील पुत्र इजहार अली निवासी मोहना थाना सतरिख, बली मोहम्मद पुत्र बफाती निवासी नियामतपुर थाना सफदरगंज, राजू पुत्र माता प्रसाद ग्राम मखदूमपुर पटरंगा जनपद अयोध्या को शिवालिक रेजीडेन्सी होटल मयूर कालोनी से गिरफ्तार किया गया।

### मतदाता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** क्षेत्र के लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल जरगावां बाराबंकी में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री असद अब्बास ने विद्यालय के बच्चों व अभिभावकों से मतदान अवश्य करने की अपील की और बच्चों को निर्देशित किया की सभी बच्चें अपने घरों में जो लोग मतदान के योग्य हो गए हैं उनसे ज़रूर बताएं की आगामी 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें । प्रधानाचार्य ने संगोष्ठी में मौजूद सभी लोगों से कहा की आगामी 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन ÷पहले मतदान फिर जलपान÷ करने को कहा। संगोष्ठी का संचालन करते हुए अली जाफर ज़ैदी ने भी सभी लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील की।

कार्यक्रम में शिव हर्ष वर्मा मो. सामिन रजाउल मुस्तफा प्रवेश कुमार अखिलेश यादव शाने आलम मो. मुशीर सूर्य लाल रावत मुनीर खान महावीर के अलावा अभिभावकों और बच्चों ने हिस्सा लिया।

# विकसित भारत बनाने में कानूनी पेशे की भूमिका अहमः गौरव भाटिया
# अधिवक्ता समागम में बोले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवम भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी दिन रात मेहनत कर रहे है। कहा मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब बड़े सपने देखता है और उसे पूरा भी करता है।उन्होंने विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में न्याय प्रणाली के लिए मजबूत, स्वतंत्र और निष्पक्ष नींव की आवश्यकता पर बल दिया। गौरव भाटिया शनिवार को जिला बार सभागार में आयोजित ÷विकसित भारत बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका÷ विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अंग्रेजो के बनाए कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता कानून को संसद से पारित होने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने भारत के विकास में कानूनी बिरादरी की भूमिका को सराहा। कहा कि वर्षों से न्यायपालिका और बार भारत की न्यायिक प्रणाली के संरक्षक रहे हैं। स्वतंत्रता संग्राम में कानूनी पेशेवरों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर, सरदार पटेल आदि का उदाहरण दिया। कहा कि कानूनी पेशे के अनुभव ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का काम किया है और आज की निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली ने भारत में दुनिया का विश्वास बढ़ाने में भी मदद की है। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक ओम पाल ने बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए कहा कि अबू धाबी में मंदिर बनना और उसके उद्घाटन में प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी विश्व में भारत की बढ़ती साख का प्रमाण है। कहा नरेंद्र मोदी सच्चे राष्ट्र भक्त होने के कारण अगली पीढ़ी के भविष्य के बारे में सोचते है इसलिए अगले 25 वर्ष में भारत को दुनिया के विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व विशिष्ट अतिथि एचजीएस परिहार ने कहा कि अधिवक्ताओं की तर्क पूर्ण बहस के चलते ही रामजन्म भूमि पर सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। संचालन अधिवक्ता राम लखन शुक्ला ने किया।भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने नव नियुक्त बार कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुचकुंद सिंह, रवि सिंह सिसौदिया, अमित शुक्ला, बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, प्रदीप सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनूप यादव, जिला प्रचारक सुदीप, श्रवण सिंह, पीसी राम, देवी शरण गुप्ता, सुनीत अवस्थी, सुषमा शर्मा, सचिन प्रताप सिंह, अनिल पाण्डे, ज्योत्सना पाल, अल्पना श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।06

### गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध हुए दुष्कर्म के दो आरोपी

**रामनगर बाराबंकी।** थाना पुलिस ने युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। इनकी संपत्ति की जांच भी की जाएगी अगर सम्पत्ति अनियमित मिली तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि कस्बा रामनगर के निवासी अनवारुल हक उर्फ बाबा खां व अरमान पर आरोप है कि बीते चार फरवरी को यह लोग एक युवती को बहला फुसला कर घर ले गए थे। इसके बाद उसे बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। रामनगर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मात्र दो माह के अंदर विवेचना समाप्त कर बीते 27 मार्च को अदालत में आरोप पत्र दी दाखिल कर दिया था। अब रामनगर के कोतवाल रत्नेश कुमार पांडेय की तहरीर पर दोनों के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है।

# इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता



**माता प्रसाद पांडेय, चमन आरा, सैयदा खातून व लालजी यादव ने कराया नामांकन**

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में संसदीय क्षेत्र 60 - डुमरियागंज से नामांकन के छठवें दिन शनिवार को इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी पुत्र स्व. हरिशंकर तिवारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में बनाये गए नामांकन कक्ष में अपने प्रस्तावक व समर्थक के साथ पर्चा दाखिल किया।

संसदीय क्षेत्र 60-डुमरियागंज से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने अपना नामांकन किया। नामांकन के लिए उनके साथ पार्टी जिलाध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व इटवा विधायक माता प्रसाद पांडेय, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, नगर पालिका अध्यक्ष बांसी चमनआरा राईनी सहित समर्थक व प्रस्तावक नामांकन कक्ष तक गये। इससे पूर्व पार्टी कार्यालय के समीप एक होटल से नामांकन के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं व भारी जनसमर्थन के साथ निकाले गये जुलूस में उत्साह से लबरेज लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक आये। सुबह 11 बजे कुशल तिवारी अपने समर्थकों के साथ सनई चैराहे से निकले। समर्थकों में सपा के अलावा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे। सनई से लेकर कलेक्ट्रेट तक कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाये।

जैसे ही हुजूम कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचा। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद कुशल तिवारी और पांच लोग अंदर गये और जिलाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। नामांकन पत्र जमा करने के बाद मीडिया से बातचीत में कुशल तिवारी ने कहा कि पिछले 15 सालों से यहां की जनता विकास के नाम पर ठगी गयी है। इसीलिए इस बार वह बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव झूठ फरेब और नफरत के खिलाफ मोहब्बत से है। जिसमें मोहब्बत की जीत होगी और 15 साल का हिसाब हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुहम्मद मुकीम, जिलाध्यक्ष कांग्रेस काजी सुहेल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव डा. अरविंद शुक्ला, आप के जिलाध्यक्ष, इद्रीस पटवारी, उग्रसेन सिंह, विनय शंकर तिवारी, कमाल खां, अरशद खुर्शीद, जमील सिददीकी, मणेन्द्र मिश्रा मशाल, सागर पाठक, धर्मेन्द्र यादव, खुर्शीद अहमद, मोनू दूबे, सुभांगी द्विवेदी, कमरूजहां, अनूप त्रिपाठी, अनूप पांडेय, राजू सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं व आमजन की मौजूदगी रही।

## दो दिनों से गायब युवक का मिला शव

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी शंखदीप उम्र 19 वर्ष पुत्र रामजियावन 2 मई गुरुवार को अपने घर से स्थानीय थाना क्षेत्र के हथियाव खुर्द गांव में अपने मौसा गंगाराम पुत्र स्वर्गीय रामनयन के घर आया हुआ था और गुरुवार के रात में ही वह वहां से गायब हो गया। जिसकी सूचना गंगाराम ने मुंडेरवा थान क्षेत्र निवासी अपने साढू रामजियावन को दिया। लड़के के गायब होने की सूचना पर साढू के घर पहुंचे पिता ने 3 मई शुक्रवार को लालगंज थाने पर पहुंच कर अपने पुत्र के गायब होने की तहरीर देकर गुमसूदगी का मुकदमा दर्ज करवाया और स्थानीय पुलिस सहित सभी लोग उसको खोजने में जुट गए। शनिवार को दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे लालगंज कुआंनो नदी पुल से पूरब लगभग 100 मीटर की दूरी पर नदी के पानी में तैरते हुए एक युवक पर कुछ लोगों की नजर पड़ी।

## मतदाताओं को फार्म 12घ के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराने को लेकर की गयी बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुपस्थित मतदाताओं को फॉर्म 12 घ के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में बैठक आयोजित किया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र तथा 40त्न से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं वे होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। इसके संबंध में फॉर्म 12 घ के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया जाता है। बैठक के दौरान इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी/ सहायक रिटर्निंग आफिसर से विधानसभा वार अब तक किए गए कार्यों की बिंदूवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान होम वोटिंग कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी/ सहायक रिटर्निंग आफिसर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ महेश चंद द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## बसपा प्रत्याशी कमर हयात ने किया नामांकन



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अंबेडकरनगर से बसपा प्रत्याशी कमर हयात ने नामांकन के दौरान मीडिया कर्मियों से प्रेस वार्ता के दौरान सपा व भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लड़ाई तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी से हमारी होगी लड़ाई मुस्लिम समुदाय के लोग बहन जी से जुड़कर कंधे से कंधा मिलाकर चलने का किया वादा विकास को लेकर जनपद में हुए विकास कार्य को लेकर बसपा प्रत्याशी द्वारा यह भी कहा गया कि यह विकास बहन के कार्यकाल में हुआ और सर्व समाज के लोगों को सम्मान भी मिला लेकिन वहीं पर समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में जिले में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ इतना ही नहीं वर्तमान सरकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में कोई विकास नहीं दिखा बसपा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को जोड़ते हुए बसपा के प्रत्याशी कमर हयात ने साधा निशान और अपनी जीत का डंका पीटते हुए अन्य पार्टियों को चुनौती देते हुए जताया आक्रोश इतना ही नहीं गरीब जनपद वासियों खो जो इज्जत सम्मान बहन जी के सरकार में मिला वह इज्जत सम्मान गरीब परिवार को इस सरकार में नहीं मिल रहा है बस प्रत्याशी ने कहा मुद्दा जो है वह मुद्दा गरीब जनता स्वयं जान रही है महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचारी इनसे बड़ा मुद्दा कोई हो ही नहीं सकता इन सब परिस्थितियों को देखते हुए बहन जी ने हम जैसे मुस्लिम समाज को अपना आशीर्वाद दिया है और अंबेडकर नगर से बसपा की जीत अवश्य होगी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत निबंध लेखन व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**जोगिया सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में जहां ममता राजपूत ,विंध्यवासिनी, महिमा,शिवानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो श्यामिनी, दामिनी, मानसी, काजल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दिव्या, प्रीती, मनीषा व संध्या की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, निबंध लेखन प्रतियोगिता में विंध्यवासिनी ने प्रथम स्थान, ममता राजपूत ने द्वितीय स्थान, श्यामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामना दिया तथा उनका हौसला आफजाई किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण पंकज कुमार द्विवेदी, अंगद प्रसाद, लक्ष्मी सिंह, सोनाली देवी, श्याम सुंदर मल्ल, अरुण लाल श्रीवास्तव, लिपिक दिनेश धर द्विवेदी, दुर्गेश मुनीराम लोधी, राजन गोड़, विशाल पाठक आदि सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक सप्ताह पूर्व गायब समर का नही लगा पता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के भरौली कैथवलिया गांव निवासी सुरेंद्र तिवारी का 12 वर्षीय मासूम समर का एक सप्ताह से कहां है इसकी जानकारी परिजनों को नही मिली। मासूम के पिता ने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर बच्चे के साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है। त्रिलोकपुर पुलिस को दिए अपने तहरीर में पिता सुरेंद्र तिवारी ने बताया हैं कि समर तिवारी (उम्र 12 वर्ष) 28 अप्रैल को दोपहर करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। शाम तक वापस घर नही आया तो हम लोग परेशान हो कर अपने रिश्तेदारों के साथ ही मित्रों आदि सगे संबंधियों के यहां पता किया, मगर समर का कही पता नही चला। जिसके बाद पिता सुरेंद्र तिवारी ने 2 मई को त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर चंदन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# टीपू सुल्तान ने मजबूती से किया ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** शनिवार की देर शाम भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के रहीमपुर गांव में टीपू सुल्तान की शहादत दिवस मनाई गई।इस दौरान कैंडल जलाकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई।वहीं देश की आजादी में उनके योगदान की चर्चा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने कहा कि टीपू सुल्तान ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करते हुए मुल्क की आजादी में अहम भूमिका निभाई। वे हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे।

अपने 17 वर्षों के शासन काल के दौरान उन्होंने तत्कालीन मैसूर राज्य (वर्तमान में कर्नाटक) के तमाम हिन्दू मंदिरों को भूमि सहित चांदी व सोने के बर्तन दान दिए।श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य की मांग पर मराठा आक्रमणकारियों से मठ की सुरक्षा किया।टीपू ने न्यायालयों में धार्मिक मामलों की सुनवाई के लिए मुस्लिम काजियों के साथ हिन्दू पंडितों की भी नियुक्ति किया। उनके राज्य के कोषाध्यक्ष कृष्णा राव थे। टीपू अंग्रेजों से लड़ते हुए 4 मई 1799 को शहीद हो गए। अतः उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। छात्र नेता मु0 मुस्ताक ने कहा कि टीपू सुल्तान को भारत से अपार प्रेम था। उन्होंने अंग्रेजी सेना से लड़ते हुए देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक कदम उठाए। उन्होंने जाति-धर्म से ऊपर उठकर देशहित मे काम किया।अतः आज के नौजवानों को टीपू सुल्तान की वीरता व संघर्षो से प्रेरणा लेकर देश व समाज की तरक्की के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मु ईशा, मु मूसा, दिल मुहम्मद, तैय्यब आलम, बाबुद्दीन, मु ताहिर, शमीर आलम, राज मुहम्मद, जाकिर, यूसुफ, हाफिज इमरान रजा, इरशाद, गुलाम हुसैन, आबिद, सलामुद्दीन, साहब हुसैन, महबूब, अफरोज, आबिद, गुलाम रसूल, अमीर, शाह आलम, इरफान, अफजल, जाहिद, सिराजुद्दीन, फरमान, साजिद, आरिफ, गोल्डन, गफ्फार आदि मौजूद रहे।

## औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अनंत फार्मा सद्दरपुर टांडा, सुधीर मेडिकल स्टोर अरिया बाजार, चौधरी मेडिकल स्टोर सद्दरपुर टांडा, अमर मेडिकल स्टोर औरंगनगर पहितीपुर बाजार अंबेडकरनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय लाइसेंस व औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। मौके पर औषधियों के रख रखाव की भी जांच की गई, एवम निर्देशित किया गया की बिना डाक्टर के पर्चे के कोई भी औषधि विक्रय न करें, जांच के दौरान जो भी कमियां पाई गई 03 दिन के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया की कोई भी औषधि बिना बिल के क्रय व विक्रय न किया जाए, एवं प्रतिष्ठान में अंदर व बाहर कैमरे अवश्य लगे होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान अनंत फार्मा सद्दरपुर से 3 एवम अमर मेडिकल स्टोर औरंगनगर से 3 संदिग्ध औषधियों का नमूना संकलित किया गया। कुल 06 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

## बसपा प्रत्याशी नदीम मिर्जा ने किया नामांकन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत छठवें चरण में शनिवार को बसपा प्रत्याशी नदीम मिर्जा ने सादगी के साथ बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम व जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद सहित प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ नामांकन किया। नामांकन के पश्चात कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि आने वाला दिन बसपा का है। देश में दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के अधिकार के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन ये याद रखिएगा बाबा साहेब के अनुयायी जाग चुके हैं। जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जो जोश और उत्साह दिखाया वो इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। डुमरियागंज लोकसभा की जनता किसी के बहकावे में ना आये हाथी वाला बटन दबा कर बसपा को मजबूत करें। इस दौरान जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष पट्टू राम आजाद, राजकुमार आर्या, विधानसभा प्रभारी डॉक्टर इंद्रजीत गौतम आदि लोगों की मौजूदगी रही।

# महाविद्यालय बना अखाड़ा : परीक्षा देने गये छात्र को शिक्षकों ने बेरहमी से पीटा

अवधनामा ब्यूरो



**दोनों तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर जांच में जुटी पुलिस**

**कुशीनगर।** बीएससी का परीक्षा देने गए छात्र को शिक्षकों द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। जनपद के एक महाविद्यालय में जहां पहले छात्रों के गुटबंदी ने शिक्षक को पिट दिया। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया तो वहीं शिक्षको ने गुटबंदी कर बाहर से लोगो को बुलाकर छात्र की इस कदर पिटाई कराइ कि छात्र मरणासन्न हो गया। मामला पुलिस तक पहुंच गया और दोनों तरफ से दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने छानबीन कर कानूनी कार्यवाई करने की बात कह रही है।

बता दे कि पूरा मामला पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगल गायघाट स्थित बद्री नारायण महाविद्यालय का है। जहां गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है महाविद्यालयों में विभिन्न परीक्षाएं चल रही है। विष्णु प्रताप महाविद्यालय सिगहां के छात्र अभिषेक भी परीक्षा देने बद्री नारायण महाविद्यालय गायघाट में आया था। परीक्षा के दौरान शुक्रवार को छात्र और शिक्षक के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसमे छात्रों के एक गुट ने शिक्षक से पूछताछ के दौरान को मारपीट कर लिया। इस मामले में घायल शिक्षक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नकल करने से जब रोका गया तो उग्र छात्र अपने साथियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाई कर ही रहा था कि शनिवार को फिर शिक्षक गुट ने छात्र को पिटवाकर घायल कर दिया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल छात्र ने बताया कि एक दिन पूर्व हुए विवाद को मेरे द्वारा सुलझाने से नाराज शिक्षक से हैवान बने टीचर ने कुछ भाड़े के गुंडे बुलाकर पिटाई करा दिया। घायल ने बताया कि परीक्षा के बाद मुझे परीक्षा कक्ष में ही रोक दिया गया। जब सभी छात्र चले गए तो कुछ बाहरी गुंडे हाथ में लाठी - डंडा लेकर घुसे और दौड़ाक्कदौड़ाकर मारने पीटने लगे। जबतक और छात्र इकठ्ठा हुए तब तक गुंडे मारपीट कर कर मरणासन्न कर फरार हो गए। सुचना पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल भेजवा कर उचित कानूनी कार्यवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया।


इस मामले में कुशीनगर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया कि सुचना पर पडरौना कोतवाली पुलिस पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल भेजवा दिया जहा इलाज चल रहा है। दोनों पक्ष से मिले तहरीर के आधार पर कठोर कानूनी कार्यवाई की जायेगी।

## असरारुल औलिया रहमतुल्लाह का मनाया गया उर्स



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह कैंपस में स्थित सूफी संत असरारुल औलिया रहमतुल्ला अलैह के उर्स के पहले दिन शनिवार को सज्जादानशीन सैयद आरिफ अशरफ ने खिरका पोशी की रस्म अदा की। प्रसिद्ध सूफी संत सैयद मखदूम अशरफ के आस्ताना सहन पर खड़े होकर दुनिया भर में अमन शांति व देश की खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मागी। सुबह 9 बजे सज्जादा सैयद आरिफ अशरफ अपनी खानकाह से जायरीनों के साथ आस्ताने मखदूम अशरफ पर हजरत असरारुल औलिया रहमतुल्ला अलैह के सज्जादानशीन तशरीफ ले गए। जुलूस का इस्तकबाल करते हुए स्थानीय लोगों ने अपनी घरों की छतों से पुष्प वर्षा की। सैयद आरिफ अशरफ ने कहा शुक्रवार को चादर पोशी रस्म के बाद कव्वाली होगी। इसके बाद उर्स का समापन होगा। उक्त अवसर पर फ़िरोज़ राहत, क़ासिम नसीबी, डॉ सजर, इरफान दानिश, सरफुद्दीन अशरफ, अब्दुल रहमान, साने ए हबीबी, शाहिद जमाल, शाहिद नूरानी, मौलाना सादिक़, सैयद आले मुस्तफ़ा, सैयद अज़ीज़, सैयद दस्तगीर, सैयद सोहेब, सैयद गुड्डु, आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में भट्ठा मजदूर की मौत



**पौली अवधनामा संवाददाता।** धनघटा थाना क्षेत्र के आबाद ब्रिक फिल्ड शिवापार (विरीतिया) मे शनिवार को छतीसगढ बिहार के एक भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति मे मौत हो गई । सूचना पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के अबाद ब्रिक फिल्ड शिवा पार बिरतिया ईंट भट्ठे पर छतीसगढ बिहार से एक संजय निषाद 45 वर्ष अपने पत्नी सहित 6जनवरी से कार्य कर रहा था। 25 अप्रैल को उसकी पत्नी व एक लगभग 5 वर्षीय बेटे को अपने बहनोई व शाली के साथ पत्नी की छोटी बहन की शादी मे शामिल होने के लिए घर भेज दिया। चार मई शनिवार की सुबह भट्ठे पर मौजूद सभी मजदूर अपने-अपने कार्य पर लग गये। तो उसके साथ काम करने वाला एक संतराम नाम का मजदूर उसको कार्य पर न देख उसको ढुढते हुए उसके आवास पर गया तो आवास मे लगी एक बल्ली से लट्के हुए संजय को देख कर अवाक रह गया। और शोर मचाने लगा। शोर सुन भट्ठे के सभी मजदूर व कर्मचारी भी पहुँच गये। जिसकी सूचना पर पहुँची मुकामी पुलिस शव को अपने कब्जे ले पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन कर रही है।

## नामांकन हेतु मजिस्ट्रेट की लगाई गई ड्यूटी

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 का नामांकन दिनांक 7 मई 2024 से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें उप जिलाधिकारी/डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने विवरण के क्रम में उन्होंने बताया कि अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को रविंद्र नगर चौराहे पर यातायात कार्यालय पर लगे बैरियर पर, हीरालाल डिप्टी कलेक्टर को विकास भवन के पश्चिमी गेट के पास लगे बैरियर के पास, आशुतोष डिप्टी कलेक्टर को कलेक्ट्रेट गेट पर, योगेश्वर सिंह उप जिलाधिकारी कप्तानगंज को सर्किट हाउस के पास लगे बैरियर पर, मोहम्मद जफर उप जिलाधिकारी को एआरटीओ ऑफिस के पास लगे बैरियर पर, धर्मवीर सिंह तहसीलदार कसया को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के आवास के सामने बैरियर पर, सुमित कुमार सिंह तहसीलदार पडरौना को जिला न्यायालय गेट के सामने लगे बैरियर पर ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने कार्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

## शरारती तत्वों ने पुरानी रंजिश को लेकर पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र भरसाड में शरारती तत्वों ने पुरानी रंजिश को लेकर शरारती तत्वों ने मारपीट कर रिश्तेदार का बोलोरो तोड़ डाली। पीड़ित ने शरारती तत्वों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड़ निवासी दिवाकर साहनी पुत्र बालगोविंद साहनी को 2 मई को पड़ोसी पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा था। शुक्रवार को कुछ रिश्तेदार बोलोरो से घर पर आए थे। उसी दौरान आधा दर्जन की संख्या में शरारती तत्व आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडे रॉड से पीटने लगे। बचाव करने गया लडके बृजेश को मारपीट कर घायल कर दिए और बोलोरो को तोड़ डाले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह तोमर ने कहा की मामला संज्ञान में है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जायेगा।

## दबंगों ने मजदूरी मांगने पर मारपीट कर किया घायल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरनाद निवासी जयचंद पुत्र बसंत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दबंगों पर मजदूरी मांगने पर लाठी डंडा से मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के जयचंद पुत्र बसंत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 मई को रात करीब 10 बजे गांव के ही महेश पुत्र राजबली, सोनू, मोनू पुत्र महेश और प्रदीप पुत्र जीतू ने मजदूरी मांगने पर लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि जयचंद की तहरीर पर महेश, सोनू, मोनू और प्रदीप के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## आज दिन में बाधित रहेगी नगर की विद्युत आपूर्ति

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर अमेठी की विद्युत आपूर्ति कल रविवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। बताया गया है कि नगर स्थित 33 / 11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर स्थापित 11 के वी पैनल को बदलकर नया 11 के वी पैनल लगाने का कार्य इस अवधि में किया जाएगा। जिसके कारण नगर की विद्युत आपूर्ति 5 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी।

# दो निजी अस्पतालों पर गिरी प्रशासन की गाज, मुकदमा दर्ज



**आलापुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जहाँगीरगंज क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पतालों के संचालन पर स्वास्थ्य महकमें ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अवैध अस्पतालों के संचालन की जाँच करने पहुँचे डिप्टी सीएमओ डॉ आशुतोष, डॉ संजय वर्मा, जहाँगीरगंज चिकित्सा अधीक्षक उदयचंद यादव एवं उनकी टीम को माडरमऊ रोड पर स्थित अमन हॉस्पिटल एवं विकास ऑर्थो सेंटर नाम के दो अस्पताल अवैध मिले। अमन हॉस्पिटल में भर्ती किए हुए कई मरीज एवं उनके तीमारदार मिले जबकि अस्पताल में एक भी चिकित्सक या अन्य स्टाफ नहीं पाया गया।भर्ती मरीजों ने जाँच की पूछताछ में जिस पति पत्नी को चिकित्सक बताया वह अस्पताल का पंजीकरण एवं अन्य जरूरी कागजात नहीं दिखा पाए। इसी के ठीक बगल विकास ऑर्थो सेंटर पर कोई भी भर्ती किया हुआ मरीज नहीं मिला। बताया गया है कि अमन हॉस्पिटल पर जाँच टीम के पहुँचने के दौरान ही मौजूद डॉ एवं उनके स्टाफ अस्पताल का शटर गिराकर फरार हो गए।बाद में अस्पताल के अंदर रहे एक जिम्मेदार के जरिए अस्पताल को खुलवाकर जाँच की गयी तो यहाँ भी जाँच अधिकारियों को अस्पताल पंजीकरण से लेकर कोई लीगल कागजात प्राप्त नहीं हो सके।ऐसी स्थिति में जाँच टीम द्वारा दोनों निजी अस्पतालों को तात्कालिक रूप से अवैध करार करते हुए सीज कर दिया गया। सीएचसी प्रभारी ने जहाँगीरगंज थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव को तहरीर देकर अवैध चिकित्सालय का संचालन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## कांग्रेस की पहली प्राथमिकता रोजगार : वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने अपने जनसंपर्क अभियान के क्रम में शनिवार को सिसवा विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में मीटिंग कर लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पांच गारंटी को बिस्तार से बताते हुए कहा कि एक एक गारंटी जनता और देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हर घर की मुखिया महिला के खाते में प्रति माह साढ़े आठ हजार रूपए दी जाएगी जो हर घर को आर्थिक मजबूती देगी। उन्होंने किसानों के कर्ज माफी से लेकर मंहगाई पर काबू पाने के कांग्रेस की प्लान को विस्तार पूर्वक समझाया। कहा कांग्रेस की पहली प्राथमिकता बेरोजगारी दूर करने की है। सिसवा क्षेत्र के मटियरिया बंदी, बिलासपुर, गौरा, मौलवी टोला खुडरी शुकल टोला सोफड़ा प्रधान टोला कुइंया, परसिया, बरहरा, महंथ, बरियारपुर पकड़ी चौबे सहित 19 ग्राम सभाओं में जनसंपर्क किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्यारे प्रसाद, अतुल पटेल, ओम प्रकाश चौधरी, बब्बू शाही, प्रणय गौतम, रिजवान, सिकंदर आलम, दीप चंद तिवारी आदि मौजूद थे।

## 'वोट जेहाद' के मायने

दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमरीका और सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजकल जेहाद की गूंज है। संदर्भ और कारण अलग-अलग हैं। अमरीका के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमरीका में जेहाद नहीं चाहिए। अमरीका में यूनिवर्सिटीज का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फलस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित हैं। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इजरायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमरीका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़ कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। यह अमरीका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस को देख लो। लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमरीका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। बहरहाल भारत में आम चुनाव का मौसम है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। सम्पन्न और शिक्षित परिवार से हैं। फिर भी इतनी सांप्रदायिक और देश-विरोधी सोच की हैं, उनका आह्वान सुनकर हैरानी हुई।

जेहाद सिर्फ नारेबाजी तक सीमित नहीं था, बल्कि मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। सवाल है कि क्या भारत में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि के अलगाववादी आह्वानों पर ही चुनाव कराए जा सकते हैं? चुनाव आपसी समभाव, सौहार्द और भाईचारे के भाव के साथ नहीं हो सकते? भारत तो संवैधानिक तौर पर 'पंथनिरपेक्ष' देश है। दरअसल इस तरह जेहाद की बात करना आपराधिक मानसिकता है। मारिया जैसे लोग चाहते हैं कि एक-एक मुसलमान घर से निकले और अपने तय मुस्लिम उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट सुनिश्चित करे। मुसलमानों को देश के संसाधनों पर भी पहला हक चाहिए। सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी ठेकों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आरक्षण चाहिए। कांग्रेस 2009 से अपने चुनाव घोषणा पत्रों में ऐसे आरक्षण या समान अवसर मुहैया कराने का आश्वासन देती आ रही है। उससे पहले भी ऐसी ही सोच रही होगी, लेकिन हमने खंगाल कर नहीं देखा। यह दीगर है कि मई, 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता के बाहर है, लेकिन वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पर्सनल लॉ, पोशाक, खान-पान और वक्फ के वर्चस्व को भी पूरी स्वतंत्रता दिए जाने की सुनिश्चित घोषणा कर चुकी है। क्या अब देश में 'शरिया कानून' भी लागू रहेगा? वोट के नाम पर जेहाद किस तरह होगा, किसी ने भी स्पष्ट नहीं किया। न सलमान खुर्शीद ने और न ही कांग्रेस ने 'वोट जेहाद' का खंडन किया है। जेहाद किस लोकतंत्र का हिस्सा या पर्याय है? हमने तो भारत में आतंकवाद के नाम पर भी जेहाद सुना है। देश के विभिन्न हिस्सों में जो आतंकी हमले किए गए हैं या जेहाद के नाम पर जो कत्लेआम, लहूलुहान जारी है, वह 'धर्मयुद्ध' किस तरह कहा या माना जा सकता है? मारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं है। उनके खिलाफ देश-विरोधी गतिविधियों वाले कानून में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। कभी 'लव जेहाद' सुनते हैं, तो कभी 'लैंड जेहाद' के नारे बुलंद किए जाते हैं। 'मुस्लिम आरक्षण' पर भी अदालतों के खिलाफ जेहाद बोला जा सकता है, क्योंकि सबसे ताजा स्थापना अदालत की ही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोट जेहाद' को लोकतंत्र के खिलाफ माना है, लिहाजा उन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण पर कांग्रेस से तीन लिखित गारंटियां मांगी हैं। चुनाव के संदर्भ में सभी बिरादरियों की बात होनी चाहिए।

## गुजरात के सभी मुख्य उमेदवारो के हलफनामे का पंचनामा


प्रतिक संघवी

आजकल चुनाव का माहौल है और सभी पार्टियाँ अपने प्रचार में लालची विज्ञापन देकर लोगों को अपनी पार्टी के लिए वोट लेने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन उस वोट को पाने के लिए चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल किया जाने वाला हलफनामा सच्चाई सामने ला देता है। वे सामने से चिल्ला-चिल्लाकर गुजरात की स्थितियों और तथ्यों की घोषणा करते हैं। लेकिन सच तो यह है कि आम आदमी इस तरफ से नजरें चुरा लेता है।या उसे यह पता ही नही है के उसके नेताओं की कागजी हकीकत क्या है?

गुजरात हलफनामे की बात करें तो गुजरात में मुख्य पार्टी बीजेपी कांग्रेस और आप के जरिए कुल 51 उम्मीदवारों के विश्लेषण पर नजर डालें तो सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि जो उम्मीदवार इस बड़े चुनाव को गतिशील गुजरात में लड़ रहे हैं और वो भी सिर्फ बाहर से 51 प्रत्याशियों में से 18 प्रत्याशियों की सभी कागजी आय कम हो गई है जो बहुत ही शर्म की बात है और कभी-कभी हम सुनते हैं कि महंगाई के मुकाबले लोगों की खुशहाली बढ़ी है और आय भी बढ़ी है लेकिन यह बात बिल्कुल गलत साबित हो रही है। इस संबंध में इसी विषय पर आगे बढ़ते हुए, तीन उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने रिटर्न दाखिल नहीं किया है और दो उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने पिछले दो से तीन वर्षों से रिटर्न दाखिल करना शुरू कर दिया है। आय के मामले में थोड़ा और आगे बढ़ें तो साफ है कि ज्यादातर उम्मीदवारों के मामले में उनके पति या पत्नी की आय में उनकी तुलना में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। और कुछ मामलों में तो ऐसा है कि वह खुद विधायक या फिर संसद सदस्य हैं लेकिन उनकी पांच साल की आय में काफी बदलाव देखने को मिला है, वेतन स्थिर होने के बावजूद आय में बदलाव होना थोड़ा अजीब लगता है। हम सभी जानते ही की एचयूएफ की आय कैसी है, किसके पास है, और आदमी कब एच यू इफ का रिटर्न फाइल करता हे। अगर हम उनके विश्लेषण को देखें, तो 51 उम्मीदवारों में से कुल 12 उम्मीदवारों की आय एचयूएफ से है और बाहर है। इनमें 10 बीजेपी के और दो कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. पूरी दुनिया जानती है और वकील सीए अकाउंटेंट भी अच्छी तरह से जानते हैं कि एचयूएफ आय कब और कैसे दिखाई जाती है, अब अगर हम इस पर गौर करें तो यह भी सवाल उठता है कि इतने सारे सामाजिक कार्यकर्ताओं के पास एचयूएफ आय अर्जित करने का समय कहां होगा? क्या उन लोगों के पास 24 घंटे के बजा 48 घंटे का समय होगा? इससे परे देखें तो एक खास बात है जो हमारे गुजरात के लोगों के लिए बहुत जरूरी है। और अब भी वे अपना पैसा खर्च कर रहे हैं और फॉर्म भर रहे हैं, जबकि गुजरात में यह आर्टिकल 4 अंतर्गत 50 के स्टैम्प युज करने का कानून है, फिर भी 25 उम्मीदवारों ने 50 रुपये के स्टांप का इस्तेमाल किया है, जबकि 17 उम्मीदवारों ने 300 रुपये के स्टांप का इस्तेमाल किया है, और आठ उम्मीदवारों ने 100 रुपये के स्टांप का इस्तेमाल किया है। एक उम्मीदवार ने 50 के दो चरणों का उपयोग किया।

अब उन लोगों के बारे में सोचिए जो गुजरात के कानून बनाने जा रहे हैं, जिन लोगों ने अपने भरोसेमंद वकील के साथ हलफनामा बनाया है, वे खुद नहीं जानते कि गुजरात में हलफनामे के लिए लेख पर कितनी रकम का स्टैम्प होना चाहिए! और इसने से 50 फीसदी से अधिक उम्मीदवार संसद में जाएंगे और कानून बनाने का प्रस्ताव रखेंगे, और हमारे लिए सवाल उठाएंगे! जो काम 50 रूपये में हो सकता है वो अपने खर्चे पर 100 और 300 रूपये खर्च कर रहे है तो वह अपने पास आए सरकारी ग्रांट का काम कैसे करेंगे! और साथ ही यह लिखना अप्रासंगिक नहीं होगा कि विद्वान वकील भी अलग-अलग दिशाओं में कानून का अभ्यास कर रहे हैं या उन्हें अभी तक उचित आर्टिकल और उसके स्टैम्प ड्यूटी का पता नहीं है। तो यह हालात गुजरात के अंदर चल रही एजयुकेसन और एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम पर सवाल खड़ा करती है!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उम्मीदवार को नो ड्यू सर्टिफिकेट के लिए आवेदन के 48 घंटे के भीतर उन्हें यह प्रमाणपत्र निर्गमित किया जाए और उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र के साथ यह सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जोड़ना है, वह भी नामांकन के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक, अन्यथा फॉर्म की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी फॉर्म खारिज यानी अस्वीकार किया जा सकता है, जो उम्मीदवार के लिए रेखा अंकित करने वाली बात है,क्योंकि यह बात दिखने में छोटी है परंतु इसके सिवा उम्मीदवारी खारिज हो सकती है।

# तीन चरणों के उम्मीदवारों की खारिज़ हो सकती है उम्मीदवारी


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े और विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत में जारी सबसे बड़े चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरण हो चुके हैं तथा तीसरा चरण 7 मई 2024 को होगा व चौथ चरण के लिए दिनांक 13 मई 2024 को मतदान के लिए उम्मीदवारी फार्म जमा करने का अंतिम दिन आज 3 मई 2024 को हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1717 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।देशभर में 96 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग को संज्ञान में आया कि कुछ उम्मीदवारों द्वारा अपने सभी सरकारी बकाया चुकता करने के बावजूद उन्हें नो ड्यू सर्टिफिकेट नहीं मिल सका और उन्होंने अपने उम्मीदवारी फॉर्म के साथ यह सर्टिफिकेट नहीं जोड़ा था तो उम्मीदवारी फार्म जांच के दौरान उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया गया, वे उम्मीदवारी से बाहर हो गए इसका संज्ञान आते ही चुनाव आयोग द्वारा आज दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम बाकी बचे चार चरणों के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उम्मीदवार को नो ड्यू सर्टिफिकेट के लिए आवेदन के 48 घंटे के भीतर उन्हें यह प्रमाणपत्र निर्गमित किया जाए और उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र के साथ यह सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जोड़ना है, वह भी नामांकन के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक, अन्यथा फॉर्म की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी फॉर्म खारिज यानी अस्वीकार किया जा सकता है, जो उम्मीदवार के लिए रेखा अंकित करने वाली बात है,क्योंकि यह बात दिखने में छोटी है परंतु इसके सिवा उम्मीदवारी खारिज हो सकती है, इसलिए जैसे ही चुनाव आयोग का यह निर्देश मीडिया में आया तो हर मीडिया चैनल व प्लेटफार्म पर इस मुद्दे को लपक लिया गया और शाम से ही हवा की भांति पूरे निर्वाचन क्षेत्र में यह बात फैल गई। इसलिए मैंने भी आज इस करंट मुद्दे को आज केआर्टिकल के रूप में लपक लिया और लोकसभा चुनाव 2024 के बाकी तीन चरणों के उम्मीदवारों से विनती कर रहा हूं कि उम्मीदवार अटेंशन प्लीज उम्मीदवारी खारिज हो सकती है चूंकि आज 3 मई 2024 को चुनाव आयोग ने नए निर्देश तीन चरणों वाले प्रदेशों के सचिवों को जारी कर दिया है कि उम्मीदवार से आवेदन मिलने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यू सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाए, इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यू सर्टिफिकेट संलग्न नहीं करने पर जांच के दौरान उम्मीदवारी अस्वीकार हो सकती है उम्मीदवार ध्यान दें।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम सभी राज्यों



और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को जारी पत्र की करें तो, ईसीआई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को एक निर्देश जारी किया है। चुनाव आयोग के अनुसार सभी राज्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को समय से नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी करें। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में ईसीआई ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33ु के अनुसार आवश्यक फॉर्म 26 में एक शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने कहा कि कोई भी कॉलम न छूटे और फॉर्म पूरा हो, इसके अलावा चुनाव आयोग ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी आवास में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए किराया, बिजली बिल, पानी बिल और टेलीफोन बिल सहित सरकारी बकाया की भी जानकारी देने को कहा है। वहीं नो ड्यूज सर्टिफिकेट पर चुनाव अधिसूचित होने वाले महीने से तीसरे महीने की आखिरी तारीख या उसके बाद की कोई तारीख नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने बताया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि पर दोपहर 3 बजे तक शपथ पत्र के साथ नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा किया जाना चाहिए। सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यूज़ सर्टिफिकेट हासिल न करने पर जांच के दौरान उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जा सकती है।चुनाव आयोग का निर्देश 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान हुए कुछ घटनाक्रम के बाद आया है,जहां उम्मीदवारों को सभी बकाया चुकाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों से नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। चुनाव आयोग ने चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया में व्यवधानों से बचने के लिए इन प्रमाणपत्रों को समय पर जारी करने के महत्व पर जोर दिया, वहीं जिन उम्मीदवारों की शिकायत इस संबंध में आ रही है, ऐसे में उनसे निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे समय पर उम्मीदवारों को नो ड्यूज सर्टिफिकेट मिले। ईसीआई ने सुचारू चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित विभागों अधिकारियों और एजेंसियों से इन निर्देशों का तत्काल पालन करने को कहा। चुनाव आयोग ने राज्य सरकारों को उम्मीदवारों को आवेदन करने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने कहा कि सभी प्रकार के बकाया का भुगतान करने के बावजूद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा नहीं करने का असर नामांकन की जांच के दौरान प्रत्याशी की उम्मीदवारी पर पड़ता है। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने यह भी बताया कि संसदअथवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के समय उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत हलफनामा भी जमा करना होता है और यह पूर्णतः भरा होना चाहिए। आगामी 13 मई को चौथे चरण के लिए मतदान होना है।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 2 मई 2024 को राजनीतिक दलों को जारी एक एडवाइजरी की करें तो,लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने जारी अपनी एडवाइजरी में सख्त हिदायत दी है कि वो सर्वे के नाम पर मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाले स्कीम से जुड़ा रजिस्ट्रेशन कराना बंद करें। आयोग का मानना है कि ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इस तरह की गतिविधियों को गंभीरता से लिया गया है क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत एक भ्रष्ट आचरण है। पार्टियां और उम्मीदवार सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांग रहे हैं। इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए।

# शराब का रुवाब

हरी राम यादव

मानव समाज में हमेशा से शराब को अभिशाप तथा शराब पीने वालों को हिकारत तथा घृणा की दृष्टि से देखा जाता रहा है। सभी अपराधों की जड़ में शराब के बीज देखे जा सकते हैं। हर गलत काम की जननी शराब है। हर वह काम जो मानवता तथा नैतिक मूल्यों के खिलाफ है, शराब से शुरू होता है। आज समाज में अपराध का जो ग्राफ बढ़ रहा है उसके पीछे शराब एक प्रमुख कारक है। यह देखा गया है कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं भी शराब पीकर वाहन चलाने से हो रही हैं।

हमारे समाज में शराब का बहुत ही रुवाब है। यह सभी खुशी गमी वाले प्रयोजनों में देखी जाती है। या यों कहा जाए कि इसके बिना वर्तमान समाज का कोई भी काम पूरा नहीं होता, तो ग़लत नहीं होगा। वैसे तो इसका रुवाब पहले ही काफी था लेकिन कोराना काल में हुए लाकडाउन के बाद इसके रुवाब में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। कोरोना काल के लाकडाउन में जब हर चीज बंद थी, तो खुलने वालों में देवालय और शिक्षालय से पहले मदिरालय थे। हमारी सरकार को लोगों के भोजन और शिक्षा से पहले मदिरालय की चिंता हुई । और हो भी क्यों न क्योंकि इसे हमारे देश की सरकारों ने आय का जरिया समझ रखा है। देश में इसके रुवाब की स्थिति का पता इस बात से लगा सकते हैं कि सबसे पहले देश में अनलाक होने वाला स्थान मदिरालय ही थे , और इसमें बिकने वाली चीज थी शराब। हो सकता है कि भविष्य में इस प्राथमिकता पर प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न भी पूंछा जाए कि लाकडाउन में सबसे पहले अनलाक होने वाली स्थान/ चीज क्या थी? यदि ऐसा हुआ तो इसका रुवाब सातवें आसमान पर होगा।

शराब एक ऐसा पदार्थ है जिसकी समाज में चर्चा हर गली, चौराहे और चाय की दुकान पर होती है। इसकी चर्चा पीने और न पीने वाले दोनों खूब करते हैं। इसका इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। इसे पीने पर इसमें उपलब्ध अल्कोहल की मात्रा मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को सुस्त कर देती है जिससे पीने वाले को ऐसा लगता है कि इससे मजा और आराम मिलता है। इसका नाम लेते ही समाज का एक बड़ा तबका जहां नाक भौंहें सिकोड़ लेता है वहीं दूसरी ओर पीने वाला व्यक्ति ओठों पर जीभ फेरने लगता है।

1980 के दशक में जूनियर हाईस्कूल में एक विषय पढ़ाया जाता था 'नैतिक शिक्षा', इसमें एक पाठ होता था - नशा ले डूबा, जिसमें कहानी का नायक शराब पीने वाला होता है। शराब पी पीकर घर को बदहाली की कगार पर खड़ा कर देता है। घर में पैसे की भारी किल्लत रहती है। एक दिन उसका बेटा बीमार होता है। उसकी पत्नी जैसे तैसे कुछ बचाए हुए पैसों का इंतजाम करती है और अपनी पति को दवा लाने के लिए कहती है। स्वयं बच्चे की देखभाल करने लगती है। उसका पति दवा लाने के लिए जाता है और रास्ते में पड़ने वाली शराब की दुकान पर जाकर दवा के पैसों से शराब पी लेता है। इधर पत्नी दवा का इंतजार करती रहती है और पति शराब पीकर मदहोश होकर नाली के पास गिर जाता है। जब उसका नशा उतरता है तो वह घर की ओर चल पड़ता है। जब घर पहुंचता है तो देखता है कि उसकी पत्नी बेटे का सिर गोद में रखकर रो रही है। उसे पता चलता है कि उसका बच्चा अब इस दुनिया में नहीं रहा। वह जोर जोर से रोता है और फिर कभी शराब न पीने की सौगंध खाता है। यह केवल एक कहानी नहीं, हमारे समाज की हकीकत है। मानव समाज में हमेशा से शराब को अभिशाप तथा शराब पीने वालों को हिकारत तथा घृणा की दृष्टि से देखा जाता रहा है। सभी अपराधों की जड़ में शराब के बीज देखे जा सकते हैं। हर गलत



काम की जननी शराब है। हर वह काम जो मानवता तथा नैतिक मूल्यों के खिलाफ है, शराब से शुरू होता है। आज समाज में अपराध का जो ग्राफ बढ़ रहा है उसके पीछे शराब एक प्रमुख कारक है। यह देखा गया है कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं भी शराब पीकर वाहन चलाने से हो रही हैं। हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार जैसी अमानवीय घटनाओं के मूल में शराब ही है। यह घटनाएं या तो शराब पीकर हो रही हैं या तो शराब को खरीदने के लिए पैसों के जुगाड़ के लिए हो रही हैं।

शराब शब्द की दुश्चरित्रता उसके शब्द विन्यास से साफ झलकती है। शराब शब्द सड़ाव का सुधरा हुआ रूप है। जिसका अर्थ है सड़ा हुआ पानी। आज भी देश के कुछ इलाकों में महुआ तथा कुछ अन्य चीजों को पानी में सड़ाकर शराब निकाली जाती है। कहीं कहीं पर खराब फलों या उनके छिलकों को भी सड़ाकर शराब बनायी जाती है। जिस तरह से नाम बदल देने से कोई पदार्थ अपना गुण, धर्म नहीं बदल देता वैसे ही सड़ाव का नाम बदलकर शराब हो जाने से भी वह अपने अतीत को नही बदल पा रहा है। शराब शब्द दों शब्दों से मिलकर बना है शर तथा आब। जिसका अर्थ होता है तीर की तरह पानी। यानी कि ऐसा पानी जिसको पीने से वह तीर की गति से अपना काम करता हो। शराब को पीने वाले चाहे सुरा कह लें, मदिरा कह लें या वाइन कह लें, या पीने के लाख बहाने कर लें, शराब के काले अतीत को नहीं बदला जा सकता।

दुनिया के हर देश में, हर धर्म में शराब पीना वर्जित है। हिन्दू धर्म में भी मदिरा, मांस को तामसी और त्याज्य कहा गया है। कारण एक ही है कि शराब पीने के बाद शराबी अपने ऊपर से नियन्त्रण खो देता है, उसके पास सही गलत का निर्णय करने की क्षमता समाप्त हो जाती है। 30 से 40 मिलीग्राम शराब पीने के बाद मस्तिष्क के वे केन्द्र अपना काम करना बंद कर देते हैं जो कि शरीर के बिभिन्न कार्यों पर नियन्त्रण रखते हैं। यह अवरोधक केन्द्र मनुष्य को गलत काम करने से पहले रोकते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हम देखें तो हमारे शरीर मे 4 मिलीग्राम अल्कोहल की मात्रा हमेशा रहती है। यदि हम किसी भी रूप में और अल्कोहल अपने शरीर के अन्दर लेते हैं तो हमारा शरीर उसे उल्टी, पेशाब या पाखाने के रास्ते से बाहर निकालने का प्रयास करता है क्योंकि अल्कोहल मानव शरीर के लिए विजातीय पदार्थ है। शराब पीने के बाद अल्कोहल का कुछ भाग आहार नली द्वारा सोख लिया जाता है और कुछ देर बाद यह रक्त में मिल जाता है। दो बार से ज्यादा शराब पीने वाले लोगों के हृदय का बेन्ट्रीकुलर मास बढ़ जाता है। इससे शराबी व्यक्ति के हृदय की गति बढ़ जाती है। चार कदम पैदल चलने से सांस धौंकनी की तरह चलने लगती है।

शराब पीने से व्यक्ति के अन्दर स्वेत रक्त कणिकाओं की संख्या कम होने लगती है जिससे तरह तरह की बीमारियॉ घेरने लगती है। शराब पीने के बाद शराबी मदमस्त हो जाता है। वह हाथी की तरह झूमता हुआ चलता है। लोगों को गालियॉ देता है। अपने को सबसे बड़ा समझने लगता है। यहां तक देखा गया है कि शराबी अपने मॉ बाप को भी गालियॉ बकने लगते हैं। सरेराह लोगों के सामने पेशाब करने लगते हैं। कभी कभी शराबी नशे की हालत में कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिससे नशा उतरने के बाद जीवन भर उन्हें पछताना पड़ता है, क्योंकि समाज में एक बार छवि खराब होने के बाद उस छवि को कभी वापस नहीं लाया जा सकता। लोग शराब शौकिया तौर पर पीना शुरू करते हैं। कुछ लोग तो आधुनिक बनने की चाह में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए शराब पीना शुरू करते हैं। पहले वे आधा पैग पीते है। फिर नशा न होने पर कुछ दिन बाद एक पैग पीने लगते हैं। यह एक पैग बढ़ते बढ़ते कब एक बोतल में बदल जाता है , पता ही नहीं चलता। यह एक तामसी पदार्थ है। यह हमारी इन्द्रियों को मांस को खाने के लिए प्रेरित करता है। यह कटु सत्य है कि जिस तरह का हमारा आहार होगा उसी तरह के विचार हमारे अन्दर पैदा होगें। जिस तरह के विचार होंगे उसी तरह व्यवहार होगा। शराब पीने के साथ साथ लोग बीड़ी या सिगरेट भी पीना शुरू कर देते हैं। धीरे धीरे खर्च बढ़ना शुरू हो जाता है, आय कम होने लगती है क्योंकि शराब पीने वाला व्यक्ति नियमित तौर पर काम पर नहीं जा पाता।

# किसानों की जरूरत और पराली संकट का समाधान



फूलदेव पटेल

मुजफ्फरपुर जिला के पारू प्रखंड की स्थानीय महिला किसान शांति देवी कहती है कि हम लोग बहुत छोटे स्तर के किसान हैं। किसी तरह से अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई-बुवाई और सिंचाई कर लेते है। सोहनी (खर पतवार साफ करना) भी अपने से ही करते हैं क्योंकि इसके लिए एक मजदूर को तीन घंटे के लिए अस्सी रुपये देने पड़ते हैं। वह भी एक दिन में दस धुर यानी आधा कट्ठा खेतों में सोहनी कर पाता है। तैयार फसल को बेचने के बाद होने वाली आमदनी खेतों में जुताई-बुवाई, सिंचाई, सोहनी, खाद्य बीज, मजदूरी आदि काट कर हमें कुछ नहीं बचता है।

हम लोग बहुत मजबूर हैं, समयानुसार खेतों की जुताई-बुआई करनी पड़ती है। खेतों में सिंचाई तो स्वयं कर लेते हैं, लेकिन तैयार फसलों की कटाई के समय बहुत दिक्कत होती है। एक मजदूर को कम-से-कम चार सौ रुपये चुकाना पड़ता है। मजदूर केवल फसलों की कटाई करके चले जाते हैं और खेतों से पराली के अवशेष हटाने के लिए अलग से चार सौ रुपये देने पडते हैं। अब हम लोग आर्थिक रूप से इतने समृद्ध किसान तो हैं नहीं कि पराली हटाने के लिए मजदूर को अलग से 400 रुपए दें, इसलिए इसको खेत में ही जला देते हैं। दूसरी बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब मवेशियों की संख्या भी बहुत कम होने के कारण कोई फसलों के अवशेष खरीदने भी नहीं आता हैं। ऐसी स्थिति में खेतों में ही फसलों के अवशेष को जलाने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं होता है। यह कहना है बिहार का दूसरा सबसे बड़ा शहर कहा जाने वाला मुजफ्फरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का।

दरअसल बिहार के कई इलाकों में इन दिनों गेहूं की फसल कटाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब खेतों में उसके अवशेष पड़े हैं जिनको हटाने के बाद ही अगली फसल के लिए खेत को तैयार किया जा सकता है। लेकिन उसे हटाने के लिए भी मजदूर अतिरिक्त पैसों की डिमांड करते हैं जिसे पूरा करने में असमर्थ आर्थिक रूप से कमजोर किसान अब उस अवशेष को खेत में ही जलाने पर मजबूर हो जाते हैं। इसका असर राज्य के पर्यावरण पर नजर आने लगा है। अब दिल्ली की तरह ही बिहार में भी वायु प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर तक बढ़ने लगा है। इसमें उद्योगों से निकलने वाले जहरीले धुएं भी जिम्मेदार हैं तो वहीं किसानों द्वारा फसलों के जलाए जाने वाले अवशेष भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि बिहार में भी पराली जलाना कानूनन अपराध है लेकिन इसके बावजूद यह रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

इस संबंध में मुजफ्फरपुर जिला के पारू प्रखंड की स्थानीय महिला किसान शांति देवी कहती है कि हम लोग बहुत छोटे स्तर के किसान हैं। किसी तरह से अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई-बुवाई और सिंचाई कर लेते है। सोहनी (खर पतवार साफ करना) भी अपने से ही करते हैं क्योंकि इसके लिए एक मजदूर को तीन घंटे के लिए अस्सी रुपये देने पड़ते हैं। वह भी एक दिन में दस धुर यानी आधा कठ्ठा खेतों में सोहनी कर पाता है। तैयार फसल को बेचने के बाद होने वाली आमदनी खेतों में जुताई-बुआई, सिंचाई, सोहनी, खाद्य बीज, मजदूरी आदि काट कर हमें कुछ नहीं बचता है। ऐसी स्थिति में खेत का पुआल (पराली) को कहां ले जाएं? गांव में मवेशी भी बहुत कम होते जा रहे हैं। इसलिए उनके चारे के लिए इसे कोई खरीदता भी नहीं है। मजबूरीवश हम लोग खेतों में ही पुआल को जला देते हैं। वह



बताती हैं कि अक्टूबर-नवंबर के समय जब धान की कटाई होती है, उसके बाद सबसे अधिक पराली जलाई जाती है।

वहीं नाम नहीं बताने की शर्त पर सरैया प्रखंड के कुछ किसानों ने बताया कि हमें मालूम है कि पुआल जलाने से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है और यह अपराध भी है। लेकिन हम इसका क्या करें? इसका निस्तारण कहां और कैसे करना है कि हमें आर्थिक बोझ भी न पड़े, यह बताने वाला कोई नहीं है। सरकार पराली जलाने से रोकने के लिए जितना सख्त कदम उठाती है, यदि इसके निस्तारण की व्यवस्था पर भी इतनी ही सक्रियता दिखाए तो इसे जलाने की नौबत ही नहीं आएगी। इन किसानों का कहना है कि अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर किसान ही अंत में पुआल जलाने का काम करते हैं। इस संबंध में हुस्सेपुर पंचायत के पैक्स (प्राइमरी ऐग्रिकल्चर क्रेडिट सोसाइटी) अध्यक्ष विट्ठु कुमार यादव कहते हैं कि पराली जलाने वाली स्थिति के पीछे किसानों को फसल तैयार होने पर उसका उचित दाम नहीं मिलना और महंगाई एक बड़ा कारण है। दियारा इलाके के पशुपालक पहले धान या गेहूं के अवशेष मवेशियों को चारे के साथ देते थे। अब मवेशियों की संख्या भी कम होती जा रही है। उधर किसानों को फसल के अवशेष खेतों से लाने में महंगा पड़ता है। उन्हें उसका उचित दाम भी नहीं मिलता है। यही कारण है कि वह खेतों में ही अवशेष जलाने को मजबूर हैं। वह कहते हैं कि आज के समय में किसानों को खेती करना बहुत महंगा साबित हो रहा है। इसका मुख्य कारण मजदूरों की समस्या है। मजदूर नहीं मिलने से किसानों को फसलों की बुआई से लेकर उसकी कटाई तक यंत्रों का उपयोग अधिक किया जाता है। फसलों की दौनी (हार्वेस्टिंग) मशीनों से की जाती है।

फलस्वरूप उसके अवशेष खेतों में ही रह जाते हैं। जिसे पराली के रूप में जलाया जाने लगा है। इससे खेतों की उर्वरता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इस साल धान की फसल को किसानों ने ट्रैक्टर के माध्यम से दौनी कराने के बाद फसलों के अवशेष को खेतों में ही जला दिया। सरकार के लाख प्रयास के बावजूद भी किसानों ने नहीं माना। हालांकि पराली जलाने से खेतों की मिट्टी उपजाऊ नहीं रहती है। जहां-जहां भी पराली जलाई गई वहां की मिट्टी क्षारीय हो गई है। वहां फसल ही नहीं हुई। इसीलिए इस बार गेहूं की फसल पर प्रभाव पड़ा है। ऐसे में यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में पूरी जमीन क्षारीय हो सकती है। मुजफ्फरपुर स्थित कृषि विभाग में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) प्रभारी विक्की कुमार कहते हैं कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक व चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया जाता है कि वह अपने खेतों में फसल अवशेष यानी पराली न जलाएं। इससे खेतों की उर्वरता खत्म हो जाती है और खेत बंजर हो जाता है। वहीं इससे पर्यावरण दूषित होने के कारण तरह-तरह की बीमारियां होती हैं। यह कानूनन अपराध भी है। अगर खेतों में पराली जलाने वाले पकड़े जाएंगे तो उन्हें सरकार के सभी लाभकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाएगा। विगत कई वर्षों से स्थानीय स्तर पर कृषि से जुड़े मुद्दों पर लिख रहे स्तंभकार अमृतांज इंदीवर कहते हैं कि धान या गेंहू की पराली जलाने के बजाए जैविक खाद, बायोमास ऊर्जा, मशरूम शेड बनाने में उसका उपयोग किया जाये तो काफी हद तक समस्या का समाधान किया जा सकता है। खेत में पराली जलाना भारतीय दंड संहिता 188 के तहत गैरकानूनी है। दोषी पाये जाने वाले पर 6 माह की सजा के साथ 15 हजार जुर्माने का प्रावधान वर्णित है। दूसरी बात यह भी है कि पराली जलाने से वायुमंडल में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों का स्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। परिणामतः सांस की तकलीफ, सिरदर्द, दमा कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा मिट्टी की उपज भी काफी प्रभावित होती है। पराली जलाने के वक्त तापमान अत्यधिक बढ़ने की वजह से मिट्टी के अंदर मौजूद मित्रकीट मर जाते हैं।

# मुख्यमंत्री ने जनसभा में कांग्रेस पर किया जमकर प्रहार

## देश में औरंगजेब का जजिया कर जबरन लागू करना चाहती है कांग्रेस : योगी

अवधनामा संवाददाता

**गुना, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। भाजपा ने गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री योगी ने यहां केंद्र सरकार और सिंधिया राज परिवार की उपलब्धियां गिनाते हुए उनके लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस दौरान यहां उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो में बहुसंख्यकों की संपत्ति का सर्वे करने से लेकर अल्पसंख्यकों को खानपान की छूट देने जैसे प्राविधानों पर हमला किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि विरासत का सम्मान होना चाहिए और कांग्रेस कहती है कि विरासत पर टैक्स लगाएंगे। मतलब इनके समय में कोई राम मंदिर, कृष्ण मंदिर की बात नहीं कर सकेगा। वो आपके पूर्वजों के द्वारा अर्जित कमाई का भी सर्वे कराएंगे और आधी संपत्ति ले लेंगे और कहेंगे कि ये हमारा विरासत टैक्स है। ये कांग्रेस औरंगजेब के जजिया कर को जबरन लागू करना चाहती है जिसे कोई भारतीय स्वीकार नहीं करेगा। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री योगी का अंग वस्त्र और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

**■ कहा- इनकी सरकार बनी तो कोई राम मंदिर और कृष्ण के मंदिर की बात भी नहीं कर सकेगा'**

मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार में आपकी आस्था को भी सम्मान मिल रहा है और सुरक्षा का भाव जाग्रत हुआ है तो गरीब कल्याण के कार्य भी हो रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस का मैनिफेस्टो देखेंगे तो इसके उलट ही नजर आएगा। उन्होंने कहा कि मुगलों का एक बादशाह था औरंगजेब, जिसे सबसे क्रूर मुगल बादशाह माना जाता है। उसने एक कर लगाया था जजिया। आज कांग्रेस भी अपने मैनिफेस्टो में जजिया कर की बात कर रही है। मोदी जी कहते हैं कि विरासत का सम्मान होना चाहिए और कांग्रेस कहती है कि विरासत टैक्स लगाएंगे। ये कांग्रेस औरंगजेब के जजिया कर को जबरन लागू करना चाहती है जिसे कोई भारतीय स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस के समय में ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का प्रयास होगा और अनुसूचित जाति के आरक्षण में भी सेंध लगाने का प्रयास होगा। कांग्रेस कर्नाटक में ऐसा कर चुकी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो वो अल्पसंख्यकों को खानपान की आजादी देगी। कांग्रेस अब इतनी गिर चुकी है कि वह देश में गौहत्या को प्रश्रय देने की बात कर रही है। क्या राम और कृष्ण की धरती पर आप गौहत्या होने देंगे।



**'राम मंदिर के निर्माण से साकार हुआ राजमाता का सपना'**

मुख्यमंत्री योगी ने गुना और अयोध्या के बीच संबंध को लेकर कहा कि अयोध्या का रामजन्मभूमि आंदोलन का इतिहास गुना के लिए भी गौरवान्वित करने वाला है। इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए जो एक प्रमुख स्वर था वो था राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी का। राम जन्मभूमि आंदोलन के किसी भी कार्यक्रम में उन्होंने अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों को छोड़कर पहले से लेकर अंतिम दिन तक खुद को जोड़े रखा। प्रसन्नता इस बात की है कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद जब प्रभु श्रीराम विराजमान हुए तो राजमाता की आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी कि जो वर्षों का सपना था वो सपना आज की पीढ़ी साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज आप सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर ज्योतिरादित्य सिंधिया के रूप में आपको एक नेता मिला है, जिसके पास विकास का एक विजन है। उन्होंने भारत सरकार के नागर विमानन मंत्री के रूप में जो प्रगति की है वो अभूतपूर्व है। पहले देश के अंदर केवल 74 एयरपोर्ट थे और उन्होंने इस संख्या को 150 के ऊपर पहुंचा दिया।

# तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए सात मई को होगा मतदान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 07 मई को तृतीय चरण के तहत 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। तृतीय चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 05 मई, 2024 को सायं 06 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहे। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

**■ प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 07 मई को मतदान होना है।

# 'अतुल अंजान एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य और स्वामीनाथन आयोग के सदस्य अतुल कुमार अंजान जी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिजनों, उनके समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

नेता द्वय ने कहा है कि स्व. अतुल अंजान जी सरल स्वभाव के एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, जिनका संपूर्ण जीवन किसान, मजदूर एवं समाज के पिछड़े तपके के लोगों के लिये समर्पित रहा है, और उनके उत्थान के लिये हमेषा संहर्घ करते रहे हैं, उनके निधन से किसानों, मजदूरों एवं गरीबों का एक सच्चा हितैषी तथा शुभचिन्तक सदा सर्वदा के लिये चला गया है। हमने अपना एक पारिवारिक मित्र खो दिया है, ये हमारी व्यक्तिगत क्षति है।

**■ हमने अपना एक पारिवारिक मित्र खो दिया है, ये हमारी व्यक्तिगत क्षति : प्रमोद तिवारी**



हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. अतुल कुमार अंजान जी की आत्मा को चिरषांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों व समर्थकों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# लखनऊ पहुंचे केकेआर के स्टार खिलाड़ी



**लखनऊ।** लखनऊ में रविवार को होने वाले आईपीएल के मुकाबले में भाग लेने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम शनिवार को लखनऊ पहुंच गई है। केकेआर की टीम अमौसी एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे होटल के लिए रवाना हो गई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। कोलकाता टीम में सुनील नारायण व मिशेल स्टार्क जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं। वहीं, अपना तीसरा आईपीएल खेल रही लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के लिए मौजूदा सत्र शानदार रहा है। 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में तीसरे पायदान पर काबिज लखनऊ का लक्ष्य लीग मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्ष 2022 और 2023 के आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स ने अंक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# आईसीयू में हैं सपा-बसपा और कांग्रेस, इन्हें ऑक्सीजन मत देना : केशव

अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को बदायूं के कटरा सआदतगंज में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सब आईसीयू में हैं। इनको ऑक्सीजन नहीं देना चाहिए। अगर ऑक्सीजन पा गए तो ये फिर डसने का काम करेंगे। ये दंगाइयों माफिया का विकास करते हैं जबकि नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास करने का काम करते हैं।

केशव प्रसाद मौर्य करीब दो घंटे देरी से पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरा हेलीकॉप्टर बिगड़ गया था, जहाज से बरेली तक आना पड़ा। फिर बोले वह इससे पहले 2014, 2017, 2019, 2022 के चुनाव में आए थे तब आपने कमल खिलाया था। इस बार भी कमल खिलाएं। सपा पर सियासी वार करते हुए केशव ने कहा कि सपाइयों का नारा था, खाली प्लाट हमारा। सपा के गुंडे आपकी जमीनों पर कब्जा कर रहे थे लेकिन आज जमाना बदला है। ये गुंडई नहीं कर पा रहे हैं।



केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सैफई परिवार वाले क्या करते हैं, आप जानते हैं। भाजपा ने केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। साइकिल पंचर होकर सैफई चली गई। ये सब सपाई मेरे ऊपर गुस्साए रहते हैं। चाहें अखिलेश यादव हों, वह विधानसभा में भाषण देते हुए आपा खो देते हैं।

उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव या फिर रामगोपाल यादव हों, वो कहते हैं कि केशव प्रसाद मौर्य से साइकिल का पंचर बनवाएंगे। मैंने कहा कि हम साइकिल बचने नहीं देंगे, तुम पंचर क्या बनवाओगे लेकिन सपा के किसी नेता को गाली का जवाब गाली से नहीं देता हूं। आपसे भी अपील है कि आप भी गाली का जवाब, गाली से मत देना, सात मई कमल का बटन दबाना। उन्होंने कहा कि ये सारे विरोधी मिलकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद से हटाना चाहते हैं, इनसे सावधान रहना।

# अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 03 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4702 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,59,724 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 23,07,089 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8645 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8739 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 478 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3734 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 165 केन्द्रों को सीज किया गया।

**■ 4702 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये**

03 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

# जीवन-मूल्यों की शिक्षा से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा : डा. भारती

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन ऑडिटोरियम में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों का जीवन पर्यन्त साथ देती है। यदि हमने बच्चों में दया, क्षमा, सच्चाई, ईमानदारी, परिश्रम और सेवा भावना के गुण शुरू से ही डाल दिये तो छात्र समाज का उपयोगी नागरिक बनेगा। हमें बच्चों के किशोर मन में ही सर्वधर्म समभाव, सामाजिक एकता व विश्व एकता के विचार डाल देने चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को घर में ईश्वरभक्ति से परिपूर्ण आध्यात्मिक एवं संस्कारित वातावरण उपलब्ध करायें। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. द्वारा छात्रों को आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करने के कारण यहाँ के छात्र न केवल शिक्षा अपितु अन्य क्षेत्रों में भी नाम कमा रहे हैं और विद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं।



'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत द्वारा ईश्वरीय एकता का ऐसा आलोक बिखेरा कि पूरा ऑडिटोरियम एकता और भाईचारे के संगीत से गूँज उठा। समारोह में छात्रों ने अपने अभिभावकों के समक्ष विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सर्वांगीण विकास की शिक्षा पद्धति का भरपूर प्रदर्शन करते हुए जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व समाज की सेवा एवं उत्कृष्टता की अनूठी झलक दिखाई। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

# लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 112 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 118 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

**■ अब तक कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी**

# हमने मंदिर भी वहीं बनाया और तारीख को भी बतलाया : गौरव भाटिया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पहले ही कह दिया था कि वायनाड़ का चुनाव समाप्त होने के बाद शहजादे किसी अन्य सीट पर अपना भाग्य आजमाने जायेंगे। राहुल गांधी की अमेठी में जाने की हिम्मत नही थी। इसलिए अमेठी छोड़कर रायबरेली चुनाव लड़ने चले गये। उन्होंने कहा कि जब सोनिया गांधी जी पहले ही रायबरेली से अपनी हार मानकर राज्यसभा पहुंच गई। जब सोनिया जी खुद को रायबरेली से हारा हुआ मान चुकी है ऐसे में राहुल गांधी रायबरेली से कैसे जीतेंगे? राहुल गांधी वायनाड भी हारेंगे और रायबरेली भी हारेंगे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गौरव भाटिया ने कहा कि असंभव को संभव बनाने का नाम नरेन्द्र मोदी है। मोदी ने देश की अखंडता के लिए जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया। विपक्ष भाजपा पर प्रहार करता था रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे लेकिन तारीख नही बतायेंगे। हमने मंदिर भी वहीं बनाया और तारीख को भी बतलाया है। लेकिन बुलाने पर भी विपक्ष नहीं आया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की आयेंगी सीटे अस्सी में अस्सी, विपक्ष की जल जाएगी गुरूर की रस्सी। श्री भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती में जाकर कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। कभी ईवीएम पर तो कभी वीवीपैट पर प्रश्न खड़ा करते हैं। जब चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम भी सही और वीवीपैट भी सही और जब हार जाते हैं तो लोकतंत्र खतरे में होता है। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहें है। श्री भाटिया ने कहा कांग्रेस पार्टी तथा धमंडिया गठबंधन हिन्दू विरोधी है। कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नही, यानि कांग्रेसी विचार में बहुसंख्यक हिन्दू की देश में कोई जगह नही है। आज वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। जिहाद शब्द राजनैतिक शब्द नही है बल्कि साम्प्रदायिक शब्द है।



**■ कहा, असंभव को संभव बनाने का नाम नरेन्द्र मोदी है**

# जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 03 मई, 2024 तक कुल 33857.73 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3338.61 लाख रुपये नकद धनराशि, 4815.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 22343.31 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1167.71 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

**■ 211.86 लाख शराब, ड्रग व नकदी जब्त**

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 03 मई, 2024 को कुल 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 26.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 47.68 लाख रुपये कीमत की 17961.07 लीटर शराब, 137.85 लाख रुपये कीमत की 89480.24 ग्राम ड्रग एवं 0.12 लाख रुपये कीमत की 06 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# टीएमयू की तर्ज पर बनेगी भगवान बाहुबली यूनिवर्सिटी

## टीएमयू के भव्य कैंपस का भ्रमण करके देखा इंफ्रास्ट्रक्चर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कर्नाटक में प्रस्तावित भगवान बाहुबली यूनिवर्सिटी के निर्माण से पूर्व वहां के आला प्रबंधन ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का तीन दिनी सघन भ्रमण किया। वे सबसे पहले जिनालय में श्रीजी की आरती में शामिल हुए। इससे पूर्व इस चार सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का कैंपस में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना से पहले इस प्रतिनिधिमंडल ने एडमिन ब्लॉक में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से शिष्टाचार मुलाकात की। शाम को ऑडी में इस प्रतिनिधिमंडल ने वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग जैन स्टुडेंट्स, जैन फैकल्टीज़ और प्रशासनिक अफसरों के साथ इंटरेक्शन भी किया। इस मौके पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कर्नाटक से आए अपने मेहमानों को आश्वस्त किया, प्रस्तावित बाहुबली यूनिवर्सिटी के निर्माण में सहयोग के लिए टीएमयू तन, मन, धन से तैयार है। टीएमयू के दरवाजे मदद के लिए चौबीस घंटे खुले हैं। कुलाधिपति बोले, देशभर में इस समय 500 और यूनिवर्सिटीज़ की दरकार है। मेरा मन है, टीएमयू की तर्ज पर देश में और जैन यूनिवर्सिटीज़ खुलें। इससे पूर्व मेहमानों ने अपने संबोधन में कहा, श्री क्षेत्र श्रवणबेलगोला मठ के हमारे मठाधीश श्री चारूकीर्ति की दिली इच्छा है, कर्नाटक के हासन जिले में प्रस्तावित भगवान बाहुबली यूनिवर्सिटी भी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद (यूपी) के मॉडल पर खुले। उल्लेखनीय है, अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन की श्री क्षेत्र श्रवणबेलगोला मठ के मठाधीश श्री चारूकीर्ति जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई थी, जिसमें उन्होंने कर्नाटक में भगवान बाहुबली यूनिवर्सिटी खोलने की इच्छा जताई। साथ ही कहा, कर्नाटक से एक प्रतिनिधिमंडल टीएमयू का जल्द दौरा करके वहां के मॉडल को जानेगा। इस दौरान स्वामी रविन्द्र कीर्ति जी की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। इसी बहुमूल्य संवाद के तहत ही यह भ्रमण हुआ है।



इस मौके पर अतिथि मेहमानों-भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी, कर्नाटक के प्रेसीडेंट श्री विनोद कुमार जैन भाकलीवाल, श्री बब्बन परीसा दथवाडे, श्री नितिन जैन और श्री बाहुबली बी जे, वीसी प्रो. वीके जैन, श्री मनोज जैन, प्रो. एसके जैन, प्रो. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री विपिन जैन, डॉ. अक्षय जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. अर्चना जैन के संग-संग जैन छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। आगत दिवस शनिवार को अपने व्यस्त शेड्यूल के दौरान जिनालय में विधि-विधान से इन मेहमानों ने भगवान महावीर का अभिषेक और शांतिधारा करके पुण्य लाभ कमाया। कुलपति कार्यालय में वीसी प्रो. वीके जैन से कर्नाटक जैन समाज के इस शिष्टमंडल ने औपचारिक मुलाकात की।

# भाजपा ने चौधरी चरण सिंह का किया सम्मान : जयंत

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** संभल में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने है कि भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का सम्मान किया। कांग्रेस ने इस बारे में सोचा भी नहीं था। चौधरी साहब के सम्मान से सभी वर्गो के लोग खुश हैं। क्योंकि वो देश, समाज और किसानों के हितैषी थे।

जयंत ने कहा कि अब हमारा गठबंधन भाजपा के साथ है। भाजपा सभी वर्गो के लिए काम करती है। जयंत चौधरी शनिवार को हजरतनगर गढ़ी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी खुद को पीएम समझते हैं और अखिलेश यादव अपने आप को सीएम। कहा कि कांग्रेस और सपा के बीच तो बंद कमरे में लड़ाई हो रही है। रालोद के दो प्रत्याशी चुनाव लड़े हैं दोनों जगह हम मजबूत स्थिति में हैं। कहा कि जब रालोद विपक्ष में था तो विपक्ष मजबूत था। अब कुछ नहीं है। हमने किसानों के लिए लाठी खाई है। जयंत ने कहा कि हमने भाजपा के साथ गठबंधन कुछ सोचकर ही किया है। कहा कि किसान, गरीब, नौजवान के लिए काम हुआ है और होगा। विपक्ष का घोषणा पत्र भी इन मुद्दों का जिक्र नहीं है। हम छोटे और बड़े उद्योग लगवाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग के लिए भी काम किया जाएगा।



# मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर 41-इटावा (अनु.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, अवनीश राय ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निर्वाचन में मतदान हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकन की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिये निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा यथा आधार कार्ड.

मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/ठाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र. यूनिक डिसएबिलिटी आईसी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंचालय, भारत सरकार। 02-एपिक के सम्बन्ध में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहाँ वह मतदान करने आया है उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो.तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज का प्रस्तुत करना होगा। 3- उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचकों को, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 20 क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट(तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं)के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

## युवराज के शतक से भानु प्रताप क्लब जीता

**प्रयागराज।** युवराज सिंह के शतक (103 रन, 72 गेंद, 17 चौके) की मदद से भानु प्रताप सिंह क्लब में फरहत अली क्लब को 20 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहर वन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 29.2 ओवर में 191 रन (युवराज सिंह 103, शिव गौतम 30, सनातन राय 21, नैतिक शुक्ला 3/23, हुजैफा हाद 3/34, मोहम्मद अब्दुल 2/44) बनाए। जवाब में फरहत अली क्लब की टीम 30 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन (सक्षम वर्मा 40, शादान अब्बास रिजवी 38, अमीन इब्ने मोइन 28, युवराज सिंह 2/31, शिवम भारती 1/18, मानस 1/25, दिव्यांश यादव 1/27) ही बना सकी।

# 88.22 लाख की लागत से 2018 मैं बने यमुना पुल में पड़े गड्ढे

**अवधनामा संवाददाता**

■ जिलाधिकारी ने मांगी सेतु निगम से रिपोर्ट

**मथुरा।** नए यमुना पुल में गड्ढे होने की जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जांच शुरू करा दी है। उन्होंने सेतु निगम से इसकी रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय को भी शिकायत भेजी गई है।पिछले कुछ दिनों से कृष्णापुरी-यमुनापार मार्ग स्थित यमुना नदी पर बने पुल पर गड्ढे हो गए हैं। ये गड्ढे वाहनों के गुजरने से दिन प्रतिदिन बड़े और गहरे होते जा रहे हैं, जिनसे किसी भी दिन हादसा हो सकता है। यमुना पुल पर हुए गड्ढों को लेकर मीडिया ने दो मई के अंक में खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ। डीएम कार्यालय से शुक्रवार को इस प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सेतु निगम से यमुना पुल पर गड्ढे होने की रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि चाणक्य युवा संगठन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य अशोक शर्मा ने यमुना नदी पर बने पुल की वर्तमान स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की और ठेकेदार के लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। नए यमुना पुल का निर्माण फरवरी 2018 में हुआ था और इसकी लागत 88.22 करोड़ रुपये आई थी। मथुरा-अलीगढ़ मार्ग पर यमुना पुल की रेलिंग आदि कमजोर पड़ने पर नए पुल का निर्माण शुरू कराया गया था, लेकिन अपने निर्माण के वर्ष से लेकर अब तक कई बार नए पुल पर मरम्मत कार्य हो चुका है। नदी के ऊपर वाले हिस्से की सड़क पर गड्ढे कोई पहली बार नहीं हुए हैं, पहले भी ऐसा हो चुका है। यमुना पर पुराना और नया पुल अगल बगल बने हैं। ऐसे में हाल ही में बने छह साल पुराने पुल के जर्जर होने पर जो भी लोग इन्हें देखते हैं, वे तुलनात्मक रूप से पुराने पुल को अधिक बेहतर और मजबूत बताते हैं।

# ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए बढ़ाया हाथ

■ समाज सेविका नामिता तिवारी ने फीता काटकर रेहड़ी का किया उद्घाटन




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ग्लोबल पीस फाऊंडेशन ने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के अपने प्रयासों में एक और कड़ी जोड़ी। महिला चमेली देवी को स्वरोजगार से जोड़ते हुए एक रेहड़ी उपलब्ध कराई जहां वह खानपान की वस्तुओं समोसा कचौड़ी आदि को बनाकर बचेगी तथा नियमित आय प्राप्त कर अपने परिवार का भरण पोषण करेगी। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने रेहड़ी सौंपते हुए कहा कि उनका फाउंडेशन जरूरतमंद गरीब महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनको सतत आय उपलब्ध कराने की ओर प्रयासरत है इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत शनिवार को खानपान की रेहड़ी फाउंडेशन की तरफ से उपलब्ध कराई गई है इससे उनके परिवार के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा खुशहाल जीवन यापन करेंगे आगे भी ऐसी ही और जरूरतमंद महिलाओं की मदद की जाएगी तथा उनके परिवार में खुशियों के रंग बिखेरे जाएंगे फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। इस अवसर पर समाज सेविका नामिता तिवारी ने फीता काटकर रेहड़ी का उदघाटन किया। गरिमा दुबे ने कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारीयों ने चमेली देवी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। चमेली देवी ने खुशी से सभी का आभार व्यक्त किया और इस पल को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताते हुए कहा कि इससे उनके एवं उनके परिवार की उन्नति का रास्ता मिला है जिसके लिए वह ग्लोबल पीस फाउंडेशन के सदैव आभारी रहेगी। कार्यक्रम में नीलम त्रिपाठी, सोनल, तृप्ति शकील, अंजलि, प्रीति शर्मा, प्रभा गावा ने सहभागिता की।

# केएम विवि ने किया ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

■ नई शिक्षा नीति-20 से जिले के प्रधानाचार्यो को कराया अवगत

■ शिक्षा और विद्या साथ मिले तो सफलता की राह आसान: किशन चौधरी

■ संसार में जो भी परिवर्तन होते है वह शिक्षा से होते हैं: डीएस चौहान

■ शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक होते हैं राष्ट्र निर्माता: डा. शरद अग्रवाल

**मथुरा।** शिक्षा न केवल ज्ञान प्रदान करती है बल्कि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी आकार देती है। कुछ शिक्षण संस्थान है, जो कक्षाओं में पारंपरिक तरीके से सीखने की प्रक्रिया से हटकर है और आपको एक व्यक्ति के रुप में विकसित करने में मदद करते हैं, लेकिन कुछ संस्थानों ने शिक्षा को व्यवसाय बना लिया है, जो गलत है। शिक्षा और विद्या एक साथ मिले तो आप सफलता की राह पर अग्रसर होते रहेंगे। यह बात केएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट को संबोधित करते हुए कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कही। केएम विश्वविद्यालय ने मथुरा मंडी समिति के समीप एक होटल में ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट का सेमीनार का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्नीकल विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व वाईस चांसलर प्रोफेसर डा. दुर्ग सिंह चौहान तथा मुख्य संरक्षक केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी रहे। इस अवसर पर विवि के वाईस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने मंच साझा किया। मुख्य अतिथि प्रो. डा. दुर्ग सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है, शिक्षा पर जितना खर्च किया जाएं वह कम है, शिक्षा ही हमें हर मुकाम पर पहुंचा सकती है। संसार में जो भी परिवर्तन होते है वह शिक्षा से होते है। शिक्षा साहस देती है तथा विद्या अमृत प्रदान करती है। वर्तमान समय में संस्कार विलुप्त होते जा रहा है, इसलिए आवश्यकता है संस्कारयुक्त शिक्षा की। मुख्य संरक्षक केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी कहा कि शिक्षा का व्यवसाय न बनाए बल्कि नई शिक्षा नीति में जो परिवर्तन हुए हैं, उनको अंगीकार करके विकसित भारत निर्माण करें, उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जीवन के लिए बहुत जरूरी है, विदेशी लोग आज भारत में आकर हमारी संस्कृति अपना रहे है और हमारी बहिन बेटियां विदेशी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है। संसार में अज्ञान से बड़ा कोई कष्ट नहीं है। हमारे विश्वविद्यालय में फ्री शिक्षा और फ्री चिकित्सा दी जा रही है। जहां संस्कार, विद्या और शिक्षा जहां बैठेगी वहां तरक्की ही होगी। प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल ने सभी प्रधानाचार्यो एवं शिक्षा के गुरुओं को राष्ट्र निर्माता कहकर संबोधित किया। शिक्षा देने वाले गुरु ही होते है जो छात्राओं को नया जीवन देते हुए उनका कैरियर बनाते है। इसी प्रकार से सेमीनार को विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, विवि के एडवाइजर एसके गोस्वामी ने संबोधित किया है। इस दौरान वहां मौजूद सभी प्रधानाचार्यो को शॉल उढ़ाकर केएम विवि की ओर से सम्मानित किया। इससे पूर्व समिट का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो (डा) दुर्ग सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार ने संयुक्त रुप से सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। विवि के डीन डा. धर्मराज सिंह ने वहां मौजूद आंगुतकों को केएम विश्वविद्यालय के इतिहास से अवगत कराया, इसके पश्चात विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने विवि में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं एवं विभिन्न कोर्सो से अवगत कराया और सुझाव भी मांगा। इस अवसर पर मथुरा जिला शिक्षक संघ के वित्त पोषण टीम में निरंजन सिंह सोलंकी प्रबंधक रामदुलारी इंटर कालेज ओल, पुष्पेन्द्र सिंह, चौधरी चरण सिंह, फोडर, सुमुन्द्र सिंह सतेन्द्र ठाकुर, जयवीर सिंह, बदन सिंह, राजवीर सिंह, रामवीर सिंह, सतेन्द्र उपाध्याय, सुभाष आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा शिक्षक संघ के पदाधिकारी अजय पचौरी, अनिल छौंकर, बिजेन्द्र कुमार उपाध्याय, आनंद शर्मा, मनोज छौंकर, शिव कुमार, नरेन्द्र गुप्ता, महेश सोनिया, प्रिमिला सिंह, खुश्बू चख, डा. छाया सिंह, डा. शिवाजी तथा प्रधानाचार्यो में अजय कृष्ण सारस्वत -डा. कमल कौशिक, चन्द्रभान यादव, डा. गिर्राज सिंह, सुरेश चंद तौमर, डा. केके गौड, निखिल अग्रवाल, डा. शालिनी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अनीता गौतम, डॉ रेखा शर्मा, दीपा चौधरी, डा. रश्मि सिंह, कविता सक्सैना, मीना अग्रवाल, रेनू वाला, डा. प्रिया जैन आदि सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## डॉ देवेश सागर विश्वविद्यालय के ओडीएल की विद्या परिषद में नामित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी को डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर के दूरस्थ शिक्षा संस्थान के सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित विद्या परिषद का सदस्य नामित किया गया है। राष्ट्रपति के अनुमोदन पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने डॉ त्रिपाठी को नामित किया है। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ अनिल सिंह भदौरिया ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता में और वृद्धि होगी।

# पार्षदों ने लगाये जलकल महाप्रबंधक पर गंभीर आरोप कार्रवाई की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन के पार्षदों द्वारा नगर निगम जलकल विभाग के महाप्रबंधक ए0के0 राजपूत द्वारा विभागीय कार्यो में की जा रही लापरवाही के विरोध में निगम सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेसवार्ता में उपस्थित पार्षदों ने बताया कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन, मथुरा के महाप्रबन्धक (जल) श्री अरूणेन्द्र कुमार राजपूत द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। किसी भी वार्ड की पेजयल समस्या के विषय में घोर लापरवाहियाँ बरती जा रही हैं, कहीं पेयजल आपूर्ति नहीं है, तो कही पाइप लाइन टूटी हैं। समस्या के निदान के लिए कोई भी पार्षद जाता है तो महाप्रबन्धक (जल) द्वारा उनसे अभद्रता की जाती है और धमकियाँ दी जाती हैं।

पार्षद देवेन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने वार्ड की पेयजल समस्या को लेकर महाप्रबन्धक के समक्ष निदान हेतु प्रार्थना की गयी परन्तु अपने पद के नशे में मदहोश महाप्रबन्धक ने उनसे अभद्र भाषा एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए (जो यहाँ हमें उल्लेखित करते हुए भी शर्म आती है) बदतमीजी की गयी। प्रेस वार्ता में उपस्थित पार्षदों द्वारा बताया गया कि दिनांक 30.04.2024 को नगर निगम मथुरा वृन्दावन, मथुरा के महाप्रबन्धक (जल) अरुणेन्द्र कुमार राजपूत द्वारा अनुसूचित जाति के पार्षद देवेन्द्र कुमार के साथ जाति सूचक शब्दों प्रयोग अभद्र भाषा के साथ करते हुए बदतमीजी की गई। जिसकी शिकायत उसी दिवस थाना अध्यक्ष, थाना कोतवाली, मथुरा को दी गई परन्तु उस पर पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके अतिरिक्त दिनांक 01.05.2024 को नगर आयुक्त , नगर निगम मथुरा वृन्दावन, मथुरा को शिकायत की गई जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। साथ ही दिनांक 02.05.2024 को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत की गयी किन्तु अत्यन्त खेव का विषय है कि कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

सभी पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि यदि इसी प्रकार नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अधिकारी हम पार्षदों से अभद्र व्यवहार करते रहे और नगर निगम मथुरा वृन्दावन व जिले के कोई अन्य उच्च अधिकारी भी हमारी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देंगे तो हम सभी जनता द्वारा चुने गये पार्षदों का औचित्य क्या है।

उन्होंने कहा कि हमारी समस्याएँ कोई हमारी व्यक्तिगत समस्याएँ नहीं हैं। जनता द्वारा हमें चुना गया है, इसी वजह से जनसमस्याओं का निवारण करवाना हमारा धर्म है। साथ ही जन समस्याओं का निराकरण करना अधिकारीयों का धर्म है।

इसके बावजूद महाप्रबन्धक (जल) अरूणेन्द्र कुमार राजपूत द्वारा पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार करना, तथा जनसमस्याओं का निराकरण न करते हुए अपने पद का दुरुपयोग करना उनकी अकर्मण्यता को दर्शाता है। हम सभी पार्षदों की माँग है कि महाप्रबन्धक (जल) अरूणेन्द्र कुमार राजपूत पर कानूनी दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें पदमुक्त किया जाये। अन्यथा की स्थिति में हम सभी पार्षदगण आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से सर्वश्री रेनू तिलकवीर चौधरी, अंकुर गुर्जर, हनुमान, राजीव कुमार सिंह, सरस्वती धर्मेश नौहवार, कुलदीप पाठक, देवेन्द्र कुमार, पूनम धर्मेश तिवारी, पूजा ब्रजेश अहेरिया, उमा मुनेश दीक्षित, यतेन्द्र, मुन्ना मलिक, गुलशन, लीला, निरंजन कुन्तल आदि पार्षदगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वैवाहिक वर्षगांठ पर शीलेन्द्र व डॉ. प्रिंयका को दी शुभकामनाएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शुभेंदु सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ डांस एण्ड आर्ट्स के निदेशक शीलेन्द्र प्रताप सिंह व उनकी पत्नी डॉ.प्रियका सिंह को उनकी पहली वैवाहिक वर्षगांठ पर कचौरा रोड स्थित पैराडाइज़ ग्रांड रिसोर्ट में कार्यक्रम के दौरान लोगों ने दी शुभकामनाएं। इस अवसर पर गंगलास इवेंट व राइज़र जोन आगरा डांस ग्रुप के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। दिल्ली की ऐंकर अनिश सिंह ने कार्यक्रम में आये अतिथियों से सवाल जवाब कर खूब हंसाया। इस अवसर पर डॉ.संजीव यादव, डॉ.तृप्ति यादव, नारायन कॉलेज के वाइस चेयरमैन अंकित तिवारी, श्रेता तिवारी, डॉ.धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता आदि लोगों ने कार्यक्रम में पहुंच कर शीलेन्द्र व डॉ. प्रियंका को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटावा आगमन पर एस एस पी ने दिये दिशा निर्देश



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आज 5 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत प्रस्तावित जनसभा/रैली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनपद इटावा आगमन होना निश्चित हुआ है। एस एस पी संजय कुमार ने कहा कि सभी को निर्देशित किया जाता है कि जनसभा/रैली के लिये निर्धारित परिसर में कोई भी व्यक्ति, नशे का सेवन अथवा नशीले पदार्थ जेसै गुटका, बीडी, सिगरेट, पान मसाला इत्यादि को साथ लेकर प्रवेश ना करें। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति इन बातों का विशेष ध्यान रखें जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था तथा शांति एवं कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न न हो।

### अपने मत का प्रयोग अवश्य करें



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्राथमिक विद्यालय नगला रामसुन्दर बाल संसद के पदाधिकारी और स्टाफ के द्वारा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ग्राम वासियों से मिलकर और हस्ताक्षर अभियान के द्वारा उन्हें मतदान के लिए जागरुक किया और उनसे अपील की गई कि वह मतदान अवश्य करें इनका एक मत देश का भविष्य बदल सकता है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक आलोक सिंह चौहान ने सभी से अनुरोध किया कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल सभी गतिविधियों जैसे मेहंदी प्रतियोगिता रैली पोस्टर प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक आदि सभी कार्यक्रम विद्यालय में सुचारू रूप से संचालित कराए जा रहे हैं जिससे कि मतदान का प्रतिशत पिछ्ली बार से ज्यादा बढ़ सके।

### एकजुट होकर ताकत दिखाए स्वर्णकार समाज

**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. के. के.वर्मा प्रदेश भ्रमण दौरे के अंतर्गत बलदेव पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक जितनी भी सरकारें आई, उन सभी ने सोनार जाति के साथ सौतेला व्यवहार किया। इसका मुख्य कारण हम लोगों का एकजुट न होना है। हमें एकजुट होकर ताकत दिखानी होगी। समाज के जुझारू युवाओं को आगे बढ़ाना होगा ताकि विधानसभा और लोकसभा जैसी ऊंची पंचायत में स्वर्णकार समाज की बात को प्रमुखता से रखा जा सके।

# बंदरों के आतंक से ब्रज में त्राहिमाम

**अवधनामा संवाददाता**

■ पकड़ने की नगर आयुक्त से लगाई गुहार से लोगों में आक्रोश

**मथुरा।** लोकसभा चुनाव पश्चात एक बार पुनः जनता पुकारी बंदर सफारी का प्रतिनिधि मंडल आज मथुरा वृंदावन नगर आयुक्त शशांक चौधरी से मिला तथा उन्हें बंदर सफारी बनाने के लिए अवगत कराया तथा पिछले काफी समय से जो बंदर पकड़ने का अभियान चल रहा था वह भी वर्तमान में ठप है उसको एक बार पुनः सुचारू रूप से करने के लिए भी निवेदन किया जिससे जनता जनार्दन को कुछ राहत मिले जिसपर आयुक्त ने कहा की एक दो दिन में बंदर पकड़ने का कार्य चालू कर दिया जाएगा। पं.यज्ञदत्त चतुर्वेदी ने बताया जनता पुकारी बंदर सुपारी मंडल द्वारा विगत कई वर्षों से बंदरों के आतंकी मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिस क्रम में मंडल सभी जनप्रतिनिधियों जिला अधिकारी महोदय एवं महापौर नगर आयुक्त सभी से मिलकर अपनी बात कह चुका है की शहर में बंदरों का भारी आतंक है इनको समस्या के लिए स्थाई समाधान निकाला जाए लेकिन सभी राजनीतिक जनप्रतिनिधि अपनी रोटियां सीखने में लगे हुए हैं सब एक दूसरे के ऊपर डाल रहे हैं कितने वर्षों के बाद भी अभी समस्या का कोई हल नहीं निकला है जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी से मिले तब उन्होंने कहा कि यदि नगर विकास मंत्रालय इस पर कम करें तो जगह उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हमारी है किंतु आज नगर आयुक्त से बात होने के बाद उन्होंने कहा की यह बंदरों की समस्या की पॉलिसी प्रदेश सरकार द्वारा ही बनेगी तब ही कोई कार्य होगा। सार्थक चर्चा का अंतिम निर्णय यह निकला कि यहां के प्रतिनिधि यदि चाहे तो हर समस्या का समाधान हो सकता है किंतु उनके द्वारा अभी तक बंदर की समस्या पर कोई भी पत्र शासन को नहीं भेजा गया है। पंडित संजय हरियाणा ने बताया वर्तमान में बंदरों का काफी आतंक है बंदर इतनी खूंखार हो चुके हैं कि अभी हाल ही में वृंदावन के भागवत वक्ता द्वारा सोशल मीडिया के पोस्ट के माध्यम से बताया गया है। ÷वृंदावन में 40 से 50 महिला प्रतिदिन बंदरों का शिकार हो रही है तथा यही हाल मथुरा शहरी क्षेत्र का है गर्मी होने के कारण बंदर ने अपना स्थान गलियों और सड़कों को बना लिया है जिससे कि बच्चों को स्कूल से आने के बाद घर तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है बंदरों द्वारा प्रतिदिन कोई ना कोई गंभीर दुर्घटना की जारही हैं पूर्व में हम उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भी मिले उन्होंने भी बंदर सफारी का आश्वासन दिया किंतु धरातल पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि मथुरा में बंदरो का आतंक बड़ता जा रहा है लोग बहुत डरे हुए हैं बच्चे, महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। मथुरा वृंदावन की जनता नगर निगम और नेताओ के चक्कर काट रही है, बंदरो के आतंक की समस्या से लोगों मैं आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अधिकारी जनता का समाधान करने की जगह गुमराह करने मै लगे है वन विभाग ने पत्र जारी कर इस समस्या से पीछा छुड़ाने का रास्ता खोज लिया। नगर निगम आज भी यही बोल रहा है कि वन विभाग नेकोई ढोस जवाब जारी नही किया है सिर्फ पीछा छुड़ाने वाला कार्य कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। आज नगर आयुक्त से मुलाकात करने पर वात स्पष्ट हुई बंदर सफारी का कार्य नगर निगम के वश की वात नही है इसके लिए बढ़े स्तर से आदेश पारित कराने होंगे जब तक मथुरा के विधायक और सांसद खुद नही चाहेगे तव तक बंदर सफारी एक सपने के समान होगी।

# मथुरा रिफाइनरी को आखिर नगर निगम को देना पड़ा 80 लाख का टैक्स

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन मथुरा रिफायनरी पर नगर निगम मथुरा वृंदावन का वर्ष 2021 से लेकर 2023 तक का टैक्स मथुरा रिफाइनरी पर करीब 80 लाख रुपए बकाया चल रहा था। जिस हेतु रिफाइनरी प्रबंधन से बार-बार पत्राचार कर धनराशि जमा करने का आग्रह किया गया था। नोटिस निर्गत होने की तिथि निकल जाने के पश्चात नगर निगम के द्वारा मथुरा रिफाइनरी का स्टेट बैंक में खाता सीज कर दिया था। उक्त प्रकरण में मथुरा रिफाइनरी के द्वारा उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट योजित की गई। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात मा उच्च न्यायालय के द्वारा रिफाइनरी प्रबंधन को बकाया धनराशि को अविलंब जमा कराने हेतु आदेशित किया गया। ज्ञात रहे कि मथुरा रिफायनरी प्रबंधन का कहना था कि हमारा संस्थान भारत सरकार के 243 एच आर्टिकल के मुताबिक सभी प्रकार के टैक्स से मुक्त है इसीलिए वह नगर निगम का टैक्स जमा नहीं करेंगे जबकि नगर निगम का कहना था कि यह आदेश केवल सेंट्रल के टैक्स के लिए लागू है स्टेट गवर्नमेंट या स्थानीय निकाय के नियमों पर लागू नहीं है। नगर निगम ने मा उच्च न्यायालय में शासनादेश का हवाला देते हुए अवगत कराया की लोकल बॉडी अपने सभी प्रकार के टैक्स वसूलने के लिए सक्षम है मा उच्च न्यायालय ने नगर निगम की इस बात को स्वीकार करते हुए मथुरा रिफाइनरी के खिलाफ आदेश जारी किया है। आखिरकार इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन मथुरा रिफाइनरी के द्वारा अपना बकाया टैक्स 80 लाख रुपया शुक्रवार को नगर निगम मथुरा वृंदावन के खाते में जमा कराया गया।

# मथुरा में अज्ञात शवों के मिलने का सिलसिला जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में 24 घंटे के अंतराल में युवक युवती के अलग-अलग स्थान पर अधजले शव मिलने से सनसनी फैल गई है। शुक्रवार को गोवर्धन थाना क्षेत्र में एक युवती का अधजला शव नहर की पटरी के पास मिला था तो शनिवार को राया क्षेत्र में एक लोहे के बक्से में युवक का अधजला शव मिला है। दोनों घटनाओ से पुलिस के होश उड़ गए हैं। जानकार लोगों का कहना है की संभवत यह दोनों हत्याएं एक दूसरे से जुड़ी हुई हो। थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत अलीगढ़ मथुरा मार्ग चौकी विचपुरी और ग्राम अयेरा के बीच सड़क किनारे लोहे के बक्से में आज सुबह एक युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। युवक के गले को किसी धारदार हथियार से काटा गया है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 बतायी जा रही है। आशंका है कि युवक की पहले गला काटकर हत्या की गयी है पहचान छुपाने के उद्देश्य से शव को बक्से में रखकर जलाने का प्रयास किया गया है।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का हुआ शपथ ग्रहण

**अवधनामा संवाददाता**

■ सात साहित्यकारों सहित महासंघ के इक्यावन पत्रकारों का हुआ सारस्वत सम्मान

■ 15 जुलाई से रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का लिया गया निर्णय

**प्रयागराज।** पत्रकारों के संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तरप्रदेश इकाई का विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात पाठ्यक्रम पुस्तक लेखक डॉ सर्वेश कान्त वर्मा सरल तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, संरक्षक प्रोफेसर अवधेश अग्निहोत्री, डॉ सुभाष चन्द्रा कानपुर, विजय बेशर्म गाडरवारा, रामचन्द्र राय आजमगढ़ रहे। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक एवं संचालक डॉज़ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा, प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह, प्रांतीय संरक्षक राम चंद्र राय, सतीश चन्द्र मिश्र मधुर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल, प्रान्तीय सचिव सुमन कुमार पाण्डेय के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।समारोह में इस अवसर पर देश के सात मूर्धन्य साहित्यकारों को साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी परियांवां प्रतापगढ़ द्वारा मानद सम्मानोपाधि ÷विद्या वाचस्पति÷ के सारस्वत सम्मान में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपी यादव बलिया प्रयागराज ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने बीपी यादव को सम्मानित किया। सारस्वत सम्मान से सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में श्रीमती जया सिंह सुलतानपुर, श्रीमती वंदना सोनी विनम्र जबलपुर, जया मोहन प्रयागराज, राज बहादुर राना सुलतानपुर, सतीश बब्बा चित्रकूट, योगेंद्र कुमार मिश्र विश्वबंधु प्रयागराज, मालती नीलाक्षी उन्नाव शामिल रहे।

# आयरन की कमी को कम करने के लिए, आज ही फॉलो करें ये घरेलू उपचार

एनीमिया एक प्रचलित स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें हमारे शरीर में रेड ब्लड सेल्स की संख्या या हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य स्तर से नीचे चला जाता है। हीमोग्लोबिन एक आवश्यक आयरन युक्त प्रोटीन है जो रक्त के माध्यम से शरीर के टिशूज तक ऑक्सीजन पहुंचाता है। हीमोग्लोबिन युक्त लाल रक्त कोशिकाओं की कम संख्या के कारण अक्सर थकान, कमजोरी, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक सर्वोत्म हीमोग्लोबिन एकाग्रता उम्र, लिंग, धूम्रपान की आदतों और गर्भावस्था के अनुसार भिन्न होती है। एनीमिया की घटना के लिए जिम्मेदार कुछ कारकों में अपर्याप्त आहार या पोषक तत्वों के अपर्याप्त अवशोषण, संक्रमण (जैसे मलेरिया, परजीवी संक्रमण, तपेदिक, एचआईवी), सूजन, पुरानी



बीमारियां, स्त्री रोग और प्रसूति संबंधी स्थितियां और विरासत में मिली लाल रक्त कोशिकाएं शामिल हैं। हालांकि, का कहना है कि एनीमिया का सबसे आम पोषण संबंधी कारण आयरन की कमी है।

शरीर में आयरन की कमी से हीमोग्लोबिन के उत्पादन में बाधा आती है जिसके परिणामस्वरूप शरीर में थकान जमा हो जाती है। ऐसी स्थिति में, शरीर में आयरन के स्तर को बढ़ाने के लिए समग्र उपचार की पेशकश एनीमिया को संबोधित करने के लिए एक अत्यंत आवश्यक और प्रभावी दृष्टिकोण है। यहां कुछ प्राकृतिक उपचार दिए गए हैं जिनके माध्यम से आप प्राकृतिक रूप से अपने आयरन के स्तर को बढ़ा सकते हैं।

***हरी पत्तेदार सब्जियां और खट्टे फल***

यदि ब्लड में फोलिक एसिड की कमी के कारण एनीमिया होता है तो पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों का उपयोग एनीमिया के इलाज के लिए एक उपाय के रूप में किया जा सकता है। पालक में आयरन का भी एक बड़ा स्रोत है। संतरे, नींबू, नीबू अंगूर और अन्य खट्टे फलों से मिलने वाला विटामिन सी पेट को आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है। स्विस चार्ड और कोलार्ड ग्रीन्स भी विटामिन सी और आयरन दोनों के अच्छे स्रोत हैं।

***चुकंदर खाएं***

चुकंदर में आयरन, तांबा, फास्फोरस, मैग्नीशियम और विटामिन बी 1, बी 2, बी 6, बी 12 और सी सहित आवश्यक पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। यह रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन को बढ़ाने और शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

***मोरिंगा की पत्तियां***

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, मोरिंगा की पत्तियों के पूर्ण रुप से हीमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि देखी गई है। मोरिंगा की पत्तियों की एक खुराक पालक की तुलना में 28 मिलीग्राम अधिक आयरन प्रदान करती है, जो इसे रेड ब्लड सेल्स को बढ़ाने के लिए पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है।

***तांबे के बर्तन में पानी जरुर पिएं***

तांबे के बर्तन हीमोग्लोबिन का उत्पादन करने के लिए भोजन को तोड़ने में सहायता करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप शरीर द्वारा आयरन का उच्च अवशोषण होता है। तांबा एक महत्वपूर्ण ट्रेस सामग्री है, शरीर को कुछ रुधिर संबंधी स्थितियों को रोकने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। आप तांबे के बर्तन में पानी भरकर रख सकते हैं और पी सकते हैं।

# गर्मियों में अपने घर को ऐसे करेंगे डेकोर, तो ठंडा-ठंडा कूल-कूल रहेगा आपका कमरा



हर किसी की चाहत होती है कि उनका घर सबसे अच्छा और खूबसूरत दिखे। जिससे कि घर में रहने वाले सभी लोगों का मूड अच्छा रहे। क्योंकि घर एक ऐसी जगह है, जहां पर एंट्री लेते ही पूरे दिन की थकान मिट जाती है। जिस तरह से मौसम बदलने पर हम सभी कपड़े बदलते हैं, ठीक उसी तरह मौसम बदलने पर अपने घर का लुक भी बदलना चाहिए।

सर्दियों का मौसम खत्म हो चुका है और गर्मी शुरू हो चुकी है। ऐसे में आप भी गर्मियों में अपने घर को फ्रेश लुक देने के लिए कुछ बदलाव कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फ्रेश लुक देने के लिए आप घर में क्या कुछ बदलाव कर सकती हैं।

***पैक कर दें कार्पेट***

गर्मियों की शुरूआत होते ही आप ड्राइंग और बेडरूम में बिछे कार्पेट को पैक कर दें। मोटे और भारी-भरकम कार्पेट की जगह पतली सी दरी बिछाएं। आप चाहें तो ऑफलाइन व ऑनलाइन कॉटन फैब्रिक के मल्टीकलर के खूबसूरत दरी मिल जाएंगी। इसको कमरे में बिछाकर आप रूम के टेंपरेचर को मेंटेन कर सकते हैं।

***बदलें चादर और पर्दे का रंग***

डार्क कलर के फ्रैब्रिक हीट अब्सॉर्व करते हैं। ऐसे में आप सर्दियों के लिए वेल्वेट और साटन के पर्दों को हटाकर शियर, नेट, फाइन कॉटन और शिफॉन जैसे फैब्रिक चुन सकते हैं। पीच, पेस्टल, व्हाइट और क्रीम कलर के पर्दे रूम के टेंपरेचर को मेंटेन करेंगे। बल्कि इससे सुबह-शाम बाहर की हवा भी घर के अंदर आ सकेगी।


***बैंबू चिक ब्लाइंड***

गर्मियों में बढ़ती गर्मी में कूलर काम नहीं करता है, यदि रूम का वेंटिलेशन अच्छा न हो। इसलिए गर्मी को कम करने के लिए आप खिड़कियों से पर्दों को हटाकर बैंबू चिक ब्लाइंड लगा सकते हैं। सुबह-शाम इसको खोलकर रखें। वहीं दोपहर की कड़ी धूप से बचने के लिए इनको बंद करके रखना चाहिए।

***ब्राइट कलर के कुशंस***

बैंबू चिक ब्लाइंड, लाइट शेड के पर्दे और दरी बिछाकर रूम का पूरा लुक बदल जाएगा और कमरे में अच्छा-खासा स्पेस भी नजर आएगा। इस लुक को कॉम्पलीमेंट करने के लिए ब्राइट शेड्स के कलरफुल कुशंस चुनें। आप एक्वा ब्लू, सी ग्रीन, टैस्ल या थ्रेड वर्क वाले लेमन यलो या ब्राइट पिंक, कुशन कवर रूम को वाइब्रेंट लुक देंगे।

# बस इस तरह से घर पर बनाएं दही तड़का, मेहमान होंगे इंप्रेस



अगर आप कुछ स्वाद से भरपूर भोजन मेहमानों के लिए बनाना चाहती है, तो हम आपको बताएंगे कि आप कैस फटाफट दही तड़का बना सकती हैं। इस मजेदार डिश को खाकर आपके मेहमान खुश हो जाएंगे। आपको बता दें कि, राजस्थान में सबसे ज्यादा घरों में तड़का दही बनाया जाता है। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं। घर मे कभी न कभी मेहमान आते ही रहते हैं। कई बार तो गेस्ट अचानक से आ जाते हैं और फिर समझ नहीं आता है कि उन्हें क्या खिलाया जाएं। गर्मियों के दिनों में खाना खाने का मन नहीं करता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे है कि आप अपने मेहमान को सिर्फ 15 मिनट में दही तड़का बनाकर चावल के साथ परौस सकती है। बता दें कि, दही तड़का की यह डिश राजस्थान में ज्यादा खाई जाती है। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।

***दही तड़का बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप एक कड़ाही में घी को डालें।
- इसके बाद कराही में जीरा डाल दें।
- फिर आप इसमें हरी मिर्च डालें और प्याज डालें।
- इसके बाद आप इसे अच्छे से भून ले जब तक लाल न हो जाए।
- इसके बाद आपको लहसुन का पेस्ट इस मिश्रण में मिला लें।
- लाल होने के बाद आपको इसमें पतली दही डालनी होगी।
- इसके बाद आप थोड़ा पानी मिलाएं और घोल को चलाते रहें।
- अब आप इसमें पूरा मसाला डालना होगा।
- लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, नमक और चीनी का घोल तैयार करके इसे डालना है।
- अब धीमी गैस पर इसे उबाल लें।
- 5 मिनट के बाद इसे आप चावल या रोटी के साथ सर्व कर सकते है।

# कॉफी बीन्स को लंबे समय तक रखना है फ्रेश तो अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

कॉफी पीना हम सभी को अच्छा लगता है। आमतौर पर, कॉफी बनाने के लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले कॉफी पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, अगर आप सच में कॉफी के बेहतरीन टेस्ट व महक को एक्सपीरियंस करना चाहते हैं तो कॉफी बीन्स की मदद से फ्रेश कॉफी तैयार करना सबसे अच्छा माना जाता है। यही कारण है कि अधिकतर लोग कॉफी बीन्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसे लंबे समय तक फ्रेश रखना भी बेहद जरूरी होता है। अक्सर लोग इन्हें गलत तरह से स्टोर करते हैं, जिससे आपको बाद में कॉफी का वह टेस्ट नहीं मिल पाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप लंबे समय तक कॉफी बीन्स को फ्रेश रख पाएंगे।



***फ्रिज में रखने से बचें***

अक्सर यह देखने में आता है कि कॉफी बीन्स को लंबे समय तक फ्रिश रखने के लिए लोग उसे फ्रिज में रखना पसंद करते हैं। लेकिन कॉफ़ी बीन्स स्पंज की तरह होती हैं, जो अपने आस-पास की किसी भी गंध को सोख लेती हैं। ऐसे में अगर आप उसे फ्रिज में रखते हैं तो वहां पर रखी अन्य चीजों की महक उसमें समा जाती हैं और फिर कॉफ़ी का टेस्ट बिगड़ जाता है। इसलिए, कॉफी को हमेशा एयरटाइट कंटेनर में फ्रिज से दूर सूखी जगह पर रखें।

***कांच के जार को करें अवॉयड***

आम धारणा के विपरीत आपको कॉफी बीन्स को कांच के जार में रखने से बचना चाहिए। कांच के जार पारदर्शी होते हैं और इसलिए इनमें कॉफी रखने से वे जल्दी खराब हेते हैं। इसलिए कोशिश करें कि कॉफी को स्टोर करने के लिए आप ऐसे जार का इस्तेमाल करें, जो पारदर्शी ना हों। साथ ही साथ, हवा को अंदर जाने से रोकने के लिए जार में एयरटाइट सील होनी चाहिए। हवा ऑक्सीकरण का कारण बनती है, जो स्वाद को खराब कर देती है।

***सही हो स्टोरिंग तकनीक***

अगर आप कॉफी बीन्स को लंबे समय तक फ्रेश रखना चाहते हैं तो आपको उसे सही तरह से स्टोर करना आना चाहिए। बेहतर होगा कि आप उन्हें एक बड़े कंटेनर के बजाय छोटे बैचों में स्टोर करें। एक बार जब कॉफी का बैग खोला जाता है, तो बीन्स अपना स्वाद और महक खोना शुरू कर देती हैं। इसलिए, बीन्स को कई छोटे और एयरटाइट कंटेनर में स्टोर किया जाना चाहिए।

# घर पर आसानी से बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल क्रिस्पी चाट, शाम की चाय के साथ उठाएं लुत्फ

अक्सर शाम को महिलाएं यह सोचती हैं कि चाय के साथ स्नैक्स क्या बनाएं। बारिश के मौसम में भुट्टा यानी कि कॉर्न खाना तो लगभग हर किसी को पसंद होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए रेस्टोरेंट स्टाइल क्रिस्पी कॉर्न चाट की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

जिसे आप शाम को चाय के साथ अपने परिवार संग बैठकर मजे से खा सकती हैं। बता दें कि क्रिस्पी कॉर्न चाट एक ऐसी डिश है, जिसको बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई खाना पसंद करता है। तो आइए जानते हैं कॉर्न चाट की रेसिपी के बारे में।

***क्रिस्पी कॉर्न चाट बनाने की सामग्री***

ताजे या फ्रोजन स्वीट कॉर्न- 2 कप

कॉर्न फ्लॉर- 1/4 कप

चावल का आटा- 2 बड़े चम्मच

काली मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच



लाल मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच

अमचूर पाउडर- 1 छोटा चम्मच

नमक- स्वादानुसार

नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच

रिफाइंड तेल

***ऐसे बनाएं क्रिस्पी कॉर्न चाट***

अगर आपने फ्रोजन कॉर्न लिए हैं, तो सबसे पहले उसकी बर्फ को पिघलने दें।

फिर एक बड़े बर्तन में पानी उबालने के लिए रखें और इसमें कॉर्न डाल दें।

अब 5 मिनट तक कॉर्न उबलने दें, उसके बाद इसको छलनी से अलग कर दें।

इसके बाद बड़े बाउल में चावल का आटा, कॉर्न फ्लोर, नमक और काली मिर्च पाउडर डालकर सभी को अच्छे से मिक्स करें।

इससे कॉर्न पर अच्छे से कोट लग जाए।

फिर एक बड़ी कढ़ाही में तेल गर्म करें और मीडियम आंच पर कोटेड कॉर्न को क्रिस्पी और सुनहरा होने तक भूनें।

सर्विंग बाउल में क्रिस्पी कॉर्न को निकालें और ऊपर से लाल मिर्च पाउडर, नमक, अमचूर और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिक्स करें।

इस तरह से क्रिस्पी कॉर्न चाट बनकर तैयार हैं।

# बिना तंदूर के डिशेज में आएगा तंदूरी फ्लेवर, खाना बनेगा लजीजदार, सर्व करने से पहले करें ये काम

इस मौसम में शाम और रात के समय में घरों में तंदूरी व्यंजनों का मजा लेते हैं या फिर बाजार से ऑर्डर कर भोजन के स्वाद का मजा लेते हैं। बाकी डिशेज को घर पर बनाना काफी आसान होता है, लेकिन आप तंदूर के बिना भी तंदूरी व्यंजनों को मजा ले सकते हैं। आमतौर पर कई लोगों के घरों में ग्रिल और ओवन नही है उनके पास बाहर का खाना खाने के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं होता है। आज हम आपको खाने में तंदूरी फ्लेवर लाने के कुछ उपाय बताएंगे।

***साबुत मिर्च का करें इस्तेमाल***

सबसे पहले आप साबुत मिर्च को गैस पर भुन लें फिर उसे सरसों के तेल में डालकार चटका लें। सरसों के तेल और मिर्च को दाल या फिर डिश में डालकर ढक लें। कुछ देर में डिश से सौंधापन आने लगेगा। साबुत मिर्च को आप 2 से 3 चम्मच सरसों का तेल गर्म करें और उसमें साबुत मिर्च को तोड़कर चटकाएं, फिर इसे व्यंजन के ऊपर डालकर ढक दें।

***बड़ी इलायची***

बड़ी इलायची से खुशबू ला सकते हैं, इसके लिए 2-3 बड़ी इलायची को भूनकर या फिर डायरेक्ट आग में जलाकर कूट लें। एक चम्मच गर्म



तेल में कूटी हुई इलायची को डालकर मिलाएं और पसंदीदा डिश में ऊपर से डालकर ढक दें। इसके बाद आप बड़ी इलायची के अलावा आप काली मिर्च को भी भुनकर डिशेज में स्वाद ला सकते हैं।

***कोयला***

चारकोल जिले कोयला भी कहा जाता है। सबसे पहले आप एक टुकड़े को गैस में जलाएं और एक छोटी कटोरी में रखें। कटोरी में एक से दो चम्मच घी डालें और डिश के ऊपर रखकर ढक्कन बंद कर दें। घी और कोयले का धुएं पुरे डिश में फैला सकते हैं।

***स्मोकी चीज***

बाजार में स्मोकी चीज मिलता हैं जिससे आप अपने खाने को लजीजदार बना सकते हैं। इसे आप अपने स्पेशल डिश के ऊपर रखें और थोड़ा सा गर्म या बेक कर खाने के लिए परोसे।

# बेदाग स्किन के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे, चेहरे पर आएगा गजब का ग्लो

हर किसी की चाहत होती है कि उनकी त्वचा चमकदार और बेदाग हो। लेकिन आजकल बढ़ते पॉल्यूशन के कारण त्वचा को डैमेज होने से बचाना काफी मुश्किल होता है। अब तो मार्केट में कई महंगे से महंगे प्रोडक्ट से भी स्किन से भी उचित देखभाल करना आसान नहीं होता है। कुछ आसान और ट्रेडिशनल घरेलू उपाय की मदद से स्किन को बेदाग और चमकदार बनाया जा सकता है।

ऐसे में अगर आप भी अपनी स्किन को बेदाग और चमकदार बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स देने जा रहे हैं।

***चेहरे पर शाइन लाने के घरेलू उपाय***

नारियल पानी का इस्तेमाल आप फेस टोनर की तरह से कर सकते हैं। इससे आपकी स्किन डीप मॉइश्चराइज भी होती है। इससे फेस पर शाइन आती है। अगर आपके फेस पर फेस दाग-धब्बे कम हो जाते हैं।

दूध में हल्दी मिक्स कर आप अपने फेस पर लगा सकती हैं। क्योंकि दूध और हल्दी दोनों में एंटी एजिंग पाए जाते हैं। इससे आपकी स्किन में कसाव आता है और चेहरे की शाइन बढ़ जाती है। आप चाहें तो रोजाना इस नुस्खे का प्रयोग कर सकती हैं।

रात में सोने से पहले फेस की नारियल तेल की सिर्फ 2 बूंद लेकर मसाज करें। 5 मिनट तक मसाज करने से त्वचा का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा। इससे आपकी स्किन सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से डैमेज होने से बच जाएगी। आप इस नुस्खे को रोजाना ट्राई कर सकते हैं।

एलोवेरा जेल में स्किन को हील करने की



प्रॉपर्टीज पायी जाती हैं। आप एलोवेरा जेल में थोड़ा सा गुलाबजल मिक्स कर फेस पर स्किन टोनर की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि एलोवेरा जेल में विटामिन सी पाया जाता है। जिससे आपकी त्वचा ब्लीच होती है और स्किन में चमक आती है।

अगर आपके फेस पर डेड स्किन की परत जम गई है, तो इसको हटाने के लिए स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी है। इसके लिए बेकिंग सोडा में 1 छोटा चम्मच शहद मिलाकर इससे फेस पर स्क्रब करें। इससे फेस का ग्लो बढ़ जाएगा।

बता दें कि नींबू के रस में विटामिन सी की मात्रा पायी जाती है। आप नींबू को डायरेक्ट फेस पर न लगाएं, लेकिन आप नारियल के तेल में नींबू का रस मिलाकर फेस पर लगा सकती हैं।

एक छोटा चम्मच शहद में 1 चम्मच चीनी डालने से होममेड स्क्रब बन जाता है। इससे फेस पर स्क्रब करें। दो मिनट स्क्रब करने के बाद आप फेस को वॉश करेंगी तो फेस पर अलग सा ग्लो आएगा।

मार्केट में केला, संतरा और पपीता आदि फल मिल जाएंगे। आप इसका फेस पैक बनाकर फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। इन फेस पैक्स से आपके फेस पर ग्लो और निखान आएगा। खीरे का रस भी आपके फेस पर चमक ला सकता है। इसके लिए खीरे का एक गोल टुकड़ा लेकर फेस पर अच्छे से घिसें। इससे आपके फेस के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। आप फेस पर आलू का रस लगा सकती हैं। इसके लिए आलू के रस में थोड़ा सा गुलाब जल मिक्स करें। इससे टैनिंग की समस्या कम होगी।

चावल के पाउडर में दूध और नींबू का रस मिलाकर फेस पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट बाद फेस को पानी से साफ करें। सप्ताह में दो बार ऐसा करें। इससे आपको काफी ज्यादा फायदा मिलेगा और ग्लो आएगा।

ग्रीन टी के पानी में 5 बूंद नींबू का रस मिलाएं फिर इससे अपने फेस की टोनिंग करें। इससे भी आपका चेहरा साफ हो जाता है और फेस पर चमक आ जाती है।

हांलाकि गुलाब जल से अच्छा कोई टोनर नहीं होता है और यह सभी त्वचा के टाइप का होता है।

केसर के इस्तेमाल से फेस साफ होने के साथ स्किन चमकदार होती हैं। केसर की दो थ्रेड 1 छोटा चम्मच दूध डालें। फिर 1 घंटे बाल इस मिक्स्चर को कॉटन बॉल को डिप करके फेस को साफ करें।

अपने फेस पर संतरे के छिलके को धीरे-धीरे घिसें, फिर 1 घंटे बाद चेहरे को धो लें। संतरे के छिलके से निकलमने वाला ऑयल स्किन के लिए फायदेमंद होता है। जिससे आपकी त्वचा बेदाग और चमकदार बनती है।

***त्वचा को ग्लोइंग बनाने के टिप्स***

दिनभर कम से कम 10 गिलास पानी जरूरी पीना चाहिए। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

फेस योगा करने से भी लाभ मिलेगा। इससे फेशियल फीचर्स शार्प होने के साथ फेस पर ग्लो आएगा।

स्किन टाइप के हिसाब से मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, इससे आपकी स्किन ड्राई नहीं होगी।

सनस्क्रीन के बिना बाहर न निकलें और अपनी स्किन टाइप के हिसाब से सनस्क्रीन का चुनाव करें। हर चार घंटे बार इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

स्किन को रोजाना एक्सफोलिएट करने से बचना चाहिए। सप्ताह में कम से कम 2 बार माइल्ड स्क्रब से फेस को क्लीन करें।

अगर आप स्मोकिंग करती हैं, तो इस आदत पर कंट्रोल करना चाहिए।

# ब्लैक अंडरआर्म्स पर भूलकर भी टूथपेस्ट का न करें इस्तेमाल, जानिए क्या हैं इसके नुकसान

गर्मियों का मौसम आते रही अंडरआर्म्स पर पसीना आना शुरू हो जाता है। जिसके कारण अंडरआर्म्स काले नजर आने लगते हैं। वहीं अंडरआर्म्स के कालेपन को दूर करने के लिए अक्सर लोग अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कि डार्कनेस दूर हो सके।

वहीं कुछ लोग अंडरआर्म्स के कालेपन को दूर करने के लिए टूथपेस्ट का भी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं एक्सपर्ट्स टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से मना करते हैं। क्योंकि यह अंडरआर्म्स को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि अंडरआर्म्स में टूथपेस्ट को क्यों नहीं लगाना चाहिए।

***अंडरआर्म्स में न लगाएं टूथपेस्ट***

एक्सपर्ट्स के मुताबिक अंडरआर्म्स को साफ करने के लिए भूलकर भी टूथपेस्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे आपको स्किन संबंधी समस्या हो सकती है। क्योंकि टूथपेस्ट में



केमिकल, आर्टिफिशियल फ्रेगनेंस और इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल होता है। जिसके इस्तेमाल से स्किन पर रैशेज या रेडनेस कर देता है। इसलिए आपको इसे उपयोग में लाने से बचना चाहिए।

***पिगमेंटेशन की समस्या***

अंडरआर्म्स पर टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से आपको पिगमेंटेशन की समस्या हो सकती है। इससे अंडरआर्म्स की डार्कनेस अधिक बढ़ सकती है। फिर छोटे-छोटे दाने निकलने लगते हैं, जो आपको परेशान कर सकती हैं। इसलिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। हांलाकि टूथपेस्ट की जगह आप अंडरआर्म्स पर डॉक्टर की बताई क्रीम अप्लाई कर सकती हैं। जिससे त्वचा पर अधिक पिगमेंटेशन या फिर पिंपल्स की समस्या न हो।

***इन बातों का रखें ध्यान***

अगर आप भी अंडरआर्म्स को व्हाइट करना चाहते हैं, तो आप एक्सपर्ट्स के बताए प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

अगर आपको गर्मियों में एलर्जी या पिगमेंटेशन की समस्या होती है, तो किसी भी चीज को डायरेक्ट स्किन पर लगाने से बचना चाहिए।

डॉक्टर आपको स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने की सलाह देगा। फिर आप उसी को इस्तेमाल में ला सकते हैं।

# कर्नाटक सरकार ने रेवन्ना को पकड़ने के लिए सीबीआई से मांगा सहयोग

**वायरल**

**पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना वीडियो वायरल होने के बाद देश छोड़ कर जर्मनी चले गए थे।**



**नई दिल्ली(हि.स.)।** कर्नाटक सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जनता दल (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना का पता लगाने के लिए अन्य देशों से मदद लेने का आग्रह किया है। रेवन्ना पर कथित तौर पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को रेवन्ना के खिलाफ चल रही जांच के बारे में जानकारी दी। सीबीआई से जुड़ा यह कदम इसी बैठक के बाद आया है।

पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना वीडियो वायरल होने के बाद देश छोड़ कर जर्मनी चले गए थे। इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सुरक्षा की जानी चाहिए और इस मामले में जो भी आरोपित है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पत्र में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को भाजपा नेता देवराज गौड़ा रेवन्ना के बारे में जानकारी दी थी। इसके बावजूद उन्हें टिकट दिया गया। यह चौंकाने वाली बात है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक और झटका था कि इस मामले को प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान में लाने के बावजूद उन्होंने उनकी ओर से अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर प्रज्वल को भारत से भागने में सक्षम बनाया। हरियाणा के पहलवानों, मणिपुर की घटनाओं पर प्रधानमंत्री मोदी ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों की खातिर लड़ना कांग्रेस पार्टी का नैतिक कर्तव्य है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने 12 किलोग्राम सोना जब्त किया

**मुंबई (हि.स.)।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 8.17 करोड़ रुपये कीमत का 12.74 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसके साथ ही 20 मामलों में 10 लाख करोड़ रुपये मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया गया और पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि कस्टम की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित छानबीन करती है। इसके तहत ही पिछले एक सप्ताह में कस्टम की टीम ने अलग अलग 20 मामलों में कार्रवाई करते हुए सोना और इलेक्ट्रानिक्स सामान के साथ पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों ने प्रतिबंधित सोना विभिन्न रूपों में छिपाया गया था, जैसे मोम और सोने की परत वाले कपड़ों में सोने की धूल, कच्चे आभूषण और सोने की छड़ें, पानी की बोतल में और मुंबई में उतरने वाले यात्री के शरीर पर। इन सभी यात्रियों की सावधानी से छानबीन की गई और तस्करी का सोना व अन्य सामान बरामद किए गए। कस्टम सूत्रों के अनुसार एक मामले में तो आरोपित ने पानी की बोतल में सोने की धूल को मोम के रुप में छिपाया था। इसे तकनीकी आधार पर बरामद किया गया। इस मामले में बरामद सोने की धूल का वजन 2580.00 ग्राम पाया गया।

# ज़ेनोफ़ोबिकपर जयशंकर बोले, भारत में सबका होता है आतिथ्य सत्कार

**मदद**

**इस पृष्ठभूमि पर एक न्यूज कार्यक्रम में एस. जयशंकर ने कहा किदुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है।**



**नई दिल्ली(हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ सुब्रमण्यम जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के भारत को लेकर दिए गए बयान का खंडन किया है। बाइडेन ने भारत को ज़ेनोफ़ोबिक कहा था। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार केलिए जाना जाता है। पिछले 2 अप्रैल को बाइडेन ने कहा था किअमेरिका अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती है। वहीं भारत, चीन, जापान और रूस की ज़ेनोफोबिक प्रकृति उनकी आर्थिकसमस्याओं केलिए जिम्मेदार है। यह देश अधिक आप्रवासन स्वीकार करें तो यह आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस पृष्ठभूमि पर एक न्यूज कार्यक्रम में एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। विभिन्न समुदायों केलोग भारत आते हैं और यही बात हमारे देश को विशेष बनाती है। दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार केलिए जाना जाता है।

सीएए के आलोचकों को लेकर विदेश मंत्री ने कहा किऐसे लोग हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि सीएए के कारण इस देश में 10 लाख मुसलमान अपनी नागरिकता खो देंगे। उनसे जवाब क्यों नहीं लिया जाता? क्या अभी तक किसी ने अपनी नागरिकता खोई है? उन्होंने पश्चिमी मीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक खास विचारधारा से प्रभावित पश्चिमी मीडिया का एक समूह भारत को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। इस वर्ग का सदैव मानना रहा है कि विश्विक नैरेटिव पर उसका नियंत्रण होना चाहिए। ऐसे लोगों ने कई मामलों में अपने राजनीतिकहित भी उजागर किये हैं।

# लोकसभा चुनाव देखने के लिए भारत पहुंचे 23 देशों के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली(हि.स.)।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनावों को प्रथमदृष्टया देखने के लिए 23 देशों के प्रतिनिधि भारत पहुंच गये हैं। आज से शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। चुनाव आयोग ने विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आमंत्रित किया था। चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को इन विदेशी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद, ये प्रतिनिधि छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा। भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में यह ऐसा पहला आयोजन है।



# बिहार ने जिनको 15 साल मौका दिया वे परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : नीतीश कुमार

**पटना/मुंगेर(हि.स.)।** बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे।

मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम ही बनवाए थे।



गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्नी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है।

सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया।

अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर में हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है। भाजपा से हमारा संबंध पुराना है। बीच में इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब हम कहीं नहीं जायेंगे।

# ज्ञान और संस्कार से जीवन को उन्नत बनाएंः अजय तिवारी

**हजारीबाग(हि.स.)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली की वंदना सभा में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि जैक दसवीं परीक्षा में सात स्टेट टॉपर सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के



विद्यार्थी हैं। आप सभी पढ़-लिख कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीत का परचम लहराएंगे। मुझे ऐसा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आपको जो संस्कार, अनुशासन एवं गुणवत्ता शिक्षा दी जा रही है उसका अनुपालन करें। आप सभी सादगी, सदविचार, अनुशासन, समय पालन का संकल्प लेकर देश सेवा का संकल्प लें। ज्ञान और संस्कार से जीवन को उन्नत बनाएं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह और प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

## पहचान पत्र नहीं होने पर ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जानसन को वोट डालने से रोका गया

**लंदन (हि. स.)।** पहचान पत्र नहीं लाने पर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को देश के स्थानीय चुनावों में मतदान केंद्र से मतदान करने से रोक दिया गया जिसके कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। ब्रिटिश मीडिया की खबर के अनुसार बृहस्पतिवार को चुनाव के दौरान जॉनसन पहचान पत्र लाना भूल गये जिसके बाद दक्षिण ऑक्सफोर्डशायर में मतदान केंद्र के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि वह पहचान पत्र के बिना मतदान नहीं कर सकते। जॉनसन 2019 से 2022 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। जानकारी अनुसार जॉनसन ने हालांकि बाद में मतदान किया और उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दिया।

# पोर्न स्टार से जुड़े मामले में ट्रंप की पूर्व करीबी सलाहकार बनीं गवाह

**न्यूयॉर्क (हि. स.)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार को मुंह बंद करने के लिए किए धन भुगतान में करारा झटका लग सकता है। ताजा घटनाक्रम में इस मुकदमे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाहकार रहीं होप हिक्स ने गवाह के तौर पर पेश हुईं जहां अभियोजकों द्वारा उनसे सवाल पूछा जा सकता है। ज्ञात रहे कि 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक मामले में मुंह बंद रखने के लिए पोर्न स्टार गुप्त तरीके से धन भुगतान करने का आरोप है। व्हाइट हाउस संचार निदेशक के रूप में कार्य कर चुकीं हिक्स इस मामले में गवाही देने वाली ट्रंप की पहली करीबी सलाहकार हैं। ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था।



हिक्स ने ट्रंप के 2016 के प्रचार अभियान प्रेस सचिव के रूप में कार्य किया और उनके प्रशासन में शामिल होने वाले शुरुआती अभियान कर्मचारियों में से एक थीं। अभियोजकों का कहना है कि 2016 के चुनाव से कुछ हफ्ते पहले ÷एक्सेस हॉलीवुड÷ टेप लीक होने के बाद हिक्स ने उनके वैवाहिक बेवफाई के आरोपों को प्रेस से दूर रखने के एक प्रयास के दौरान ट्रंप से फोन पर बात की थी।

# बाल्टीमोर पुल दुर्घटना के 35 दिन बाद भी जहाज पर फंसे हैं भारतीय चालक दल सदस्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के बाल्टीमोर में दुर्घटना के कारण पुल गिरने के 35 दिन बीत चुके हैं, लेकिन भारतीय चालक दल के 20 सदस्य जहाज पर ही फंसे हुए हैं। यह दुर्घटना 26 मार्च को हुई थी। इसके कारण बाल्टीमोर पुल का एक हिस्सा टूटकर पानी में गिर गया था। अगर दुर्घटना नहीं हुई होती, तो चालक दल के सदस्य अपने गंतव्य श्रीलंका पहुंच गए होते। लेकिन मजबूरन वे अमेरिकी बंदरगाह शहर बाल्टीमोर के तट पर मालवाहक जहाज डाली में रहने को मजबूर हैं। डाली के स्वामित्व वाली कंपनी के एक प्रवक्ता जिम लॉरेंस ने कहा कि भारतीय क्रू सदस्य अब भी क्रू पर मौजूद हैं और उनके हौंसले में कोई कमी नहीं आई है।लॉरेंस ने कहा कि जहाज पर अपनी ड्यूटी के साथ ही दुर्घटना को लेकर चल रहे जांच कार्य में भी वे सहायता कर रहे हैं। उनकी लगातार कार्उंसिलिंग भी की जा रही है। भारतीय दूतावास की ओर से उन लोगों की जानकारी देने से इनकार कर दिया गया है, जो अब भी जहाज पर हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सभी जहाज पर कुछ हफ्ते या महीने और रह सकते हैं। उन्हें जब जाने की अनुमति दी जाएगी, तो उन सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो जूनियर हैं।


**हौंसले**

**डाली के स्वामित्व वाली कंपनी के एक प्रवक्ता जिम लॉरेंस ने कहा कि भारतीय क्रू सदस्य अब भी क्रू पर मौजूद हैं और उनके हौंसले में कोई कमी नहीं आई है।**



# सौ रुपये के नोट पर विवादास्पद नक्शा छापने के फैसले पर सरकार में अंतर्विरोध

**काठमांडू,(हि.स.)।** नेपाल सरकार सौ रुपये के नोट पर विवादास्पद नक्शा प्रकाशित करने के मुद्दे पर सत्ता पक्ष के ही निशाने पर आ गई है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में एक मानचित्र के साथ 100 रुपये के नए नोट छापने का निर्णय किया गया, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के विवादास्पद क्षेत्रों को दिखाया गया है। हालांकि भारत ने पहले ही इसे कृत्रिम विस्तार÷ और अस्थिर करार दिया है। नेपाल सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में नेपाल का नया नक्शा छापने का निर्णय लिया गया, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को 100 रुपये के नोट में शामिल किया गया है। उधर, नेपाल सरकार के इस फैसले का कैबिनेट में ही कुछ मंत्रियों द्वारा विरोध की खबरें छनकर आ रही हैं। सरकार में वन मंत्री रहे नवल किशोर साह ने कूटनीतिक माध्यम से उठाए जाने वाले विषय को नोट पर प्रकाशित करने से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। वन मंत्री साह ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच रहे विवादित भूमि और विवादित नक्शे पर जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चैनल में बातचीत हो रही है तो ऐसे में नोट पर उस नक्शे को प्रकाशित करने से द्विपक्षीय वार्ता प्रभावित हो सकती है। संसद की अन्तरराष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने सरकार के इस फैसले को आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति की अगली बैठक में इस मामले पर सरकार से जवाब-तलब किया जाएगा। राजकिशोर यादव का कहना है कि सरकार ने जानबूझकर भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करने के लिए यह कदम उठाया है। भारत से इस मसले पर गम्भीर रूप से कूटनीतिक वार्ता करने की बजाय इस तरह के एकतरफा फैसले से भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ सांसदों ने भी सरकार के फैसले को गम्भीर कूटनीतिक त्रुटि बताया है। एकीकृत समाजवादी के सांसद प्रेम आले ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में है। उनकी सरकार कभी भी गिर सकती है, ऐसे में प्रचण्ड ने इस तरह का कदम उठा कर खुद की असफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। इसी तरह जनता समाजवादी पार्टी के प्रमुख सचेतक प्रदीप यादव ने कहा कि देश की समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री की तरफ से नोट पर नए नक्शे को छापने का फैसला किया गया है। सांसद यादव का कहना है कि सरकार हर मोर्चे पर असफल है और अपनी असफलता को राष्ट्रवाद के आवरण में छिपाने की कोशिश कर रही है।




उल्लेखनीय है कि 18 जून, 2020 को नेपाल ने अपने संविधान में संशोधन करके रणनीतिक रूप से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को शामिल करके देश के राजनीतिक मानचित्र को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी की, जिस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारत ने इसे एकतरफा कृत्य बताते हुए नेपाल के क्षेत्रीय दावों के कृत्रिम विस्तार को अस्थिर बताया।

# आठ घंटे पीटा, पत्नी की टूटी नाक की हड्डी; पूर्व मंत्री ने की हैवानियत की सारी हदें पार

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री कुआंडिक बिशिम्बायेव पर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगा है। कुआंडिक बिशिम्बायेव पर आरोप है कि उसने नवंबर 2023 में अपनी पत्नी को आठ घंटा तक पीटा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पतली-दुबली महिला को आरोपी पति जूते और पैर से मारता रहता है।

वीडियो में यह भी देखा गया कि जब पत्नी ने बाथरूम में छुपने की कोशिश की तो पति दरवाजा तोड़ना की कोशिश कर रहा था। आरोपी पति ने अपने परिवार के स्वामित्व वाले रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को आपातकालीन सेवाओं को कॉल न करने और सीसीटीवी फुटेज को हटाने का निर्देश दिया था। महिला के सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। बुरी तरह से पिटाई की वजह से महिला की नाक की हड्डी टूट गई थी। पूर्व वित्त मंत्री कुआंडिक बिशिम्बायेव पर अपनी पत्नी साल्टानैट नकेनोवा की हत्या का मुकदमा चलाया गया था। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, बिशिम्बायेव और नुकेनोवा ने रेस्टोरेंट में पूरा दिन और मौत से एक दिन पहले पूरी रात बिताई थी। इस घटना के 12 घंटे के बाद एंबुलेंस पहुंची। महिला की रेस्टोरेंट में ही मौत हो गई थी। 43 वर्षीय बिशिम्बायेव पर अत्यधिक हिंसा के साथ यातना और हत्या का आरोप लगाया गया है और उसे 20 साल तक की जेल का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है और अदालत में तर्क दिया है कि नुकेनोवा की मौत खुद को लगी चोटों से हुई है।



# राजकीय आईटीआई में छात्र छात्राओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता




जौनपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के नेतृत्व में जनपद में स्वीप गतिविधियां अब तेज हो गई है। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई टी आई) सिद्दीकपुर में प्राचार्य मनीष कुमार पाल की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ छात्र छात्राओं को लोकतंत्र का महत्व बताते हुए निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने और सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक करने की जिम्मेदारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष कुमार पाल ने शिक्षक इंस्ट्रक्टर व प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी और कर्मचारियों को वोट के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, और कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करें। तथा अपने परिवार, आस पास व अन्य लोगों को मतदान के लिए अपने-अपने स्तर पर भी प्रेरित व जागरुक करें। उन्होंने बताया कि जनपद में तीन राजकीय और 121 निजी औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान है जिनको निर्देशित कर दिया गया है अब वे निरन्तर 22 मई तक अपने अपने संस्थान के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए जागरुक करते रहे। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने युवाओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप व वोटर पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए शहर व गाँव के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरुक करने को कहा तथा अपने मोहल्ले/गाँव के वे मतदाता जो बाहर दूसरे शहरों में गयें है, ÷घर आजा परदेसी ÷ थीम के अन्तर्गत उन्हें भी मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र देते हुए वॉयस या विडियो काल करके घर बुलाएँ। जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। इस अवसर पर सुनील कुशवाहा, पुष्पेन्द्र, आशीष सिंह, पूनम वर्मा, शशिकांत सिहानी, सुनील गुप्ता, अमित सिंह, हेमराज गौतम आफताब अहमद आदि इस्ट्रक्टर सहित काफी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## मवेशियों से भरी ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

प्रयागराज। प्रयागराज के कीडगंज थाना क्षेत्र के बैहराना इलाके में पुलिस ने शनिवार को तस्करी के लिए जा रही मवेशियों से भरी ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बैरहना चौराहे के पास बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक गोवंश से भरी जा रही है।जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभाव से ट्रक को रोककर तलाशी लेना शुरू किया। तलाशी के दौरान ट्रक में एक दर्जन से अधिक गोवंश भरे थे। ट्रक फ्लाईओवर पर नैनी से झूंसी की तरफ जा रहा था। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके से चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ, निकाली रैली

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजन किया गया।बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरैंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार रहे उन्होंने छात्र छात्राओं से बात की और उन्हें लोकतांत्रिक भारत में वोट और चुनाव के महत्व की जानकारी दी और शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने किया। प्रिंसिपल सिस्टर डॉक्टर शमिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सहायक जिविनी एल बी मौर्य और धर्मेन्द्र सिंह, अध्यापक मोहम्मद साबिर दीपक कुमार प्रीति मिश्रा नाजिया खान ब्रिजेश श्रीवास्तव हस्बीन अहमद रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से दवा लेने आई महिला की हुई मौत



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे प्रयागराज की ओर जा रही एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगो की मदद से उसे पीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।सुजानगंज थाना क्षेत्र के बेलवार गांव निवासी 40 वर्षीय सावित्री देवी (42) पत्नी स्व0 धर्मेंद्र कुमार अपने मायके ग्राम छनेहता थाना से दवा लेने मुंगराबादशाहपुर बाजार आई थी। वापस पैदल उक्त मार्ग पर हिंदू इंटर कालेज के पास वाहन के इंतजार में खड़ी थी। उसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगरा बादशाहपुर लाया गया। जहा चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। विदित हो कि पति की मौत के बाद बीते साल भर से यह अपने पाच बच्चो को लेकर अपने पिता बलवंता के घर मायके में ही रह रही थी। ट्रक मौके से भागने में कामयाब रहा। इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष पाठक का कहना है कि ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत हुई। शव आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# छोटे दलों सहित तमाम निर्दलियों ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार बदरे आलम ने 1 सेट, मौलिक अधिकार पार्टी के उम्मीदवार फूलचन्द बिन्द ने 1 सेट, निर्दल उम्मीदवार कृपाशंकर पाण्डेय ने 1 सेट, समाज परिवर्तन पार्टी के उम्मीदवार नीलम अम्बेडकर ने 1 सेट, निर्दल उम्मीदवार श्याम लाल ने 1 सेट, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार निशा पटेल ने 1 सेट, छत्रपति शिवाजी भारतीय गरीब पार्टी के उम्मीदवार सोनू सिंह ने 1 सेट, बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी श्रीकला ने 1 सेट में नामाकंन पत्र दाखिल किया। इसी क्रम में 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने 1 सेट, सरदार पटेल सिद्वांत पार्टी के उम्मीदवार राममिलन ने 1 सेट में नामाकंन दाखिल किया। वहीं 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार निशा पटेल ने 1 सेट और पीडीएम मोर्चा अपना दल (कमेरावादी) पार्टी के उम्मीदवार मो0 शाह आलम ने 1 सेट में पर्चा खरीदा। उधर मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दल प्रत्याशी संगीता और सरदार पटेल सिद्वांत पार्टी के उम्मीदवार राममिलन ने 1 सेट में पर्चा खरीदा।

## डीएसए-एनसीआर की आसान जीत

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। डीएसए-एनसीआर ने एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिविजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में एंग्लो बंगाली क्लब की टीम 12.5 ओवर में 76 रन (अनुज सिंह परिहार 22, सौरभ त्रिपाठी 18, भरत अवस्थी 4/17, सुनील त्रिपाठी 3/12, सुशील ओझा 2/15) बनाए। जवाब में डीएसए-एनसीआर ने 22.2 ओवर में दो विकेट पर 78 रन (बलराम सिंह 23 नाबाद, ताहा अली 21 नाबाद, अनुज सिंह परिहार 1/00, उदय प्रताप सिंह 1/28) बना लिए। मैच में अजय कुमार, राहुल सिंह अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

# भाजपा सोशल मीडिया ने डीपी के माध्यम से चुनावी कैंपिंग की दी धार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मिशन 2024 की फतेह को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी कैंपिंग के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी सरकार एवं लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में शानदार चुनावी कैंपिंग की शुरुआत कर दी। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की कैंपिंग को लेकर प्रत्येक लोकसभा में 200 सोशल मीडिया टीम वॉरियर्स की फौज 2024 लोकसभा चुनाव की चुनावी कैंपिंग को सोशल मीडिया की प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के और मोदी सरकार की 400 पार की विंनिग चुनावी अभियान के समर्थन में प्रयागराज की इलाहाबाद एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं प्रवीण पटेल के समर्थन में सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर पेज एवं एक्स अकाउंट पर डीपी चेंज कर चुनावी कैंपिंग की शानदार धार देने का काम शुरू कर दिया है। इस अभियान से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता जुड़ रहे हैं। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से सोशल मीडिया पर रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और अपने फॉलोवर्स के माध्यम से लगभग प्रत्येक लोकसभा में दो लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य लेकर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया कार्य कर रही है। यह लक्ष्य लगभग एक हफ्ते के अंदर प्राप्त कर लिया जाएगा। यह प्रयागराज में अभियान 25 में तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शार्ट सर्किट से रिहायशी मड़हे में लगी आग से महिला, गाय, बकरियां झुलसीं



जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के नेवादा गांव में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से एक रिहायशी मडहे में आग लग गयी। आग की चपेट में आकर एक महिला झुलस गई और एक गाय तथा दो बकरियां जलकर मर गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी राम आसरे पटेल के मकान से सटकर मड़हा रखे थे। दोपहर में अचानक विद्युत तार से चिंगारी निकलने लगी। जब तक कोई कुछ समझता मड़हा धू-धू कर जलने लगा। मड़हे में बंधी गाय तथा दो बकरियां जिंदा जलने लगी। गृहस्थी का काफी सामान भी मड़हे में था। सब जल गया। घर की 50 वर्षीया महिला सुखवंती देवी गाय तथा बकरियों को बचाने में गम्भीर रूप से झुलस गई। गांव के लोग काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया। हालांकि तब तक सब कुछ जल चुका था। परिजन महिला को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय ले गये।

### लाइजन आफिसर की लगी ड्यूटी

आजमगढ़। जनपद अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0ध्प्रभारी अधिकारी प्रेक्षक व्यवस्था आजाद भगत सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना 16 मार्च 2024 के द्वारा जनपद में मतदान हेतु दिनांक 25 मई 2024 नियत है। जिसको स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के निमित्त मा0 प्रेक्षकगणों के साथ लाइजन आफिसर की ड्यूटी लगायी गयी थी। जिसको संशोधित करते हुए लोकसभा 69-आजमगढ़ के लिए मा0 प्रेक्षक विजय चन्द्रकान्त राठौर आईएएस के साथ लाइजन आफिसर विजय कुमार यादव, असि0 कमि0 वाणिज्यकर 7235002366, लोक सभा 68-लालगंज के लिए मा0 प्रेक्षक डॉ0 पी0 शंकर आईएएस के साथ लाइजन आफिसर बृजेश कुमार यादव सहा0 अभियन्ता, लो0नि0विभाग, प्रा0खण्ड, 8742928967 एवं लोकसभा 68-लालगंज व 69-आजमगढ़ के लिए मा0 प्रेक्षक लक्ष्मण निमवर्गी आईपीएस के साथ लाइजन आफिसर मुकेश कुमार झा, सहा0 अभियन्ता, लो0नि0विभाग खण्ड-05, नियुक्त किये गये हैं।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56245415 | Inductive Shunt Assembly (SJ) Type NR 59 A1 to CLW Drg. No. 2TWD.133.021 ALT-3 and CLW Spec. No. 4TES.133.001 ALT-7 | 13 Nos. | 30.05.2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: ईपीएस/56/2024 1341/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 31.05.2024 को 15:00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 03602024 दिनांक 03.05.2024 |
| 1 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर -वाराणसी/उ.रे./लख. के अधीन वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/वाराणसी के परिक्षेत्र में लखनऊ मण्डल के वाराणसी क्षेत्र-पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डी.डी.यू.) (लगभग 30 कि.मी.) स्वचलित सिग्नलिंग के प्रावधान के संबंध में 05 एस.एण्ड.टी. भवनों के निर्माण का कार्य। 2. वरि. मण्डल इंजीनियर-तृतीय/उ.रे./लख. के अधीन लखनऊ मण्डल में डी.डी.यू.-बी.एस.बी. के अनुभाग में आर.ओ.वी. ऑफ ब्रिज (परीक्षण आइटम) द्वारा पुल सं. 11 का पानी के नीचे का निरीक्षण का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | 01. रु. 98,19,962.25, 02. रु. 25,44,815.00 |
| 3 | धरोहर राशि | 01. रु. 2,49,600.00, 02. रु. 50,900.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। क्रम सं. 2 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 02 तक के लिए : 17.05.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 02 तक के लिए : 17.05.2024 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015) 1354/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ईश्वर शरण में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु ज़िला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बोलते हुए प्रयागराज स्वीप प्रभारी डॉ. अनुपम परिहार ने कहा कि हम भारत के लोग लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने वाले लोग हैं। ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने का सदैव प्रयत्न करना चाहिये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्रभारी डॉ. अरविन्द मिश्र ने कहा कि मतदान को उत्सव की तरह लेना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शेषनाथ सिंह, प्राचार्य ईश्वर शरण इंटर कॉलेज डॉ. दिलीप अवस्थी एवं प्राचार्या ईश्वर शरण बालिका इंटर कॉलेज डॉ. भारती सहित महाविद्यालय के डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. रफ़ाक, डॉ. मान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फूलपुर से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य ने भरा पर्चा

अवधनामा संवाददाता



- दो सेट मे किया नामांकन, विधायक गीता शास्त्री एवं संदीप यादव बने प्रस्तावक
- कुंवर रेवती रमन सिंह, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव सहित सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्त्ता रहे मौजूद

प्रयागराज। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन किया। अमरनाथ मौर्य ने दो सेट मे नामांकन पत्र दाखिल किया। विधायक श्रीमती गीता शास्त्री एवं सपा नेता संदीप यादव प्रस्तावक बने। अमरनाथ मौर्य दोपहर 12 बजे के बाद अपने आवास प्रीतमनगर से निकलने के बाद सीधे हाईकोर्ट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर एवं पी डी पार्क स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया की मूर्ति माल्यार्पण करने के बाद समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन आये। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहाँ उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद सपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अमरनाथ सिंह मौर्य ने कहा कि देश मे इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सत्ता एवं शासन मे पी डी ए की भागीदारी, पुरानी पेंशन लागू करने, किसानों को एम एस पी दर लागू करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, अग्निवीर को खत्म कर नियमित भर्ती करने जैसी जन हित की तमाम योजनाए लागू की जाएगी। नामांकन मे आये समाजवादी पार्टी,घटक दलों कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, काम्युनिस्ट पार्टी, तृण मूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव जिताने की अपील किया।इस मौके पर कुँवर रेवती रमण सिंह, अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, गीता शास्त्री, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, सुरेश यादव, मो कादिर, राजू पासी, प्रदीप अंशुमन, शांति स्वरूप पटेल, दूधनाथ पटेल, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, वजीर खां, शकील अहमद, बच्चा यादव, अमर सिंह, राम मिलन, प्रतिमा रावत, सुमन शर्मा, पद्मा यादव, अभिमन्यु पटेल, ओ पी यादव, नाटे चौधरी, डॉ प्रेम चंद्र मौर्य, बेला सिंह, भोला यादव, कुलदीप यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ और रमेश ने किया नामांकन

- देश हित में केंद्र में जनता चाहती है बसपा की सरकार

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लोकसभा 51 फूलपुर से जगन्नाथ पाल तथा 52 इलाहबाद संसदीय से रमेश पटेल ने अपने अपने प्रस्तावको के साथ शनिवार को नामांकन दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी बसपाई कार्यकर्ताओ के साथ हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर बाबा साहेब को नमन करते हुए जिम्मेदार वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन पर्चा दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल सहसों स्थित चुनावी केंद्रीय कार्यालय निकट विकास इंटर कॉलेज से पूर्वाह्न 11.00 बजे निकलकर सहसों के गोल चौराहा स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने जुलूस के साथ हाईकोर्ट चौराहा पहुंचकर बाबा साहब डा . भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वहां से चलकर जिलाधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया जबकि इलाहबाद संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी रमेश पटेल जसरा ब्लाक स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर बसपा कार्यकर्ताओं के साथ हाईकोर्ट स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना पर्चा दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने नामांकन के बाद बातचीत करते हुए कहा कि आज देश की जनता महगाई से त्रस्त है, युवाओ के लिए सरकारी नौकरी खत्म कर दी गई है, बाबा साहेब के भारतीय संविधान को बदलने की साजिश चल रही है, मौजूदा भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं का हल न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र और प्रदेश की सरका को पूंजीपतियों की सरकार बताया। बसपा के प्रत्याशियों ने कहा कि जानता सपा,भाजपा, कांग्रेस के शासन को देख चुकी है। अब देश की जनता बहन मायावती के नेतृत्व में केंद्र में बीएसपी की सरकार चाहती है।

नामांकन के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी, विजय सरोज, घनश्याम पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, साबिर सिद्दिकी, फैजी, चिन्तामणि वर्मा, प्रवीण भारती, रामबृज गौतम, प्रवीण गौतम, रमेश गौतम, मंसूर, गुड्डू तिवारी, जंग बहादुर मौर्य, मनीष पासी, अतुल कुमार टीटू, जीतलाल बिंद, राजकुमार प्रजापति, पप्पू यादव, शिवबरन पासी, राज कुमार पाल, पंकज गौतम, शेखू रासिद, राजनाथ पाल, राम जतन पाल, अभिशेष आजाद, रतन विश्वकर्मा साहित हजारों बसपाई मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन को मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। जिले के अहिरौला विकासखंड अंतर्गत बस्ती भुजबल कठही डीपीएस कान्वेंट पब्लिक स्कूल में सबसे पहले सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर चंद्रभान सिंह के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। आज छात्र एवं छात्राओं के हौसले को पढ़ाते हुए विद्यालय परिवार की तरफसे एक चर्चित प्रोग्राम किया गया जी प्रोग्राम के माध्यम से एलकेजी यूकेजी से लेकर के 12 तक के बच्चों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर के उनके हौसले को और बढ़ाने का काम किया गया साथ में आए हुए उनके अभिभावक को भी इस विद्यालय परिवार की तरफ से क्या बताने और दिखाने का काम किया गया कि विद्यालय परिवार अपनी तरफसे किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ा है आप लोगों का अगर थोड़ा सा सहयोग मिला तो विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र तथा छात्राएं एक दिन ऊंची बुलंदियों को जरूर छुएंगे छात्र-छात्राओं के द्वारा कई प्रकार के प्रोग्राम किए गए और सभी प्रोग्राम में उन्हें प्रतिभागी बनाकर गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया और विद्यालय परिवार की तरफसे अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिस अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के सहयोग से बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, विद्यालय परिवार की तरफ से प्रबंधक डॉक्टर काली प्रसाद सिंह उर्फ डॉक्टर भैया ने सबका अभिवादन करते हुए कहा यह विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा है।

## साइबर फ्राड के 45,000 रूपये वापस कराया गया

महाराजगंज,आजमगढ़। पूर्व की घटनाः दिनांक 30.04.2024 को आवेदक प्रदीप सेठ पुत्र दीनदयाल सा0 जामीलपुर थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ़ के द्वारा छब्त्च् भ्मसचसपदम 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराया गया। कि आवेदक के खाते से 45000- रूपये दिनांक 15.11.2023 को गलत खाता में चला गया था। जिसकी शिकायत संख्या 23103240033232 पंजीकृत हुआ जो पोर्टल के माध्य से उक्त धनराशि 02.अप्रैल को होल्ड हो गया था। आवेदक से सम्पर्क करने पर बताया गया कि साहब मैं भारतीय रेलवे में टेक्निशियन के पद पर बराबंकी में नौकरी करता हूँ। आवेदक द्वारा कल दिनांक 03.मई को थाना स्थानीय के साईबर डेस्क पर होल्ड पैसा वापस कराने के सम्बन्ध में एक प्रार्थना पत्र दिया जिसपर प्र0नि0 श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में मुझ क0आ0 रईस अंसारी द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर आवेदक के खाते से कटा हुआ कुल 45000/- रूपये वापस करा दिया गया। 03.मई को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए रईस अंसारी मय साईबर टीम थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ द्वारा आवेदक के खाते में कुल 45000- रूपये वापस कराया गया।

# बूथ सम्मेलन का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी सदर लोकसभा कि चुनाव प्रबंधन समिति मुबारकपुर विधानसभा कि एक बैठक अखिलेश सिंह विधानसभा संयोजक कि अध्यक्षता में आहूत किया गया। जिसमें मण्डल अध्यक्ष बुथ अध्यक्षों, शक्ती संयोजक गुजर पार, जहानगंज, सठियांव ,मुबारकपुर मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया उक्त बैठक सठियांव कार्यलय स्थिति आहूत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिव गोविन्द शुक्ल विधान परिषद सदस्य, दिनेश लाल यादव निरहुआ, पुर्व मंत्री यशवंत सिंह,राम दर्शन यादव आदि उपस्थित हुए। अपने संबोधन में श्री शुक्ल ने कहा कि संगठन का बुथ अध्यक्ष और उपर प्रदेश अध्यक्ष एक समान होता है इसलिए आप लोग यह समझ लें कि बुथ अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। आप सरकार कि योजना आवास, राशन, गैस,को लोगों तक पहुंचाये हमारी सरकार कि यह योजना 3 करोड़ घर बनाने कि योजना है। निरहुआ आजमगढ़ से जीतेंगे आजमगढ़ इसलिए महत्वपूर्ण है कि मोदी जी ने आजमगढ़ से चुनावी संखनाथ कि है। निरहुआ ने कहा कि 15 माह में मैंने जो काम किया 40 साल से विधायक होने के बाद भी नहीं किया कम समय में महत्वपूर्ण काम किया। आप का सांसद ने 400 परिवार को 12 करोड़ कि योजनाओं को जनता तक सिंधे लाभ पहुंचाया है। इस अवसर पर अरविंद सिंह ब्लाक प्रमुख, अरविंद जयसवाल, पुर्व मंत्री राम दर्शन यादव, महेश्वरी नाथ पांडेय जी, हरेंद्र सिंह, प्रेम चन्द आजमी जी वरिष्ठ नेता, दुर्ग विजय यादव,बिभा बरनवाल, रामनरेश चौहान, दुर्गेश सिंह,जिला मंत्री ननकु सरोज ने संचालन किया।

# अब दूसरे बैंक के एटीएम से कैश निकालना पड़ सकता है महंगा

**नई दिल्ली।** हाल ही में एटीएम उद्योग परिसंघ और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच एक बैठक हुई। इसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। नई सरकार के गठन के बाद इन शुल्क में बदलाव हो सकते हैं।

अगर आप अकसर दूसरे बैंकों का एटीएम इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। एटीएम पर आने वाले खर्च या लागत पर नए सिरे से विचार किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे बैंकों के एटीएम से रकम निकालने या लेनदेन करने पर शुल्क (इंटरचेंज शुल्क) बढ़ाकर 20 से 23 रुपये तक किया जा सकता है। इसके अलावा ज्यादा नकद निकालने पर भी अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। वहीं, जिन क्षेत्रों में एटीएम की कमी है, वहां शुल्क कम रखने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (छ्क्क्ष) के लाभार्थी एटीएम से आराम से रुपये निकाल सकें।

हाल ही में एटीएम उद्योग परिसंघ और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच एक बैठक हुई। इसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। नई सरकार के गठन के बाद इन शुल्क में बदलाव हो सकते हैं। दरअसल, इंटरचेंज शुल्क तब लगाया जाता है, जब आप किसी दूसरे बैंक के एटीएम या व्हाइट लेबल एटीएम पर जाकर अपने कार्ड से लेनदेन करते हैं। यह शुल्क आपके बैंक से वसूला जाता है। पहले यह शुल्क 15 रुपये प्रति लेनदेन था, जिसे एक अगस्त 2021 को बढ़ाकर 17 रुपये कर दिया गया। गैर वित्तीय लेनदेन पर शुल्क 5 रुपये से बढ़ाकर 6 रुपये कर दिया गया। मगर 2012 में एटीएम इंटरचेंज शुल्क 18 रुपये था, जिसे घटाकर 15 रुपये किया गया था।

दरअसल, रिजर्व बैंक ने एटीएम इंटरचेंज शुल्क व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की थी। इसका गठन इसलिए किया था कि जहां बैंक कम वहां एटीएम तेजी से लगाए जाए सके। इस समिति को रिपोर्ट सौंपे काफी समय हो चुका है। रिपोर्ट में समिति ने बताया है कि किराये, ईंधन के खर्च, नकदी भरने के शुल्क और गृह मंत्रालय की सुरक्षा शर्तों का पालन करने के कारण लागत बहुत बढ़ गई है। 2,000 रुपये के नोट बंद होने के बाद अब एटीएम में नोट भी ज्यादा बार भरने पड़ते हैं।

समिति ने सिफारिश कि है कि इंटरचेंज शुल्क और एटीएम उपयोग शुल्क पर नियत समय के बाद विचार होना चाहिए, ताकि लागत से जुड़ी परेशानियां दूर हो सकें। हालांकि इसका फैसला रिजर्व बैंक करेगा। एटीएम उद्योग परिसंघ उद्योग इंटरचेंज शुल्क को बढ़ाकर 20 रुपये किए जाने के लिए तैयार था मगर सुनने में आ रहा है कि कैसेट बदलने के खर्च की भरपाई के लिए इसे बढ़ाकर 23 रुपये किया जा सकता है।

## देश में दोपहिया वाहनों पर सर्वाधिक जीएसटी, बजाज ऑटो के सीईओ राजीव बजाज बोले- ज्यादा नियमन से बढ़ रही कीमत



**नई दिल्ली।** बजाज ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर को लेकर सरकार को फिर से सोचना चाहिए। इसे घटाकर 8 से 14 फीसदी के बीच लाना चाहिए। बजाज ऑटो के सीईओ राजीव बजाज का कहना है कि भारत में दोपहिया वाहनों पर सबसे अधिक जीएसटी है। यहां हम 28 फीसदी जीएसटी दे रहे हैं। आसियान देशों व लैटिन अमेरिका में यह दर 8 से 14 फीसदी है। दोपहिया वाहनों की कीमतें बढ़ने का एक और कारण देश में ज्यादा नियमन भी है।

बजाज ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर को लेकर सरकार को फिर से सोचना चाहिए। इसे घटाकर 8 से 14 फीसदी के बीच लाना चाहिए। बजाज ने पूछा, ऐसा क्यों है कि देश में आम आदमी के वाहनों पर हमें 28 फीसदी की जीएसटी दर का भुगतान करना चाहिए? अगर यह दर कम होती है तो ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दोपहिया वाहन की पहुंच होगी। भारत में दोपहिया वाहनों की वृद्धि कोविड-19 महामारी के अलावा कीमतों में बढ़ोतरी और नियमों में बदलाव से प्रभावित हुई है।

बजाज के मुताबिक, दोपहिया वाहनों की कीमत में इस तरह का नाटकीय बदलाव कई चीजों के कारण है। इसमें सबसे बड़ा कारण अत्यधिक नियमन है। इस पर भी सरकार को विचार करने की जरूरत है। बीएस-6 जैसे मानदंड अच्छे हैं।

बजाज ने कहा, हम उच्चतम स्तर पर नियमन चाहते हैं। उदाहरण के लिए उत्सर्जन जैसे नियमन से हम खुश हैं। इससे सभी को स्वच्छ हवा मिलेगी। पर, उद्योग की चिंताओं को भी दूर करने की जरूरत है।

# केंद्र ने प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाया, न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक प्याज के निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदल कर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा।

इससे पहले देर रात केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। दरअसल, सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर



आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर, 2023 तक इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने करीब छह महीने बाद प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया है। सरकार का यह कदम महाराष्ट्र के व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि यहां प्याज की फसल का एक बड़ा हिस्सा होता है।

## कोटक बैंक का मार्च तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली (हि.स.)।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान किया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के निदेशक मंडल ने पांच रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 2 रुपये के लाभांश देने की सिफारिश की है।

कोटक महिंद्रा ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 3,496 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान उसकी कुल आमदनी बढ़कर 15,285 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 12,007 करोड़ रुपये रही थी।

बैंक ने बताया कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उसका शुद्ध लाभ 26 फीसदी बढ़कर 13,782 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 10,939 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक की कुल आमदनी 2023-24 में बढ़कर 56,072 करोड़ रुपये रही है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 41,334 करोड़ रुपये थी। इसी तरह बैंक का शुद्ध ब्याज इनकम (एनआईआई) 21 फीसदी बढ़कर 25,993 करोड़ रुपये रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 21,552 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक बैंक का सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 1.39 फीसदी और शुद्ध एनपीए 0.34 फीसदी हो गया है। उल्लेखनीय है कि कोटक महिंद्रा बैंक के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 5 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर दो रुपये के लाभांश देने की सिफारिश की है।

## चार अग्रणी बैंकों के सहयोग से पेटीएम की सेवाएं और बेहतर हुईं, यूपीआई भुगतान पर मिल रहा निश्चित कैशबैक

**नई दिल्ली।** पेटीएम का इस्तेमाल करते हुए आप सभी प्रकार का यूपीआई भुगतान बड़ी आसानी से कर सकते हैं। पेटीएम के जरिए आप अपने यूटिलिटी बिलों का भुगतान कर सकते हैं। पेटीएम से उपभोक्ता अपने प्रीपेड मोबाइल को रिचार्ज कर सकते हैं और बिजली बिल का भी पेमेंट कर सकते हैं।

पेमेंट एप पेटीएम को अब देश के चार अन्य अग्रणी बैंकों का साथ मिल रहा है। इन प्रमुख बैंकों के साथ काम करते हुए पेटीएम की सेवाएं पहले से भी बेहतर हो गईं हैं। अब पेटीएम एप के जरिए यूपीआई भुगतान करने पर ग्राहक 100 रुपये तक का कैशबैक निश्चित रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

पेटीएम का इस्तेमाल करते हुए आप सभी प्रकार का यूपीआई भुगतान बड़ी आसानी से कर सकते हैं। पेटीएम के जरिए आप बड़े आराम से अपने यूटिलिटी बिलों का भुगतान कर सकते हैं। अपने प्रीपेड मोबाइल को रिचार्ज कर सकते हैं और बिजली बिल का भी भुगतान कर सकते हैं। इसके साथ ही डीटीएच रिचार्ज और गैस सिलेंडर बुक करने जैसे काम भी पेटीएम के जरिए आसानी से निपटाए जा सकते हैं।

पेटीएम को एनपीसीआई से थर्ड पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के रूप में कार्य करने की मंजूरी मिली है। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन को देश के चार बैंकों के साथ टीपीएपी के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। ये चार बैंक हैं- एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक।

## भारत में FY2023-24 के दौरान स्टार्टअप फंडिंग 17% कम हुई, 2023 में बना सिर्फ एक यूनिकॉर्न

**नई दिल्ली।** वेल्थ 360 वन की इंडिया इन्वेस्ट्स रिपोर्ट के मुताबिक, 10 से 25 करोड़ डॉलर मूल्य की निजी इक्विटी में 60 फीसदी की गिरावट आई है। जबकि 50 करोड़ डॉलर या उससे अधिक का निवेश करने वालों की संख्या में भी 80 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट आई है।

भारत में स्टार्टअप फंडिंग में वित्त वर्ष 24 में पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2021 में निवेश पेशेवरों को प्रतिदिन औसतन छह सौदे मिल रहे थे, लेकिन 2024 में, यह घटकर तीन हो गया है। वेल्थ 360 वन की इंडिया इन्वेस्ट्स रिपोर्ट के मुताबिक, 10 से 25 करोड़ डॉलर मूल्य की निजी इक्विटी में 60 फीसदी की गिरावट आई है। जबकि 50 करोड़ डॉलर या उससे अधिक का निवेश करने वालों की संख्या में भी 80 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट आई है। 10 करोड़ डॉलर से कम के निवेश वाले फंडों में भी 30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन 50 लाख अमरीकी डॉलर के तहत वित्त पोषण अब भी स्थिर दर पर हो रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2.5 करोड़ अमरीकी डॉलर से अधिक के बड़े सौदे, जो आमतौर पर स्टार्टअप के बढ़ने पर मिलते हैं, में भी कमी आई है। इसका मतलब है कि कुल मिलाकर स्टार्टअप में कम पैसा जा रहा है, खासकर मध्यम से बड़े आकार के सौदों में। स्टार्टअप्स ने इस वर्ष निवेशकों से लगभग 8 अरब अमरीकी डॉलर जुटाए, जो वित्त वर्ष 22-23 से 50प्रतिशत की तुलना में 50प्रतिशत कम है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 349.67 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 111 यूनिकॉर्न हैं। यूनिकॉर्न की कुल संख्या में से, 102.30 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन वाले 45 यूनिकॉर्न 2021 में बने। 2022 में 29.20 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न बने। वहीं 2023 में केवल एक यूनिकॉर्न बन पाया।

भारत में 1.7 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जो सामूहिक रूप से 1.2 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा महराष्ट्र में 5801 स्टार्टअप्स हैं। इसके बाद दिल्ली एनसीआर में 3150, कर्नाटक में 3032 और तमिलनाडु में 2810 स्टार्टअप हैं।

## सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाया, नई दरें लागू

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए निर्यात पर 40



फीसदी शुल्क लगाया है। सरकार ने देसी चने के आयात पर लगने वाले शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला किया है। इसके साथ ही 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी 'बिल ऑफ एंट्री' के जरिए पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक अधिसूचना में कहा है कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे। फिलहाल प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध है। हालांकि, केंद्र सरकार ने अपने मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति देती रही है। हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश सहित छह देशों को एक निश्चित मात्रा में प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी।

केंद्र सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर 31 दिसंबर, 2023 तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया था। हालांकि, सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर प्रतिबंध लागू किया था, जो अभी लागू है। गौरतलब है कि 'बिल ऑफ एंट्री' एक कानूनी दस्तावेज है जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है।

## मई और जून के महीने में विवाह के मुहूर्त के साथ-साथ अन्य मुहूर्त का भी अभावः आचार्य देव



**लखनऊ।** विवाह आदि मांगलिक कार्यों का मुहूर्त वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया से प्रारंभ होकर पूरा ज्येष्ठ मास और आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी तक नहीं है इसका मुख्य कारण है शुक्र का अस्त होना जो 29 अप्रैल 2024 को पूर्व दिशा में अस्त हो रहे हैं। इसके बाद गुरु का भी अस्त पश्चिम दिशा में 6 मई 2024 को काशी पंचांग के अनुसार हो रहा है।

वामा एप के फाउंडर आचार्य देव ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए गुरु और शुक्र का उदित होना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वर के लिए शुक्र ग्रह का और कन्या के लिए गुरु ग्रह का बहुत महत्व है। इन्हीं ग्रहों के अस्त होने के कारण मुंडन मुहूर्त, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, उपनयन संस्कार और द्विरागमन आदि मुहूर्त का अभाव हो गया है। शास्त्रों में वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ मास की बड़ी महिमा बताई गई है मांगलिक कार्यों के लिए लेकिन इन मुख्य ग्रह के अस्त होने के कारण इस बार मुहूर्त का अभाव हो गया है।

**माघे धनवती कन्या फाल्गुने सुभगा भवेत् ।**
**वैशाखे च तथा ज्येष्ठे पत्युरत्यन्तवल्लभा ।।**

आषाढ़े कुलवृद्धिः स्यादन्ये मासाश्च वर्जिताः । मार्गशीर्षमपीच्छन्ति विवाहे केऽपि कोविदाः।।

आचार्य देव ने यह भी बताया कि शास्त्र में लिखा है विवाह मास की महिमा के बारे में जिसमे वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ मास के बारे लिखा है कि वैशाख मास एवं ज्येष्ठा मास में विवाह होने से कन्या पति की प्रिया होती है। आषाढ़ मास में कन्या का विवाह करने से कुल की वृद्धि करने वाली होती है। कितना महत्व दिया है शास्त्र ने इन मासों का लेकिन इन दो मुख्य ग्रह के अस्त होने के कारण इस बार विवाह मुहूर्त का अभाव हो गया है।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वामा एप के फाउंडर आचार्य देव ने कहा कि शास्त्रों में तीन अबूझ मुहूर्त बताया गया है उसमें एक अबूझ मुहूर्त जो 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया के रूप में मिल रहा है। इस दिन लोग विवाह, वर वरण, कन्या वरण, तिलकोत्सव गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य कर सकते हैं।

गुरु ग्रह का उदय 3 जून 2024 को पूर्व दिशा में हो रहा है और शुक्र ग्रह का उदय 28 जून 2024 को पश्चिम दिशा में हो रहा है। 1 जुलाई 2024 को शुक्र ग्रह की बालत्व निवृत्ति के बाद विवाह मुहूर्त प्रारंभ होंगे। इसलिए काशी के पंचांगों में 2 जुलाई से विवाह के मुहूर्त मिल रहे हैं जो 15 जुलाई 2024 तक विवाह का मुहूर्त है। पंचांगों के अनुसार जुलाई में कुल 10 विवाह के मुहूर्त हैं। मई और जून के महीने में इसीलिए विवाह के मुहूर्त के साथ-साथ अन्य मुहूर्त का भी अभाव है। सवा दो महीने महीना तक इसीलिए कोई भी विवाह का मुहूर्त किसी भी पंचांग में आपको नहीं मिलेगा।

वर और कन्या की कुण्डली मेलापक के बाद ज्योतिषाचार्य शुभ मुहूर्त निकालते हैं जिसमें शुभ दिन,तिथि, नक्षत्र, योग, करण और चक्रशुद्धि विवाह के लिए जरूरी होता है।

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष एकादशी 17 जुलाई 2024 को है। इस दिन को हरिशयन एकादशी के नाम से जाना जाता है जिसे श्रीहरिशयनी एकादशी भी कहते हैं। इसी दिन से चातुर्मास का प्रारंभ हो जाएगा। चातुर्मास में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। चार महीनों तक विवाह के मुहूर्त का अभाव है। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष एकादशी को हरिप्रबोधनी एकादशी 12 नवम्बर 2024 को है। इसी दिन से चातुर्मास की समाप्ति हो जाएगी। इसके बाद नवम्बर 2024 में विवाह के मुहूर्त पंचांग में दिए हुए हैं।

## भारत के साथ रुपये में व्यापार करेगा नाइजीरिया; यूपीआई के जरिये संभव होगा डिजिटल भुगतान

भारत और नाइजीरिया ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर जल्द एक समझौता करेंगे। इसके अलावा नाइजीरिया डिजिटल भुगतान के लिए भारत के यूपीआई का इस्तेमाल करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल मे ही नाइजीरिया की यात्री की है, जहां अबूजा में दोनों पक्षों ने कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, औषधि, बिजली उत्पादन सहित कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें व्यापार व सहयोग बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देश इस बात के लिए सहमत हुए हैं कि स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) समझौता किया जाए, ताकि दोनों देश एक-दूसरे की मुद्रा में व्यापार के लिए भुगतान कर सकें।

वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय एक्जिम बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी शामिल थे। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की है। नाइजीरिया अफ्रीका में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 1,108 करोड़ डॉलर रहा है। इसके अलावा 2,700 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ करीब 135 भारतीय कंपनियां नाइजीरिया में सक्रिय हैं। ये निवेश विविध क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जिनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं।

# समावेशी विकास को बढ़ावा दे रही है भारत की राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना

**नई दिल्ली।** भारत में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) के द्वारा कौशल विकास की पहुँच में एक उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई दे रहा है। अगस्त 2016 में शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी पहल, एक गेम-चेंजर के रूप में उभर कर सामने आई है। यह युवाओं की बेरोज़गारी और अल्परोज़गार के गंभीर मुद्दों की बात करते हुए, औपचारिक शिक्षा और उद्योग की मांगों के बीच गैप को कम कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों में अप्रेन्टिसों के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में, नामांकित अप्रेन्टिसों की कुल संख्या 35,333 थी। हालाँकि, चालू वित्तीय वर्ष, 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 931,406 हो गया है। यह आश्चर्यजनक वृद्धि बताती है कि पांच साल की अवधि में महत्वपूर्ण चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर)74.76त्न रही है।

पिछले वित्तीय वर्ष, 2022-23 की तुलना में, चालू वर्ष के नामांकन में साल-दर-साल 26.08त्न की पर्याप्त वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंजीकृत अप्रेन्टिसों की कुल संख्या 738,704 थी, जबकि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 931,406 तक पहुंच गया है। यह उछाल जिन राज्यों में आया है उनमें महाराष्ट्र (263,239), तमिलनाडु (101,519), गुजरात (83,611), कर्नाटक (78,497), और उत्तर प्रदेश (71,378) जैसे राज्य अग्रणी हैं। ये राज्य पूरे देश में इस योजना के व्यापक प्रभाव को दर्शाते हैं।

एनएपीएस पहल पारस्परिक रूप से एक लाभकारी कार्यक्रम साबित हुई है। इसने एक ओर व्यवसायों के भीतर विकास और इनोवेशन को बढ़ावा दिया है, तो दूसरी ओर महत्वाकांक्षी प्रोफेशनल्स के लिए ऑन-द-जॉब प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और अनेक अवसर दिए हैं। यह आपसी संबंध, समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रहा है, विविध पृष्ठभूमि के लोगों को सशक्त बना रहा है और सभी सेक्टरों में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। एनएपीएस की परिवर्तनकारी ताकत को इसके लाभार्थियों की प्रेरक कहानियों के माध्यम से सबसे अच्छे उदाहरण के रूप में समझा जा सकता है। मध्य प्रदेश के सतना की एक गृहिणी, रंजना ने लैब-टेक्नोलॉजी में अप्रेन्टिसशिप शुरू की। रंजना को न केवल अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग के बाद रोजगार मिला, बल्कि वह अपने परिवार के लिए कमाने वाली मुख्य सदस्य भी बन गईं। रंजना ने पारंपरिक जेन्डर रोल को चुनौती देते हुए अपनी वित्तीय आज़ादी का रास्ता खुद बनाया। इसी तरह, उत्तर प्रदेश की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले विशाल ने अप्रेन्टिसशिप के एक अवसर का लाभ उठाया। आर्थिक बाधाओं के बावजूद, असेंबली लाइन ऑपरेटर के रूप में विशाल के समर्पण और नई विशेषज्ञता ने उन्हें गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद की और वह एक नौकरी पाने और अपने परिवार का आगे बढ़ाने में सक्षम हुए।


उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से लेकर औरंगाबाद स्थित ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग कंपनी में ऑटोमोटिव सीएनसी मशीनिंग टेकनीशियन बनने तक शिवम की यात्रा एनएपीएस के परिवर्तनकारी प्रभाव का एक और प्रमाण है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करते हुए, शिवम ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से एक ऑटोमोटिव कोर्स में दाखिला लिया। शिवम की अप्रेन्टिसशिप ने न केवल उन्हें जरूरी स्किल्स सिखाईं बल्कि अपने परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग देने के लिए भी सशक्त बनाया। ये सफलता की कहानियाँ, विभिन्न कंपनियों में अनगिनत अन्य कहानियों के साथबताती हैं कि कैसे एनएपीएस बाधाओं को पार करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में लोगों की सहायता कर रहा है।

एनएपीएस का लक्ष्य स्टाइपेन्ड सपोर्ट करना, क्षमता को बढ़ाना और तेजी से विकास की बात करते हुए देश भर में अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग को बढ़ावा देना है। इसके उद्देश्यों में कुशल जनशक्ति को बढ़ावा देना, इस्टेब्लिशमेंट की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, अपस्किलिंग बढ़ाने के अवसरों को सुविधाजनक बनाना और छोटे उद्यमों एवं वंचित क्षेत्रों में अप्रेंटिसशिप नामांकन को प्रोत्साहित करना शामिल है। इससे समावेशी आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकेगा और देश में स्किलिंग गैप को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना-2 (एनएपीएस-2), पहले की एनएपीएस पहल का विस्तार और परवर्ती है। यह पूरे भारत में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग प्रदान करते हुए1500 रुपये प्रति माह के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1961 के अप्रेंटिस एक्ट के तहत लगे अप्रेंटिस को आंशिक स्टाइपेंड सपोर्ट प्रदान करके, इस प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करती है। इसका उद्देश्य क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करके और स्टेकहोल्डर्स को एडवोकेसी सहायता प्रदान करके अप्रेंटिसशिप इकोसिस्टम को बढ़ाना है।

# मनुष्य को सफलता के शिखर तक पहुंचने को प्रोत्साहित करती है फिल्म गबरू गैंग

**कानपुर।** पतंग मनुष्य के हौसले को बुलंदियों तक पहुंचने को प्रोत्साहित करती है। मनुष्य पतंग को आसमान में उड़ाकर यह अहसास कर सकता है कि उसके हाथों में भी आकाश छूने की क्षमता है। इसी सोच को आगे बढ़ाती है फिल्म गबरू गैंग की कहानी। कानपुर के रहने वाले और वर्तमान में दुबई में इंटरग्लोब डेवलपमेंट के प्रबंध निदेशक विवेक सिन्हा, समीर खान, आरती पुरी और अशोक गोयनका द्वारा निर्मित पतंगबाजी खेल पर आधारित पहली फिल्म गबरू गैंग की कहानी बहुत दिलचस्प, रोमांचक और प्रेरणादायी है। शनिवार को फिल्म निर्माता व निर्देशक समीर खान, अभिनेत्री आरती पुरी, अभिनेता अभिषेक दुहान, कमलप्रीत सिंह, बृजेश तिवारी सहित अन्य कलाकार फिल्म का प्रमोशन करने कानपुर पहुंचे। प्रशंसकों ने कलाकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सुबह पूरी टीम केंद्रीय विद्यालय, कैंट में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच पहुंची। स्कूल में



अभिनेता अभिषेक और अभिनेत्री आरती पुरी से बच्चों ने पतंगबाजी पर आधारित फिल्म को लेकर उत्सुकता भरे प्रश्न पूछे। अभिषेक और आरती ने कहा कि कोई खेल छोटा बड़ा नहीं होता है। खिलाड़ी किस तरह किस खेल को खेलता है, ये अहम बात होती है। इसलिए हर व्यक्ति को ये फिल्म देखकर पतंगबाजी खेल को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। इसके बाद पूरी टीम सरसैया घाट गुरुद्वारा पहुंची और वहां मत्था टेककर गुरु का आशीर्वाद लिया। वहां प्रबंध कमेटी ने फिल्म के कलाकारों को सम्मानित किया। छावनी स्थित स्टेटस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में फिल्म निर्माता और निर्देशक समीर खान ने बताया कि ओम सूरज प्रोडक्शन, इंटरग्लोब डेवलपमेंट-बेलाट्रिक्स, किंग्समेकर एंटरटेनमेंट और अमृतसर टाकीज द्वारा निर्मित फिल्म गबरू गैंग के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय के जरिये खिलाड़ी की भावनाओं को बखूबी दर्शाया है।

## डोर टू डोर एएनएम व आशा, बढ़ी सहूलियतें

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत गांवों में स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए भीषण गर्मी में भी स्वास्थ्य कर्मी डोर टू डोर जाकर टीकाकरण और आभा कार्ड बना रहे हैं जिससे लोगों की सहूलियतें काफी बढ़ गई है। शनिवार को मोतीचक विकास खंड के पोखर भिंडा नं एक के पुरवा चंदरपुर में आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण के बाद एएनएम सारिका सिंह की अगुवाई में आशा माधुरी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम देवी व संगीनी बिंदु यादव ने भीषण गर्मी में भी डोर टू डोर जाकर जहां आभा कार्ड बना रहीं हैं वहीं मंथली रुटीन के तहत बच्चों का टीकाकरण कर रही हैं। इन स्वास्थ्य कर्मियों के जिम्मेदारी पूर्ण कार्यों को देखकर सत्येन्द्र पांडेय, कृष्णा सिंह, सुरेश भारती, सरस्वती, झांति, राधिका सहित दर्जनों ने कहा कि इससे काफी हद तक सभी लोगों को लाभ मिलेगा।



## पुलिस गिरफ्त में वांछित अभियुक्त



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 15 हजार रूपए का इनामिया घोषित बदमाश को कप्तानगंज पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वार गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित 15 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त सोनू कुमार गुप्ता उर्फ कन्हैया पुत्र बंटी लाल गुप्ता निवासी भटवलिया थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज, सूर्यभान यादव, दुर्विजय सिंह, सत्येन्द्र चौबे व इतेश कुमार शामिल रहे।

## सभासदों की बैठक में बनी चुनावी रणनीति



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुरवा स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर नगर के 33 वार्डों के सभासदों की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में आहूत की गई जिसमे सभी वार्डों में सघन जनसंपर्क करने और अपने अपने वार्डों के वोटरों को सहेजने के विषय पर चर्चा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगर के सभी दरवाजों पर दस्तक देना है और भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को हर घर तक पहुंचाना है इसके लिए आप सब लोग कमर कस लीजिए। भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने सभी सभासदों का अभिवादन करते हुए कहा कि आपके वार्ड पूरे जनपद का नेतृत्व करते हैं, आने वाले समय में आप सभी अपने वार्डों के लाभार्थियों से मिलें और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करे। पार्टी के पिछले कार्यों को बताएं। हमारा जो वोट है उन्हे जागृत करने का कार्य करे। व्यापक शहरीकरण के लिए आप सभी का मुझे सहयोग चाहिए। देवरिया शहर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए हमे काफी परिश्रम करना पड़ेगा। केंद्र और प्रदेश की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है और मोदी जी के नेतृत्व पर पूरे देश की जनता अटूट विश्वास करती है और इसी विश्वास से विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, संयोजक सी पी सिंह, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, रमेश सिंह, अंकुर राय सहित सभी सभासद गण उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिया चुनाव का जायजा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व देवरिया जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह पुरवा स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र का माहौल जाना तथा कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से पार्टी के प्रत्याशी शशांक मणि के पक्ष में जनसमर्थन के लिए देवरिया लोकसभा की जनता से अपील करने को कहा। इस दौरान लोकसभा संयोजक सी पी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, कृष्ण नाथ राय, राजेंद्र विक्रम सिंह, अमरनाथ सिंह, संजय पांडे, वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मुख्य मार्ग पर एक अधिवक्ता के घर में खिड़की का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा लाखों का सामान चुरा ले गए, लेकिन 18 अप्रैल को चोरी की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी कप्तानगंज पुलिस घटना का खुलासा करने में विफल है। कप्तानगंज कस्बा के रामकोला रोड, पोस्ट ऑफिस के निकट वार्ड नम्बर 10 में अधिवक्ता/पत्रकार अरुण कुमार सिंह का मकान है। बीते 16 अप्रैल की शाम वह मकान में ताला बंद कर बच्चों के पास गोरखपुर चले गए, वापस 18 अप्रैल को पत्नी के साथ वापस आने पर गृह स्वामी को चोरी की उक्त घटना की जानकारी मिली। अज्ञात चोर खिड़की का शीशा तोड़कर दुमंजिले पर बड़े बक्शे, कई अटैची और संदूक तोड़कर और डबल बेड बॉक्स से सोने और चांदी के जेवरात, कीमती साड़ी, पीतल के बर्तन, एक मोबाइल, इन्वर्टर, नगदी, चांदी के सिक्के आदि सहित लाखों रुपए मूल्य के समान चुरा ले गए। गृहस्वामी ने इसकी तहरीर थाना प्रभारी राजकुमार बरवार को दे दिया है, फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच किया। धारा 380 आईपीसी का मुकदमा भी दर्ज है, लेकिन खुलासा नही हो पाया है। अरुण कुमार सिंह ने बताया की खुलासा नही होने से जान माल का खतरा बरकरार है, जबकि थाना प्रभारी राजकुमार बरवार ने बताया कि प्रयास जारी है।

## पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी हुआ घायल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को सहजनवा थानांतर्गत एक युवती लावारिस हाल में पुलिस को मिली। अपनी आप बीती में युवती ने बताया कि वह आजमगढ़ से गोरखपुर के लिये बस से निकली थी। बस में अभियुक्त ताहिर अली भी सवार था। रास्ते में अभियुक्त द्वारा पीड़िता को नौकरी का झांसा देकर व बहला फुसलाकर घटनास्थल पर ले जाकर अपने एक अन्य साथी के साथ दुष्कर्म किया गया। इस सम्बंध में सहजनवा थाने पर स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 283/24 धारा 376 भा0द0वि0 दर्ज किया। जिसके संबंध में पीड़िता के पिता से प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 03.05.2024 को थाना सहजनवां पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में अभियुक्त ताहिर अली का नाम प्रकाश में आया । दिनांक 04.05.2024 को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा दबिश दी गयी । अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया । जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे दवा ईलाज हेतु जिला अस्पताल गोरखपुर में भर्ती किया गया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीएम ने पडरौना नगर में रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को पडरौना नगर के बावली चौक से सुभाष चौक तक किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एवं नोडल स्वीप अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी पंक्तियों को गुब्बारे के साथ आसमान में विमुक्त किया गया। इसके पश्चात परिवहन निगम की बसों, ई रिक्शा एवं नगर पालिका के समस्त वाहनों पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 1 जून को मतदान करने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाया गया। इसके



पडरौना नगर में जागरूकता रैली निकालते डीएम

पश्चात जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा कॉलेज/ स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रैली के साथ पथ संचलन करते हुए पहले मतदान, फिर जलपान तथा 1 जून को करें मतदान बढ़ाएं, कुशीनगर की शान तथा अन्य स्लोगन के साथ-साथ जन जागरूकता का संदेश देते हुए सुभाष चौक तक आए। रास्ते में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भी जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ प्रतिभाग किया गया। छात्र छात्राओं सहित अधिकारियों द्वारा रैली में मतदाता गणों को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया। सुभाष चौक पर हनुमान इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में 1 जून को वोट देने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में हनुमान इंटर कालेज और उदित नारायण इंटर कालेज के स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नगर के समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाला गया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पर संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहम्मद अजीम, खंड विकास अधिकारी पडरौना सुशील अग्रहरी, खंड विकास अधिकारी विशुनपुरा सुशील सिंह, जिला सचिव स्काउट गाइड एवम प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कालेज शैलेंद्र दत्त शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका, प्रधानाचार्य उदित नारायण इंटर कालेज अरविंद सिंह, राजीव यादव, अजय सिंह, मृगेंद्र राव, विशाल राव आदि उपस्थित रहे।

# सामूहिक प्रयास से टीबी रोग का होगा खात्मा : डॉ मुकेश



**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिरसिया खोईया में टीबी जागरूकता समुदाय बैठक में टीबी रोग के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने सभी से अपील किया गया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने ने कहा कि सामुहिक प्रयास से करेगे क्षयरोग को खात्मा। उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है। टीबी रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियो को जांच एवं उपचार हेतु प्रेरित करे। ताकि वह समाज में दूसरे व्यक्तियों को न फैला सके। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि क्षयरोग अब असाध्य नही है यह बात सभी लोग समझ गए है। अतः आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जिन व्यक्तियों को खांसी, बलगम आ रहा हो उनकी जांच अवश्य कराए। जांच के बाद यदि रोग का पता चलता है तो वह उपचार लेकर पूर्ण स्वस्थ हो सकता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीएचओ गुड़िया शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति टीबी की दवा खा रहे है वे कोर्स के बीच में दवा न छोड़ो नही तो बीमारी और घातक सो सकतीं है। दवा समय से ले तथा चिकित्सक की सलाह पर ही दवा बंद करे।

# बरहज विधानसभा के 14 मतदान केंद्रों में स्थापित 31 बूथों का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज बरहज विधानसभा के 14 मतदान केंद्रों में स्थापित 31 बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा की जिला प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय नरियांव, प्राथमिक विद्यालय पैना पश्चिम, उच्च प्राथमिक विद्यालय पैना, प्राथमिक विद्यालय मोनागढ़वा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बढ़ौना हरदो, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेजी, प्राथमिक विद्यालय बेलवा भागलपुर, श्रीराम इंटर कॉलेज तेलिया



कला, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरसिंहडांड़, प्राथमिक विद्यालय मईल , प्राथमिक विद्यालय बकुची चौराहा, प्राथमिक विद्यालय देवसिया, प्राथमिक विद्यालय छित्तूपुर, बीजीएम इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि विगत डेढ़ माह में उन्होंने 700 से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया है। चुनाव के दृष्टिगत जनपद में कुल 1575 मतदान केंद्रों पर 2514 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त धूप एवं गर्मी के दृष्टिगत भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी मतदान केंद्रों पर लू हेल्प डेस्क का गठन किया जाएगा, जहां चिकित्सा कर्मी आवश्यक दवा, ओआरएस, आम का पन्ना, नींबू पानी, शरबत के साथ मौजूद रहेंगे। छायादार स्थल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी एवं लोगों के बैठने के लिए कुर्सी की उपलब्धता रहेगी। जिलाधिकारी ने आगामी 1 जून को होने वाले मतदान में स्थानीय मतदाताओं के साथ-साथ प्रवासी मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष में एक बार आता है, जिसमें सभी मतदाताओं को अपनी भागीदारी अनिवार्य रूप से निभानी चाहिए।

# गरमाने लगी अमेठी की सियासत

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** संसदीय क्षेत्र अमेठी में सियासत धीरे-धीरे गरमाने लगी है। प्रत्याशी और उनके समर्थक सियासी समर में अपना रंग दिखाने की पुरजोर कोशिश करने लगे हैं। शुक्रवार को नामांकन का आखिरी दिन था कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गांधी के परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन कर दिया है।

एक चर्चा भले ही छिड़ी हुई है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़े। लेकिन प्रियंका गांधी के नामांकन जुलूस में शामिल होने के बाद उस पर भी धीरे-धीरे विराम लगना शुरू हो गया है।शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय अमेठी आए और उन्होंने इंडिया गठबंधन के सहयोगी दालों के पदाधिकारी को साथ लेकर एक बैठक की। जिसमें चुनावी रणनीति तैयार की गई बैठक से यह बात उजागर हुई थी राहुल गांधी और अखिलेश यादव अमेठी में साझा रोड शो करेंगे और मंच साझा भी करेंगे। गठबंधन के सहयोगी दल चुनाव प्रचार में पूरी तन्मयता से डटेंगे यह भी बात उजागर हुई। वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव न लड़ने के बाद दोगुने उत्साह से मैदान में दिखाई दे रहे हैं। भाजपाई इस बात से आश्वस्त हैं कि उनका मुकाबला के एल शर्मा से होकर काफी आसान हो गया। वहीं बहुजन समाज पार्टी की ओर से नन्हे सिंह चौहान नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपनी पार्टी के लिए जनमत बटोरने की तैयारी में हैं। अमेठी का आम मतदाता अब इस उधेड़ में बुन में है कि अमेठी के राजनीति का ऊंट किस करवट



बैठेगा। बताया गया है कि प्रियंका गांधी 6 तारीख के बाद से यहां चुनाव प्रचार की कमान संभाललेंगी वह ताबड़तोड़ नुक्कड़ सभाएं और सीधा जनसंपर्क करके किशोरी लाल शर्मा के लिए अमेठी में चुनावी जमीन तैयार करेंगी। भारतीय जनता पार्टी से भी दिग्गजों के आने के संकेत मिल रहे हैं। सियासी समर में जहां एक सप्ताह पूर्व उहापोह की स्थिति बनी थी माहौल में काफी शांत दिखाई दे रही थी वहीं अब अमेठी की सियासत एक बार पूरी तरह गर्म हो गई है। विभिन्न दलों में उपेक्षा के शिकार लोग अपना अलग ही ताना बाना बुन रहे हैं। मतदाताओं को चुनाव में अब विभिन्न दलों के स्टार प्रचारको और दिग्गजों का इंतजार है जिनकी संभावित जनसभाएं और उनकी संभावित तिथियों को हालांकि अभी तक किसी भी दल की ओर से उजागर नहीं किया गया है।

## बाजारों में जमकर हो रहा प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग

**अमेठी।** प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग आज भी बाजारों में धड़ल्ले से होते दिखाई दे रहे हैं। किराने की दुकानों सहित फलों और सब्जियों की दुकानों पर बड़ी तादाद में इनका प्रयोग किया जा रहा है। जनपद में स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दुकानदार ग्राहकों को धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान की बिक्री कर रहे हैं। वहीं बाजारों में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री भी जारी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार का उठाया गया कदम लक्ष्य की ओर बढ़ता नहीं दिख रहा है। प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए जो कदम उठाया गया वह नाकाफी साबित हो रहा है। लिहाजा आम आदमी प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान लेने से परहेज भी नहीं कर रहा है। ठेला खोमचा सहित किराना आदि की दुकानों के अलावा सब्जी विक्रेता भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग जमकर कर रहे हैं। पर्यावरण को पॉलीथिन की वजह से हो रहे नुकसान के प्रति किसी की जवाबदेही नहीं है।

# माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डा एन युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।

चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 150 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं जिन्हें आज प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया माकपोल ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में



सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है इस हेतु आप सभी कुशलतापूर्वक सौंपी गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप पेयजल पर्याप्त फर्नीचर उचित प्रकाश शौचालय छाया आदि व्यवस्था देखेंगे। इसके अतिरिक्त आज मनीषी महिला महाविद्यालय के एक कमरे में पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु ट्रेनिंग दी गई जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा इसके लिए आज कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही चार कमरों में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग की ट्रेनिंग दी गई।

# पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

## गीडा सेक्टर 26 में पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** बस में सवार होकर गोरखपुर आ रही युवती को शादी का झांसा देकर दो युवकों ने दुष्कर्म कर युवती को सहजनवा थाना क्षेत्र रानुखोर ताल में बेहोशी हालत फेक कर फरार हो गए थे। शुक्रवार को ग्रामीण सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को नग्न अवस्था में बरामद किया था। युवती के पिता कि शिकायत पर पुलिस ने दोनो अभियुक्तों के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर तलाश में जुट गई थी। मामले खुलासे के लिए एसओजी और सहजनवा पुलिस टीम लगाई गई थी। शनिवार को एसओ सहजनवा मदन मोहन मिश्र, एसओजी प्रभारी मनीष यादव, उपनिरीक्षक धनश्याम उपाध्याय, उपनिरीक्षक एसओजी राजमंगल सिंह एसएसआई पंकज सिंह, कास्टेबिल करुणा सिंह राम इकबाल राव, गोविंद यादव, उदय प्रताप सिंह, रवि चौधरी अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी। तभी जानकारी मिली की दुष्कर्म का आरोपी गीडा सेक्टर 26 में मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को घेर लिया। पुलिस देखकर अभियुक्त पुलिस पर फायर करते हुए भागने लगा। पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हसन निवासी टयूबेल कालोनी गोमती नगर खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर के रूप में हुई। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा, 3 कारतूस फायरशुदा, 1 जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस अभियुक्त को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का मास्टर ट्रेनर द्वारा कराया गया प्रशिक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु 29 अप्रैल से 04 मई तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में अनुपस्थित एवं छूटे हुए अन्य कार्मिकों का (अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक) इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल देवरिया एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल देवरिया कराया गया। प्रत्येक कक्ष में 02-02 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम पाली में प्रशिक्षण हेतु कुल 368 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था जिसमें 367 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जबकि 01 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। 29 अप्रैल से 04 मई तक कुल 6368 कार्मिकों के सापेक्ष 6306 कार्मिक प्रशिक्षण के उपस्थित हुए तथा 62 कार्मिक अनुपस्थित पाये गयें। समस्त उपस्थित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में मतदान प्रारम्भ से मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक /मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने प्रशिक्षण समाप्ति के समय सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे द्वितीय प्रशिक्षण के समय अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से करेंगे।

# आईएएस बिटिया के साथ पिता को भी मिल रहा सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** माता-पिता के सर को ऊंचा करने वाली बिटिया आईएएस अधिकारी नौशीन को जेडीए उपाध्यक्ष व जीडीए सचिव के नेतृत्व में जीडीए कर्मचारियों ने मोमेंटम अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर बिटिया के साथ पिता को सम्मानित किया। गोरखपुर मंडल के कुशीनगर पिपरा कनक थाना पटहेरवा की निवासी अब स्थाई तौर पर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज पर अपना आशियाना बनाकर आकाशवाणी कर्मचारी की बिटिया नौशीन आईएएस बन गई बिटिया के साथ पिता का भी सम्मान किया जा रहा आज जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन की देखरेख में नौशीन के साथ पिता अब्दुल कयूम का भी सम्मान किया गया।

जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन व जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह के साथ जीडीए कर्मचारिया ने सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में ही नौवा रैंक हासिल कर गोरखपुर ही नहीं प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य



नौशीन ने किया हर एक माता-पिता का सपना होता है कि हमारे बच्चे देश का नाम रौशन करें वह काम नौशीन ने किया अब नौशीन के साथ-साथ माता-पिता का भी जगह-जगह सम्मान किया जा रहा है जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने नौशीन से कहा कि जिस भी स्थान पर रहे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों से प्रेम पूर्वक वार्ता करें जिससे आया हुआ फरियादी खुश होकर जाए सबसे कम उम्र में सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली नौशीन गोरखपुर के साथ-साथ प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का काम करेगी। वही नौशीन ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हमारे ऑफिस में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कुशलता पूर्वक करूंगी जिससे हर फरियादी खुश होकर जाए। पिता अब्दुल कयूम ने कहा कि हमने जो सपना देखा था आज वह पूरा हो गया है हमारी बिटिया जब से पढ़ाई शुरू की स्नातक तक अच्छे अंकों से पास होती थी और मुझे उम्मीद था कि एक न एक दिन जरूर मेरी बेटी हमारा नाम रौशन करेगी क्यों की बिटिया के अंदर जो पढ़ने की ललक थी वह अपना मुकाम जरुर पूरा करेगी जिसका नतीजा रहा की आज हमारी बेटी सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में नौवा स्थान हासिल कर लिया वह अपने माता पिता का जो

**जीडीए उपाध्यक्ष व सचिव सहित जीडीए कर्मचारियों ने बिटिया नौशीन का किया सम्मान**

मान सम्मान बढ़ाया है उसी का नतीजा है कि बिटिया के साथ-साथ आज पिता भी सम्मानित हो रहा है। बता दें कि यूपीएससी परीक्षा में गोरखपुर की नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक में 9वां स्थान हासिल कर अपने मां-बाप के साथ शहर की भी मान बढ़ाया है। नौशीन के पिता अब्दुल कयूम के तीन बच्चे हैं . अब्दुल कयूम आकाशवाणी में कार्यरत हैं. बड़ा बेटा यूनियन बैंक में कार्यरत है, वहीं दूसरे नंबर पर बेटी है, जो एलआईसी में कार्य करती है. नौशीन घर की सबसे छोटी बेटी है नौशीन के पिता मूल रूप से कुशीनगर के पिपरा कनक के रहने वाले हैं वह गोरखपुर जिले में 2002 से फतेहपुर निकट मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में अपना स्थाई मकान बनवाकर रहते हैं यही रहकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई हुई और यह मुकाम उन्हें मिला है।

# टीजी टू की मनमानी से दस बीघे की मूंग की फसल सूखने की कगार में

**किसान ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कनेक्शन जोड़ने की लगाई गुहार**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के टेढ़ा सबस्टेशन के टीजीटू की मनमानी के चलते किसान की दस बीघे की मूंग की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से शिकायत कर नलकूप का कनेक्शन जुड़वाए जाने की मांग की है।

भौरा गांव निवासी किसान शिवनरेश ने बताया कि उसकी दादी सुमन देवी के नाम निजी नलकूप का विद्युत कनेक्शन है। रबी की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हो जाने के कारण उसने मूंग की फसल बो रखी है। लेकिन टेढा सबस्टेशन के टीजीटू संतोष कुमार ने उनके निजी नलकूप का कनेक्शन काट दिया है। जिससे 10 बीघे में बोई गई मूंग की फसल सूखने की कगार में पहुंच गई है। कनेक्शन काटे जाने की शिकायत जब उसने उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा से की तो उन्होंने तत्काल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए थे। लेकिन टीजीटू मनमानी करते हुए विद्युत कनेक्शन नहीं जोड़ रहे हैं। पीड़ित किसान का आरोप है कि यह कर्मी सबस्टेशन में लंबे समय से तैनात है और यह निजी नलकूपों धारकों को परेशान करने व अवैध उगाही के लिए जानबूझकर उनके कनेक्शन काट देता है। पीड़ित किसान का कहना है कि अगर कनेक्शन नहीं जोड़ा गया तो उसकी मूंग की फसल बिना पानी के सूख जाएगी। जिससे उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।टीजी टू का कहना कि एक खंभे के इम्सुलेटर से तार उतरा हुआ है उसे चढ़ा कर शाम तक कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा।

# टेरी संस्था के द्वारा स्कूली बच्चों को किया जा रहा जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर** कुरारा विकासखंड के गिमुहा डाडा, भैसापाली, देवीगंज, बेरी और डामर गांवों में जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का आयोजन यूनोप्स के तत्वावधान में टेरी संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बच्चे, शिक्षक, प्रधान, ग्राम पेयजल एवम स्वच्छता समिति के सदस्य मौजूद रहे।

कमल कुमार खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा जलवायु परिवर्तन का असर हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार से पड़ता है। जिससे जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने में कई प्रकार के बाधक तत्व को दूर करना होगा। इसके लिए जागरूकता जरूरी है और स्वस्थ मन, स्वस्थ शरीर के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। टेरी संस्था की कामिनी सिलोरा और साक्षी ने किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और माहवारी प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। किशोरियों को बताया कि हम किस प्रकार से महावारी के दौरान तैयार सूती के कपड़े से बने पैड, सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें। वही तीन-चार घंटे पर इसको बदलते हैं तथा किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल अपने परिवार को बताएं। वही विकास ने हाथ धोने के तरीके बताए। टेरी संस्था के प्रवीन कुकरेती ने बताया कि अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए चिड़िया, जंगल, आग कहानी के माध्यम से पर्यावरण को समझाया। टेरी के विकास विश्वकर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दो प्रकार से होता है एक प्राकृतिक और दूसरा मानवीय हमें मानवीय जलवायु परिवर्तन पर काम करना होगा। उन्होंने स्वच्छता, दांत साफ करने, रोज नहाने, हाथ धोने के तरीकों को जानकारी दी।

# तत्क्षण फिल्म के नायक विक्रांत राय का हुआ जोरदार स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की भूमिका पर बनी हिन्दी फीचर फिल्म तत्क्षण के रिलीज होने के बाद बाइक से लखनऊ से वापस मुंबई जा रहे फिल्म के नायक विक्रांत राय का सुमेरपुर में जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में पौधे को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ निवासी विक्रांत राय की बहुप्रतीक्षित हिन्दी फिल्म तत्क्षण बीते 19 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न सिनेमाघरों में रिलीज की गयी। फ़िल्म के प्रमोशन के लिए उन्होंने मुंबई से लखनऊ का सफर बाइक से तय किया। उनके साथ फिल्म के निर्देशक वैभव वर्मा भी बाइक में साथ आए। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद वह लखनऊ से मुंबई वापस जाते समय सुमेरपुर कस्बे से गुजरे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। सुमेरपुर कस्बे के प्रकाश लाज में उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 19 अप्रैल को उनकी फिल्म रिलीज हुई है। जो प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, गोंडा, बस्ती, अकबरपुर, अयोध्या, हरदोई, लखीमपुर सहित अन्य जनपदों पर बड़े पर्दे में दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि वह फिल्म के प्रमोशन के लिए निर्देशक वैभव वर्मा के साथ बाइक से लखनऊ पहुंचे। इससे रास्तों में तमाम तरह की संस्कृतियों से परिचय हुआ और बहुत कुछ जानने और सीखने को मिला। उन्होंने बताया कि उनकी अगली फिल्म कजन ईशा की शूटिंग नवंबर माह में शुरू होगी। जो उन्नाव जनपद के भगवंत नगर, बक्सर घाट व डौडियाखेर में की जाएगी। यह फिल्म पूरी तरह से लव स्टोरी है। इसके पहले वह कई धारावाहिक व फिल्मों में काम कर चुके हैं। जिसमें धारावाहिक काव्यांजलि, घर की लक्ष्मी बेटियां, मायका शामिल है। वर्ष 2015 में फिल्म स्टार ओमपुरी आदि के साथ फिल्म युवा, 2017 में आदित्य पंचोली, रघुवीर यादव के साथ भौरी, 2018 में रजित कपूर, राकेश बेदी, दयाशंकर पांडेय के साथ लुच्चे लफंगे में अभिनय कर चुके है।

## मवईजार में आग से दो मकान स्वाहा

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मवईजार में बीती रात 8 बजे घूर से उठी चिंगारी से दो मकान जल गए और वहां रक्खा हुआ ईंधन भूसा आदि सामग्री भी स्वाहा हो गई, दमकल मशीन मौके तक नहीं पहुंच पाई तो गांव के लोगो ने ही आग पर काबू पाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश यादव के गैर रियायशी मकान में शुक्रवार की रात 8 बजे घर के पीछे पड़े घूर से उठी चिंगारी से आग लग गई, ग्रामीणों के प्रयास के बाद भी पास में सिद्धकरण खेंगर के मकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया ग्रामीणों ने जब तक आग को काबू में किया तब दोनो मकानों में रक्खा भूसा लकड़ी आदि सामग्री जल कर नष्ट हो गई सूचना पाकर दमकल मशीन गांव तक पहुंची किंतु नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गांव के रास्ते वाहन निकलने लायक न होने से दमकल मशीन मौके तक नहीं पहुंच सकी, आग से किसानो का लाखो रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

# दलहन तिलहन खरीद केंद्र में एक माह से किसान की नहीं हो पा रही तौल

**व्यापारियों को फसल बिक्री करने पर किसान मजबूर**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर** कुरारा स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समित में संचालित दलहन तिलहन खरीद केंद्र में एक माह से संचालित होने के बाद भी एक भी किसान की तौल नही हो पाई है।इसके चलते दलहन तिलहन की फसल व्यापारियों को बिक्री करने पर मजबूर हो रहे हैं। यह सरकारी केंद्र शो पीस बनकर रह गया है। कस्बे के कृषि उत्पादन मंडी समित में दलहन तिलहन की खरीद के लिए पीसी एफ कृषक सेवा केंद्र में सरकारी दर पर चना मसूर सरसो की खरीद करने की व्यवस्था की गई है। यह केंद्र दो अप्रैल से संचालित हो गया था। लेकिन एक माह का समय बीत जाने के बाद भी एक भी किसान का तौल नही हो पाई है। कस्बा निवासी किसान सतीश पालीवाल, संतोष कुमार, बीर सिंह, शौरभ सिंह, आदि ने बताया कि इस केंद्र में फसल बिक्री के लिए आन लाइन खसरा की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जिससे फसल की बिक्री सरकारी दर पर नहीं हो पा रही है। इस केंद्र में चना की सरकारी दर 5440 रुपया प्रति कुंतल,मसूर की दर 6425 रुपया प्रति कुंतल, सरसो का मूल्य 5650रुपया निर्धारित किया गया है। सरकार के समर्थन मूल्य का लाभ क्षेत्र के किसानो को नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते किसान परेशान हैं। किसानो ने दलहन तिलहन बिक्री के लिए आनलाइन खसरा की व्यवस्था कराए जाने की मांग राजस्व विभाग से की है। 2अप्रैल से संचालित इस केंद्र का संचालन 30 जून तक रहेगा। इस तरह व्यवस्था रही तो सरकारी योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल पाएगा।

# एनसीएल का मानव संसाधन विभाग कर्मियों के हुनर को दे रहा धार

**अवधनामा संवाददाता**



**एनसीएल ने राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वाधान में 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) का सिंगरौली स्थित केन्द्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान कर्मियों के बौद्धिक विकास एवं कौशल के लिए लगातार विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है और कर्मियों के हुनर को धार दे रहा है। इसी क्रम में एनसीएल ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वाधान में एनसीएल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीईटीआई परिसर, सिंगरौली में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों ने टीम बिल्डिंग, संचार कौशल, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का विकास, व्यवहारिक ज्ञान, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हाउस कीपिंग, और उत्पादकता सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञान अर्जन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को नेशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट, जबलपुर से प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुधा वी अत्राम और उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है। यह संस्था श्रमिक शिक्षा योजना के तहत देश के सामाजिक - आर्थिक विकास में श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी के लिये उन्हें जागरूक बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है।

# इंटर कॉलेज न होने से प्रभावित हो रही बेटियों की शिक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**ग्रामीणों ने राजकीय हाईस्कूल को उच्चीकृत करने की मांग**

**सरीला/हमीरपुर।** जहां एक ओर सरकार लड़कियों को पढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर अभी भी गांवों में उच्च शिक्षा की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से लड़कियों को पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। क्षेत्र के चंडौत गांव से 3.5किमी दूर स्थित राजकीय हाईस्कूल जिसमें अभी दसवीं तक कक्षाएं संचालित है, जहां दसवीं के बाद से निजी स्कूलों में दाखिला लेना पड़ता है या फिर 20किमी तहसील मुख्यालय जाना पड़ता है, ग्रामीणों ने झबरा (चंडौत) स्थित राजकीय हाईस्कूल को उच्चीकृत करके इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित करने की मांग की है। कहा गया की क्षेत्र में एक मात्र राजकीय हाईस्कूल है जहां पर चंडौत, इंदरपुरा, जिटकिरी, जमौडी, लोधीपुरा सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते है,फिर इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए इधर उधर भटकने और परेशान होने को मजबूर होते है,कुछ अभिभावक तो अपनी बच्चियों को गांव से दूर शिक्षा की अहमियत समझते हुए बाहर भेज देते है, गरीब वर्ग के लोग संसाधनों की कमी के चलते काफी प्रयास के बाद हाईस्कूल तक ही शिक्षा ग्रहण करा पाते है,नतीजे में बहुत सी होनहार छात्राएं भी अपनी गरीबी, संसाधनों की कमी और आर्थिक मजबूरी आड़े आने के कारण हाईस्कूल के बाद बारहवीं की पढ़ाई के लिए पन्द्रह से बीस किमी दूर स्कूल नही जा पाती है। उनके सामने आर्थिक दिक्कतें भी है, सरीला तक समयानुसार आवागमन हेतु साधन भी नही है,इसलिए इन गांवों की गरीब वर्ग की लड़कियों का आगे की शिक्षा हासिल करने का सपना बीच में ही टूट जाता है।

# छात्रों की उपस्थिति और मिड-डे-मील में गड़बड़झाला



**एम डी एम मे गडबडी पर बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण**

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** एमडीएम में जमकर गड़बड़ झाला किया जा रहा है। छात्रों की अधिक संख्या दिखाकर अपनी जेबें भरने का काम जिम्मेदार कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु लागू किए गए प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क के अंतर्गत प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण कार्य के दौरान कमियां उजागर हुई।इस दौरान विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापकों के द्वारा फर्जी छात्रांकन दिखाकर राशन का गबन किए जाने के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस देकर विभिन्न विद्यालयों से जवाब मांगा गया। प्रेरणा निरीक्षण ऐप पर लगातार घपले बाजी की जा रही थी।इस दौरान ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स और खंड शिक्षा अधिकारी सहित जिला समन्वयको द्वारा ब्लाक क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर फर्जीवाड़े की सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दी गई। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय लहुरेटा, में निरीक्षण के दौरान नामांकन 338 के सापेक्ष में छात्र उपस्थिति और एमडीम पंजिका में प्रतिदिन फर्जी तरीके से एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राओं की उपस्थिति दर्शाए जाने का कार्य,और बच्चो की फर्जी उपस्थिति दर्शाकर विभाग को भ्रामक सूचनाएं देकर खाद्यान्न का गबन किया जा रहा था।साथ ही विद्यालय के डिजिताइजेशन के अंतर्गत प्रेरणा ऐप पर छात्र उपस्थिति पंजिका एवम एमडियम को अद्यतन नही किया जा रहा था।इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय जबरापुर भाग एक में नामांकित 55 बच्चो के सापेक्ष निरीक्षण के दौरान स्कुल में आठ बच्चे उपस्थित पाए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्र उपस्थिति एवम मिड डे मिल पंजिका में प्रतिदिन 24से अधिक बच्चो की उपस्थिति दर्शाए जाने का कार्य किया जा रहा था।वही निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बरकोला कला में नामंकित 110 बच्चो के सापेक्ष मात्र 7 छात्र-छात्राएं मौके पर उपस्थित मिले। जबकि छात्र उपस्थिति और मिड डे मिल पंजिका में प्रतिदिन 70 से अधिक बच्चो की उपस्थिति दर्शा कर फर्जीवाड़ा कर खादान्य का गबन किया जा रहा था।इस संदर्भ में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंशी मौर्या मामले को संज्ञान लेकर दोषी शिक्षको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## खनन कारोबारियों की शिकायत लेकर डीएम की चौखट पर किसान

**बाँदा।** इन दिनो चुनावी मौसम तेजी पर है , और जिले के सभी अधिकारी चुनाव के महापर्व की तैयारियों मे व्यस्त हैं इसी का फायदा उठा रहे है खपटिहा खदानों के ठेकेदार। जबरदस्ती किसानो की जमीनो से मौरंग निकालना हो या किसानो की जमीनो से मौरंग के ट्रक निकलवाने हो इन दोनो ही स्थितियों मे किसान पिस रहा है। इसी को लेकर बालू खनन पट्टा धारको से परेशान किसानों ने जिलाधिकारी से गुहार लगायी है।किसानो ने खनन कारोबारियों के साथ एक अनुबंध किया था कि खपटिहा मोरम खदान खंड स0 356/1 व 356/2 के संचालन के दौरान ट्रको की निकासी करवाने के लिए लगभग 35 लाख में एग्रीमेंट हुआ था , परंतु किसानो को अपने एग्रीमेंट का लगभग आधा पैसा ही प्राप्त हुआ है एग्रीमेंट के मुताबिक खदान संचालकों ने अभी तक किसानों को 16 लाख 50 हजार काभुगतान ही किया है।

# विद्यालय के छात्राओं ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** खाड़ पाथर मुर्धवा में निकली गई मतदाता जागरूकता अभियान रैली जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर एवम श्री आनंद त्रिपाठी व रजनीश कुमार श्रीवास्तव ए आर पी द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार 40 प्रतिशत से कम मतदान होने वाले बूथों के क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय खाड़ पाथर मुर्धवा (कंपोजिट विद्यालय) रेणुकूट , पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संध्या सिंह, एवम पद्जमा मिश्रा, मनीषा दीक्षित , पूनम तिवारी, जौली मुखर्जी, तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह एवम स्कूल के बच्चो ने मतदाता जागरूकता अभियान रैली टोलो , मजारों में निकाल कर लोगो को जागरूक करते हुए अपने अपने मत का शत प्रतिशत प्रयोग कर एक मजबूत सरकार बनाने की पहल किया गया। अध्यापिकाओ द्वारा बच्चो से लोगो को जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवम् निबंध लेखन का आयोजन भी किया गया। अध्यापिकाओं द्वारा डोर टू डोर संपर्क विनोद शर्मा, कमला राय, राकेश यादव ,रीना गोड, इत्यादि मतदाता से सपर्क कर उनके मतदान करने के अधिकार और सभी लोगो से शत प्रतिशत ओट करने की अपील किया।

# मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत की बढ़ोतरी हेतु एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संस्थान के प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं ने मतदान की महत्ता से संबंधित विषय पर विभिन्न पोस्टर को बनाते हुए बहुत ही उत्साह के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. हरिश्चंद्र उपाध्याय एवं सचिव डॉ. विकास तिवारी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि हम सभी का सामाजिक दायित्व है कि मतदान रूपी महोत्सव में समाज की भागीदारी सुनिश्चित रहे, जिस क्रम में यह पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी कड़ी में आगामी कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समन्वयक डा हरिश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि आगामी 8 मई को संस्थान के आसपास के गांवों में छात्र-छात्राओं द्वारा एक वृहद मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया जा रहा है। सचिव डा. विकास तिवारी ने बताया कि हमारे निदेशक प्रो. जी. एस. तोमर व कुलसचिव डा. आमोद कुमार तिवारी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों को सदैव प्रेरित करते रहते हैं। कार्यक्रम में डॉ रवि प्रताप सिंह, डा. रवि प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. अर्चना सिंह, शिवम ओमर, मो. साद ,आस्था शुक्ला, राहुल यादव, शुभम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश

**भरुआ सुमेरपुर।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में तत्क्षण फ़िल्म के हीरो विक्रांत राय ने सीता अशोक का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन, राखी शिवहरे, रज्जू गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, शिवकुमार, पवन आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का कार्य बहुत ही सराहनीय है क्योंकि बिना पौधों के जीवन नहीं है।

### प्रेक्षकों नें स्ट्रांग रूम का लिया जायजा



**हमीरपुर।** हमीरपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु दोनों पुलिस प्रेक्षक व सामान्य प्रेक्षक द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम कृषि उत्पादन मंडी समिति सुमेरपुर का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिले के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

### पारब्रम्ह सिंह सपा नगर अध्यक्ष बनेन्हर्ष

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि शनिवार को पार्टी द्वारा मिली सूचना के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से पारब्रम्ह सिंह निवासी रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र को समाजवादी पार्टी नगर पालिका रावर्ट्सगंज का नगर अध्यक्ष नामित किया जाता है। श्री अध्यक्ष ने बताया कि आशा है कि आप समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए नगर पालिका की कमेटी को एक सप्ताह के अन्दर गठन कर जिला पार्टी कार्यालय हो अवगत करायेंगे। वहीं सपा पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने उनको शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने व उनके दायित्व को निर्वहन करने हेतु जानकारी दी।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुई स्क्रूटनी प्रक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 47-हमीरपुर (सामान्य) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की स्वरुटनी रिर्टनिंग ऑफीसर/जिला मजिस्ट्रेट राहुल पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न हुई इस दौरान सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास भी उपस्थिति रही। स्वरुटनी होने के पश्चात विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। स्वरुटनी उपरांत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी के तौर पर समाजवादी पार्टी की तरफ से अजेन्द्र कुमार सिंह ,बहुजन समाज पार्टी की तरफ से निर्दोष कुमार दीक्षित, भारतीय जनता पार्टी की तरफ से कुंवर पुष्पेंद्र सिंह तथा रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) के तौर पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की तरफ से अनुपम ,अल हिंद पार्टी की तरफ से धर्मराज, राष्ट्र उदय पार्टी की तरफ से बृजेश कुमार पाल, एकलव्य समाज पार्टी की तरफ से सुरेश कुमार, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी की तरफ से संजीव कुमार, निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर भुवनेंद्र नारायण सिंह ,राजेश सिंह एवं संतोष कुमार के नामांकन विधिमान्य पाए गए। राष्ट्रीय बुंदेलखंड विकास पार्टी के अभ्यर्थी पारथ सिंह एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सारथ कुमार व्यास के नामांकन पत्र शपथ पत्र अपूर्ण होने के कारण निरस्त हो गए। दिनांक 6.05.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक नाम वापसी की समय सीमा होने के पश्चात चुनाव चिन्ह का वितरण व प्रेक्षक महोदया के साथ अभ्यार्थियों की बैठक होगी। तदोपरान्त मा0 भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से पांचवें चरण के लिए मतदान हेतु नियत दिनांक 20.05.2024 को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

# राजनैतिक दलों के नामांकन पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया हेतु बैठक बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नामांकन पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में की बैठक निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिक इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में फैसिलिटेशन सेन्टर पर 21 मई से 25 मई तक पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से कर सकते हैं मतदान- जिला निर्वाचन अधिकारी वही लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नामांकन प्रक्रिया व पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में बैठक की, बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 7 मई,2024 से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, नामांकन प्रक्रिया पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे के मध्य की जायेगी, नामांकन करने के लिए आने वाले उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन व काफिले को नामांकन कक्ष से 100 मीटर की दूरी पर रोक दिया जायेगा, नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ 04 अन्य व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं, नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है, नामांक प्रक्रिया के निगरानी सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से की जायेगी, उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे ऐसे कर्मचारी जो पुलिस कार्मिक हैं, आवश्यक सेवा में कार्यरत कार्मिक हैं और गैर जनपद में मतदान के दिन निर्वाचन ड्यूटी में लगे हैं, उनका नाम जनपद की मतदाता सूची में सम्मिलित है और ऐसे कार्मिक जिनकी ड्यूटी जनपद सोनभद्र में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान लगायी गयी है, वह 21 से 25 मई, 2024 तक प्रतिदिन प्रातः 09.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में फैसिलिटेशन सेन्टर पर पहुंच कर अपना मतदान पोस्टल, बैलेट के माध्यम से कर सकते हैं। मतदान के दौरान सम्बन्धित कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र, निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अनुमन्य पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारियों की तैनाती की गयी है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के घर से ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित बी0एल0ओ0 द्वारा 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं का फार्म-12डी0 भरवाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि 07 मई, 2024 से 04 जून,2024 तक निर्धारित है।

# अयोध्या में फिर से त्रेतायुग लौट आया है: मुख्यमंत्री योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया के बिधूना में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए की जनसभा

- मुख्यमंत्री बोले, रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक देख अभिभूत हुई दुनिया
- सपाईयों ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के देहांत पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की



अवधनामा ब्यूरो

**औरैया/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के शासन में अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं पर आज अयोध्या में फिर से त्रेतायुग और रामराज्य वापस आ गया है। नई अयोध्या में 500 वर्षों के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने होली खेली। रामनवमी पर उनका सूर्य तिलक हुआ। इसे देख पूरी दुनिया अभिभूत हो गयी थी। यह अद्भुत कार्य कभी सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यकाल में नहीं हो सकता था, क्योंकि ये तो प्रभु श्रीराम के वजूद पर ही सवाल खड़ा करते थे। एक समय था जब सपा कहती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है, लेकिन भाजपा सरकार में देश ही नहीं, दुनिया से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन को आ रहे हैं और दिव्य-भव्य अयोध्या देखकर प्रफुल्लित हो रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के बिधूना में कहीं। उन्होंने यहां कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में जनसभा कर वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यूपीए की सरकार में देश के विभिन्न हिस्सों में आये दिन आतंकवादी घटनाएं होती थीं। यूपीए को समर्थन देने वाली समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हे पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश आतंकवाद मुक्त हो गया है। यह मोदी जी की गारंटी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन प्रदेश के विकास और राम जन्मभूमि के लिए समर्पित था। उनके देहांत पर सपा के लोगों ने संवेदना तक नहीं व्यक्त की, जबकि माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने जाते हैं। आपको इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

## प्रवास कार्यक्रम

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 05 मई 2024, को इटावा व सीतापुर में विशाल जनसभा और अयोध्या में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12:30 बजे ग्राम ककराई पक्का ताल की जमीन निकट बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे कट, भरथना विधुना मार्ग, इटावा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 02:30 बजे अवध सुगर मिल लि. के सामने हरगांव, सीतापुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् सायं 05 बजे अयोध्या में जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से लता चौक तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोड शो करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार 05 मई 2024, को हरदोई, इटावा और अयोध्या के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:35 बजे जूनियर हाई स्कूल का मैदान, मल्लावां, हरदोई में आयोजित मिश्रिख लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:45 बजे ग्राम ककराई पक्का ताल की जमीन निकट बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे कट भरथना विधुना मार्ग, इटावा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होगें। इसके पश्चात् सायं 05 बजे अयोध्या में जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से लता चौक तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सम्मिलित होगें।

### मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी रविवार 05 मई 2024, को बदायूं के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी दोपहर 01 बजे बदायूं में बिरूआबाड़ी मंदिर से परशुराम चौक तक रोड शो करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी रविवार 05 मई को सीतापुर के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 02:30 बजे अवध सुगर मिल लि. के सामने हरगांव, सीतापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होगे।

## 166 हज यात्रियों का किया टीकाकरण

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा के लिए लखनऊ से रवाना होने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण शनिवार से सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में शुरू हुआ। पहले दिन कुल 166 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। राज्य हज समिति के अधिकारियों के अनुसार पहले दिन 103 पुरुष और 63 महिलाओं को मिला कर कुल 166 हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ। इस वर्ष राजधानी लखनऊ से लगभग एक हजार और प्रदेश भर से 18 हजार से अधिक हज यात्री मुकद्दस हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना रवाना होंगे। हज यात्रियों की पहली उड़ान 9 मई से शुरू होगी। पहले दिन 9 मई को दो उड़ानों से प्रदेश के हज यात्री मदीना रवाना होंगे। देश में इस समय लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। ऐसे में हज यात्रा पर रवाना होने वाले तमाम हज यात्री अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

## भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ छलावा कर रही

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार में विभिन्न प्रतियोगी और नौकरियों की परीक्षाओं के पर्चे लीक होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ छलावा कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव, प्रवक्ता सचिन रावत, युवा कांग्रेस मध्य जोन उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छात्र संगठन मध्य जोन अध्यक्ष अनस रहमान और प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी का सबसे भयंकर दंश झेल रहा है। कोई नया निवेश नहीं हो रहा इसलि नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। युवा कांग्रेस मध्य जोन उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने कहाा कि प्रदेश ही नहीं बल्कि हरियाणा के युवा भी पर्चा लीक का शिकार हो चुके हैं। छात्र संगठन मध्य जोन अध्यक्ष अनस रहमान ने वर्ष 2017 से 2024 तक हुई विभिन्न परीक्षाओं के लीक पर्चे का जिक्र करते हुए कहा कि लगातार पर्चो का लीक होना प्रदेश सरकार पर सवालिया निशान है। आर्यन मिश्रा ने कहा कि गुजरात में वर्ष 2014, 2015, 2016, 2018, 2019, 2020, 2021,2022 और 2023 में तमाम भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन रावत ने कहा कि प्रदेश के साथ ही भाजपा शासित राज्यों में जिस तरह भर्ती परीक्षाओं के पर्चे लीक हुए इससे साफ है कि भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ छलावा कर रही है। बेरोजगारी पिछले 45 सालों में सबसे बड़ा मुद्दा है।

## त्वरित व प्रोटोकॉल आधारित सीपीआर चिकित्सा जनमानस में बहुत सफल

- डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल हॉस्पिटल में जीवन रक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल हॉस्पिटल गोमती नगर में तीन दिवसीय जीवन रक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में चिकित्सकों को आपात स्थिति में जान बचाने के विविध तौर-तरीके सिखाए गये।

कार्यशाला में अस्पताल के रेजीडेंट चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया। डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल हॉस्पिटल के निश्चेतक विभाग और डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल इंस्टीट् यूट ऑफ मेडिकल साइंजेस के ट्रेनिंग सेंटर के साथ आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के बाद परीक्षा हुई, जिसमें सभी प्रतिभागी उत्तीर्ण घोषित किये गये।

इस मौके पर हॉस्पिटल की चेयरपर्सन डॉ. मधुलिका सिंह और निदेशक डॉ. रूचिका सिंह ने कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्वरित व प्रोटोकॉल आधारित सीपीआर चिकित्सा जनमानस में बहुत सफल है। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति को इसका ज्ञान होना चाहिए, ताकि समय रहते किसी की जान बचाई जा सके। कार्यशाला में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के डॉ. एहतिशाम ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. एन.एस. भदौरिया, डॉ. फरहान अब्बास, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. हैदर रजा, डॉ. दुर्गा प्रसाद कनौजिया सहित अन्य चिकित्सक व अन्य लोग उपस्थित थे।

## मीता गौतम ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बाराबंकी की फतेहपुर विधानसभा से विधायक रहीं मीता गौतम ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। शनिवार सुबह कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, सहप्रभारी राजेश तिवारी, पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के समक्ष मीता गौतम ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. आर.पी. त्रिपाठी, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी देश भर में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। जिस तरह प्रदेश के कई बड़े नेता उनके कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के प्रति विश्वास जताते हुए संविधान बचाने की लड़ाई में साथ आए यह संकेत है कि देश की जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के साथ है। आज पीएम अपने 10 साल के कार्यकाल के काम गिनाने के बजाए कांग्रेस के घोषणा पत्र की आलोचना कर रहे हैं। पीएम मोदी की आलोचना और बौखलाहट यह बताने को काफी है कि उन्हें अपनी हार साफ नजर आ रही है। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीता गौतम ने कहा कि हम जिस वर्ग से आते हैं उस वर्ग को सबसे बड़ी सुरक्षा संविधान से मिली हुई है। आज संविधान संकट में है और अगर देश में संविधान बचाने की लड़ाई अगर कोई लड़ रहा है तो वह सिर्फ राहुल गांधी हैं। हम राहुल गांधी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए आसन्न लोकसभा चुनाव में बाराबंकी लोकसभा से तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जिताने का प्रयास करेंगे।

## क्रिएटिव आर्ट्स क्लब व एरा वि.वि. द्वारा मतदान हेतु किया जागरूक





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार के निर्देशानुसार एक भाग के रूप में, एरा यूनिवर्सिटी के क्रिएटिव आर्ट्स क्लब ने 4 मई, 2024 को यूनिवर्सिटी बिल्डिंग, एरा यूनिवर्सिटी कैंपस में मतदान का महत्वश् विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के सभी संकायों के छात्रों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभी प्रविष्टियाँ रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक योग्यता और निपुणता के साथ मौके पर ही हस्तनिर्मित और बनाई गई थीं। समारोह में निर्णायकों के रूप में आमंत्रित, डॉ. शलभ सिंह, मुख्य समन्वयक, एलाइड डिप्लोमा और कौनैन आबिदी, सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर, सॉफ्ट स्किल्स विभाग, को विजेताओं को अंतिम रूप देना मुश्किल हो गया क्योंकि अधिकांश छात्रों ने अनुकरणीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिएटिव आर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डॉ. रूपाली मिर्जा ने निर्णायकों और समन्वयकों, अंग्रेजी विभाग से सैयदा सालेहा जाफरी और विशाखा मेहरोत्रा, क्रिएटिव आर्ट्स क्लब के सह-संयोजक डॉ. शाजिया फातिमा और हर्षिका वर्मा को धन्यवाद दिया।

## भाजपा को सिर्फ वादों से नहीं, कर्मों से है पहचान: नीरज सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शनिवार को हजरतगंज स्थित होटल चरन प्लाजा में व्यापारी संवाद के मंच से मुख्य वक्ता नीरज सिंह ने सभा के मध्य आगामी चुनाव को लेकर अपना पक्ष रखा एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए देवतुल्य जनता-जनार्दन से लखनऊ विधानसभा क्षेत्र से राजनाथ सिंह को कमल का बटन दबाकर पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की पहचान है। उन्होंने सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे के साथ जनता का आवाह्न किया। अंत में उन्होंने कहा की आज भारत देश सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं, विदेश से भी जुड़ रहा है और आज भारत सभी विदेशी व्यापारियों का स्वागत भी कर रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान, महिला और वंचित वर्ग को समर्पित है।

## 'चरित्र निर्माण मार्च' एवं 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' 10 मई को

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3000 से अधिक शिक्षक/शिक्षिकाएं आगामी 10 मई, शुक्रवार को विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकाल रहे हैं। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल चरित्र निर्माण मार्च 10 मई को प्रातः 7.00 बजे गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से प्रारम्भ होकर सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम तक जायेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस 'चरित्र निर्माण मार्च' का उद्देश्य भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाना है।

## मजलिसे पंजुम आज

**लखनऊ।** मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास के ससुर स्वर्गीय सईद अहमद रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम रविवार को होगी। मौलाना जाफर अब्बास ने बताया कि ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित मदरसा जामियातुत तब्लीग में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना मिर्जा एजाज अतहर खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस सुबह 10 बजे मदरसे में होगी।

## उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम करें: अविनाश पाण्डेय

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने शनिवार को सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में लोकसभा कोआर्डिनेटर, जिला-शहर कांग्रेस अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्षों, महासचिव, सचिव फ्रण्टल संगठनों के जिला-शहर अध्यक्षों व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों व घटक दलों के नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि हमें आपस में समन्वय बना कर लोकसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम करना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश भर में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। आज जिस तरह देश-प्रदेश के कई बड़े नेता राहुल गांधी के प्रति विश्वास जताते हुए संविधान बचाने की लड़ाई में साथ आ रहे हैं और आम जनमानस भी देश और लोकतंत्र बचाने वाली पार्टी की सरकार देश में स्थापित करने का मन बना चुका है। समन्वय बैठकों में श्री पाण्डेय के साथ राष्ट्रीय सचिव व सहप्रभारी राजेश तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता तमजीद अहमद उपस्थित थे।

## कांग्रेस, बीएसपी ने मुसलमानों की पीठ में छुरा घोपा: दानिश

अवधनामा ब्यूरो



- राजधानी के खदरा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा लखनऊ महानगर द्वारा अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन किया गया

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा लखनऊ महानगर की जानिब से राजधानी लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्र खदरा चुंगी में अल्प संख सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी, अति विशिस्ट अतिथि के रूप में लखनऊ से भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के बेटे नीरजसिंह, राष्ट्रय अल्संख्यक आयोग के पूर्व चैयरमैन घैरुल हसन रिज़वी ,हज कमिटी के चेरमैन मोहसिन रज़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और वक्फ विकास निगम के निदेशक शफ़ाअत हुसैन, शामिल हुए। लखनऊ महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. शादाब आलम, लखनऊ महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के महासचिव मुहम्मद अनीस, अवध क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मुहम्मद नईम, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के सदस्य ज़िरगामुद्दीन खान अमील शमशी ,ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पार्टियां मुसलमानों को चुन्गम की तरह इस्तेमाल करती रही हैं और कभी भी उनकी भलाई के लिए कुछ नहीं किया। दानिश आज़ाद अंसारी ने कांग्रेस पार्टी ,सपा और बसपा पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया और तंज़ किया कि उन्होंने आज भाजपा अल्प संख्यक सम्मिलन में इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों और बहनों को देख कर उनके होश उड़ गए होंगे।

## भारत की स्थायी सदस्यता के लिये डॉ. अम्मार रिज़वी ने यूएनओ महासचिव को लिखा पत्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता एवं प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहे डॉ. अम्मार रिज़वी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपने गृह जनपद सीतापुर आगमन पर हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि उन्होने एक पत्र सयुंक्त राष्ट्र संघ महासचिव को भारत की सुरक्षा संघ में स्थायी सदस्यता के लिये लिखकर जो अनुरोध किया है उसकी एक प्रति आपको सीतापुर आगमन पर समर्पित कर रहे हैं। डा. रिज़वी ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि आप 05 मई, 2024 को सीतापुर आ रहे हैं, आपका बहुत-बहुत स्वागत है। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि जनपद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, लखनऊ और आस-पास के क्षेत्रों के लोग भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याषियों को विजयी बनायेंगें और आप तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने, ऐसा हम सभी का संकल्प है। मैंने एक पत्र Secretary General, United Nations को लिखा है उसकी प्रति इस शुभ अवसर पर आपको समर्पित कर रहे हैं। nited Nations dh Security Council की सदस्यता का सर्वप्रथम अधिकार भारत ही को है। हम भारत के 142 करोड़ लोग आपके द्वारा nited Nations और इसके सदस्यों से निवेदन करना चाहते हैं कि भारत को United Nations की Security Council की स्थायी सदस्यता अविलम्ब दी जाये। संसार को सर्वप्रथम विष्व शान्ती का संदेष आज से 4000 साल पहले वसुधैव कुटुम्बकम् के माध्यम से भारत ने दिया था। आपका तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना आपके लिए नहीं बल्कि भारत की 142 करोड़ जनता के लिए बहुत जरूरी है। संसार में सबसे पहले शान्ती और भाईचारा का संदेश देने वाला भारत, विष्व में एक विशेष स्थान रखता है। आपके पीछे 142 करोड़ लोगों की शक्ति शामिल है। मैं जब आपसे पिछली बार मिला था उस समय निवेदन किया था कि आपका नैमिषारण्य आना बहुत ज़रूरी है। आपने कृपापूर्वक आष्वस्त भी किया था कि समय मिलने पर आप नैमिष पधारेंगें। मेरा आपसे पुनः सादर अनुरोध है कि चुनाव के बाद भारतवर्ष के तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद हमारे संगठन Organization for Nuclear Disarmament, World Peace and Environment (ONDAWPE) की ओर से आयोजित किये जाने वाले विष्व शान्ती सम्मेलन में मुख्य अतिथि की हैसियत से नैमिषारण्य अवष्य पधारें।

## भाजपा के आगे नहीं दिख रहे विपक्षी: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भदोही में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. विनोद बिन्द के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा की एकतरफा लहर चल रही है। विपक्ष कहीं भी लड़ाई में नही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां और विकास कार्य जन-जन तक पहुंचे हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं ने गांव, गरीब, किसान को खुशहाल किया है। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये और भारत को विकसित राष्ट्र के पथ पर आगे बढ़ायें। श्री पाठक ने कहा कि जो जनसैलाब दिख रहा है उससे स्पष्ट है कि भदोही में प्रचंड मतों के साथ भाजपा जीत रही है। श्री पाठक ने कहा मोदी के नेतृत्व में देश की अखंडता के लिए धारा 370 समाप्त हुई।

## भारत-अमेरिका सम्बन्धों को और प्रगाढ करना होगा: डॉ. अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो



- भारत में अमेरिकी दूतावास के राजनैतिक मामलों के प्रथम सेक्रेटरी गैरी ऐपलिगाथ की डॉ0 रिज़वी से मुलाकात

**लखनऊ।** भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रथम सेक्रेटरी गैरी ऐपलिगाथ, जी0 अभिराम के अतिरिक्त अन्य राजनयिकों ने आज उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं कई बार महत्वपूर्ण अन्तरराष्ट्रीय भारतीय प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व कर चुके डॉ0 अम्मार रिज़वी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचारिक भेंट कर भारत-अमेरिका रिश्तों पर बातचीत की। डॉ0 रिज़वी ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण एशिया में भारत जैसे विश्व के दो बड़े लोकतंत्रों को विश्व शान्ति के लिए महत्वपूर्ण रोल निभाना होगा। डॉ0 रिज़वी ने भारत-अमेरिका सम्बन्धो पर बातचीत में कहा कि प्रत्येक वर्ष शिक्षा सत्र में लाखों शिक्षार्थी अमेरिका की विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाते हैं तथा दोनो देशों के मध्य दिपक्षीय व्यापारिक संबंध भी गहरे हैं। भारत सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक एवं प्रभावशाली अमेरिका दौरों और कुशल विदेश नीति के कारण इसमें अभूतपूर्व बढोतरी हुई है तथा अमेरिका-भारत के मध्य वीज़ा औपचारिकताओं को सरल किया गया है जिसका असर दोनो देशो के राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रो पर हुआ है। डॉ0 रिज़वी ने ऐपलिगाथ एवं जी0 अभिराम को बताया कि भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के अभी तक लगभग 14 राजदूतों ने लखनऊ उनके आवास पर पधार कर शिष्टाचारिक भेंट में भारत-अमेरिका सम्बन्धो पर डॉ रिज़वी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में डॉ0 रिज़वी के साथ विदेश मामलो के जानकार लोगो एवं प्रदेश के बुध्दिजीवी वर्ग से बात की है, जिसके बहुत सकारात्मक परिणाम दिखे हैं। डॉ0 रिज़वी से बातचीत एवं उनके सुझावो पर गैरी ऐपलिगाथ, जी0 अभिराम तथा लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रो0 डॉ0 सुलेमान रिज़वी और अन्य महानुभावों ने अत्यन्त हर्ष के साथ अपनी सहमति जतायी।